RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 295
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 18 अगस्त, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फड़णवीस महाराष्ट्र विधान परिषद में सदन के नेता नियुक्त
राष्ट्रीय-9

# भाजपा संसदीय बोर्ड में बड़ा बदलाव


● गडकरी, शिवराज हटाए गए, येदियुरप्पा, इकबाल सिंह लालपुरा समेत छह नए सदस्य

● केंद्रीय चुनाव समिति का भी पुनर्गठन किया गया


भूपेंद्र यादव


सर्बानंद सोनोवाल


बीएस येदियुरप्पा


शिवराज सिंह चौहान


नितिन गडकरी

**दीपक उप्रेती।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने अपनी सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई संसदीय बोर्ड में बुधवार को बड़ा फेरबदल किया है। पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं पार्टी की ओर से सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान को संसदीय बोर्ड से हटा दिया गया है। साथ ही कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रभावी लिंगायत नेता 79 वर्षीय बीएस येदियुरप्पा, पूर्व आईपीएस अधिकारी पंजाब के इकबाल सिंह लालपुरा समेत छह नए सदस्य नव गठित बोर्ड में शामिल किए गए हैं।

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले गडकरी और चौहान का संसदीय बोर्ड से बाहर होना भाजपा में 2014 से लागू पीढ़ीगत परिवर्तन नीति को जारी रखने का संकेत देता है। हालांकि 79 वर्षीय येदियुरप्पा को इसमें शामिल किया जाना निश्चित रूप से इस नीति के उलट फैसला है। हो सकता है कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक जरूरत को ध्यान में रखकर उन्हें लिया गया हो। मालूम हो कि भाजपा ने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे पार्टी के दिग्गज नेताओं को बोर्ड के सदस्य नहीं रहने के बाद समायोजित करने के लिए नई इकाई मार्गदर्शक मंडल का गठन किया है। पिछले दिनों 'कभी-कभी मैं राजनीति छोड़ने के बारे में सोचता हूं' और 'राजनीति अब केवल सत्ता के लिए रह गई है' जैसे गडकरी के बयानों ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी थी। तीन बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश में 2023 में विधानसभा चुनाव का सामना करेंगे। यह पहली बार है जब जेपी नड्डा के नेतृत्व में संसदीय बोर्ड में फेरबदल किया गया है। उन्होंने 2020 में पार्टी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। अपने सर्वोच्च नीति निर्धारक निकाय में भाजपा ने अधिक से अधिक क्षेत्रीय और सामाजिक प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। इसी के तहत पार्टी ने आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यकों का ख्याल रखा है।

असम के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल (आदिवासी), हरियाणा की पूर्व लोकसभा सांसद सुधा यादव (पिछड़ा वर्ग) और मध्य प्रदेश से पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया (एससी) एवं अल्पसंख्यक समुदाय से पंजाब के इकबाल सिंह लालपुरा को संसदीय बोर्ड में जगह दी गई है। लालपुरा को 2021 में दूसरी बार अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। लालपुरा ऐसे अधिकारी रहे हैं जो सिख चरमपंथी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले को गिरफ्तार करने के लिए चुनी गई टीम में शामिल थे। यही नहीं, उन्होंने हाल ही में पंजाब में प्रदर्शन कर रहे किसानों से भाजपा की ओर से बातचीत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पार्टी के शीर्ष निकाय में उनका चयन आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दनेजर आप शासित पंजाब में अपने आधार का विस्तार करने के प्रयासों को इंगित कर रहा है। संसदीय बोर्ड में एक और महत्वपूर्ण सदस्य हैदराबाद के रहने वाले राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण हैं। तेलंगाना भाजपा के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण वर्तमान में पार्टी के पिछड़ा वर्ग के चेयरमैन हैं। उनका चयन भाजपा का तेलंगाना में पैर मजबूत करने के उद्देश्य से हुआ है, जहां दिसंबर 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी प्रकार येदियुरप्पा को भी कर्नाटक में पार्टी को मजबूत और एकजुट करने के लिए तरक्की दी गई है। यहां भी अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। वरिष्ठ नेता अरुण जेटली, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार की मौत होने एवं एम वेंकैया नायडू के उपराष्ट्रपति बनने तथा थावरचंद गहलौत के कर्नाटक के राज्यपाल बनाए जाने से पूर्व के संसदीय बोर्ड में पांच पद खाली हुए थे।

नवगठित संसदीय बोर्ड में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राजनाथ सिंह, अमित शाह, बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, बीएल संतोष (सचिव) समेत कुल 11 सदस्य हैं। भाजपा संविधान के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष के अलावा 10 अन्य संसदीय बोर्ड के सदस्य हो सकते हैं। पार्टी का अध्यक्ष संसदीय बोर्ड का भी अध्यक्ष होता है। अन्य 10 सदस्यों में संसद में पार्टी के नेता को शामिल किया जाना जरूरी है। पार्टी के महासचिवों में से एक को बोर्ड का सचिव मनोनीत किया जाता है।

पार्टी ने चुनावी टिकटों के बंटवारे के लिहाज से सबसे अहम केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) का भी पुनर्गठन किया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव ओम माथुर को इसमें जगह दी गई है। सीईसी में संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों के अलावा आठ अन्य सदस्य होते हैं। चूंकि गडकरी (65) और चौहान (63) संसदीय बोर्ड का सदस्य होने के नाते सीईसी के सदस्य थे, इसलिए पार्टी की इस महत्वपूर्ण इकाई (शेष पेज 4)

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे विकास : योगी


सहारनपुर में बुधवार को मंडलीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** सहारनपुर, शामली, लखनऊ

● कहा, पार्टी नेताओं की बात न सुनने वाले अधिकारियों की सूची मुझे दें

● कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि को कोई दिक्कत आए तो सीएम हेल्पलाइन पर करें शिकायत

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सहारनपुर और शामली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। साथ ही सहारनपुर में निर्माणाधीन मां शाकुम्भरी देवी विवि के विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया और सहारनपुर मंडल की समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर दौरे के दौरान पुलिस लाइन में जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान भाजपा के स्थानीय नेताओं ने इस बात की शिकायत की कि जिले के कुछ अधिकारी सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की बात नहीं सुनते, जिससे गरीब लोगों का काम नहीं हो पाता है। इस पर योगी ने कहा कि अगर यह हो रहा है तो ऐसे अधिकारियों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए और कहा कि हर व्यक्ति का जायज काम बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा। वहीं शामली और मुजफ्फरनगर के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में विकास की गति तेज होगी। इसमें अगर किसी (शेष पेज 4)

## अवकाश सूचना



**जन्माष्टमी** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 18 अगस्त 2022 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 20 अगस्त 2022 को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,260 | ↑ 417 | |
| निफ्टी | 17,944 | ↑ 119 | |
| सोना | 52,340 | ↓ 53 | /10g |
| चांदी | 57,957 | ↓ 256 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायालय को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जांच का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर कार्यवाही करने से बुधवार को रोक दिया। सोरेन पर राज्य के खनन मंत्री के तौर पर खुद को एक खनन पट्टा आवंटित करने का आरोप है। न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस आर भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अलग-अलग याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय पीआईएल पर विचार करने के लिए तैयार हो गई है। पीठ ने कहा, पक्षकारो के वकीलो की दलीले सुनी।

### दलों को चुनावी वादे करने से नहीं रोका जा सकता: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि राजनीतिक दलो और व्यक्तियो को संवैधानिक दायित्वो को पूरा करने के उद्देश्य से चुनावी वादे करने से नही रोका जा सकता तथा फ्रीबीज (मुफ्त सौगात) शब्द और वास्तविक कल्याणकारी योजनाओ के बीच अंतर को समझना होगा। शीर्ष न्यायालय ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उल्लेख करते हुए कहा कि मतदाता मुफ्त सौगात नही चाह रहे, बल्कि वे अवसर मिलने पर गरिमामय तरीके से आय अर्जित करना चाहते है। न्यायालय ने कहा, हम सभी को एक पुरानी कहावत याद रखनी चाहिए कि बिना मेहनत के कुछ नही मिलता। चिंता सरकारी धन को खर्च करने के सही तरीके को लेकर है।

# किसानों को तोहफा, अल्पकालिक कृषि ऋण ब्याज पर 1.5 % की छूट

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को लघु अवधि के कृषि ऋण पर ब्याज सहायता योजना के तहत 34,856 करोड़ रुपए की मंजूरी दी। इससे बैंकों को तीन लाख रुपए तक का अल्पकालीन कृषि ऋण सात प्रतिशत ब्याज पर देने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में वृद्धि से कर्ज लागत बढ़ने के बाद यह कदम उठाया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सभी वित्तीय संस्थानों के लिए अल्पकालीन कृषि कर्ज को लेकर 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता योजना बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत कर्ज देने वाले संस्थानों (सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक, लघु वित्त बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक और कंप्यूटरीकृत प्राथमिक कृषि ऋण समिति) को वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के लिए किसानों को दिए गए तीन लाख रुपए तक के लघु अवधि के कर्ज के एवज में 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता दी जाएगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ब्याज सहायता के तहत 2022-23 से 2024-25 की अवधि के लिए 34,856 करोड़ के अतिरिक्त बजटीय प्रावधान की आवश्यकता है।

ठाकुर ने कहा कि सरकार का बैंकों को ब्याज सहायता के रूप में समर्थन मई, 2020 में बंद हो गया था। इसका कारण यह था कि कम ब्याज दर होने से बैंक स्वयं सात प्रतिशत ब्याज पर कृषि कर्ज देने में सक्षम थे। हालांकि, आरबीआई के नीतिगत दर (रेपो) में तीन बार में 1.40 प्रतिशत (शेष पेज 4)

# पीएम2.5 में बढ़ोतरी वाले 50 शहरों में से 41 भारत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पिछले साल दिल्ली में प्रति एक लाख आबादी पर 106 लोगों की मौत इसी प्रदूषक के कारण हुई

**भारत** के 20 में से 18 शहरों में वर्ष 2010 से 2019 के दौरान घातक सूक्ष्म कण प्रदूषकों या पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5) में सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में पीएम2.5 में बढ़ोतरी वाले 50 शहरों में से 41 भारत में हैं। जबकि दुनिया के सर्वाधिक आबादी वाले शहरों में दिल्ली का पीएम 2.5 उच्चतम औसत स्तर है। अमेरिका स्थित शोध संगठन हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (एचईआई) द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल दिल्ली और कोलकाता में प्रति एक लाख आबादी पर क्रमश: 106 और 99 लोगों की मौत घातक प्रदूषक के कारण हुई है। रिपोर्ट का विश्लेषण करने वालों ने वर्ष 2010 से 2019 के बीच दुनिया भर के 7000 से अधिक शहरों से लिए आंकड़ों के उपयोग में दो सबसे हानिकारक प्रदूषकों फाइन पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) पर अपना ध्यान केंद्रित किया। पीएम 2.5 उन सूक्ष्म कणों (2.5 माइक्रोन या उससे कम व्यास वाले) को संदर्भित करता है जो मानव शरीर में प्रवेश करत है और फेफड़ों और सांस नली में सूजन का कारण बना है। इससे मनुष्य में कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली सहित हृदय और सांस संबंधी समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया कि भारत और इंडोनेशिया में पीएम2.5 प्रदूषण में सबसे अधिक बढ़ोतरी देखी गई है, वहीं चीन में सबसे बड़ा सुधार देखा गया है। विश्लेषण कर्ता के अनुसार दुनिया भर में पीएम2.5 में बढ़ोतरी वाले 50 शहरों में से 41 भारत में हैं और 9 इंडोनेशिया में हैं। दूसरी ओर, 2010 से 2019 के बीच पीएम2.5 प्रदूषण में सबसे ज्यादा कमी वाले 20 शहरों में सभी शहर चीन में स्थित हैं। एचईआई और इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन के ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज प्रोजेक्ट के संयोजन में स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर इनिशिएटिव द्वारा एयर क्वालिटी एंड हेल्थ इन सिटीज (शहरों में वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य) पर एक रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में, दिल्ली में 110 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता (कंसनट्रेशन) दर्ज किया गया जो विश्व के सर्वाधिक आबादी वाले शहरों में सबसे अधिक है, इसके बाद कोलकाता (84 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) है। बुधवार को जारी 7,000 से अधिक शहरों के वायु प्रदूषण और वैश्विक स्वास्थ्य प्रभावों के व्यापक और विस्तृत विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले शहरों में दिल्ली में पीएम 2.5 का उच्चतम औसत स्तर है।

# सीएम कल मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में होंगे शामिल

● प्रदेश में जन्माष्टमी पर 19 अगस्त को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जन्माष्टमी** के पर्व को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने यूपी में जन्माष्टमी पर होने वाली सरकारी छुट्टी की तारीख बदल दी है। सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने इसे 18 की जगह 19 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी 19 को मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।

अयोध्या के दीपोत्सव की तर्ज पर इस बार मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन भव्यता के साथ मनाएं जाने की तैयारी है। जिसके तहत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर समूचे मथुरा शहर को सजाया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर, इस्कॉन मंदिर से लेकर बांके बिहारी मंदिर तक को सजाया संवारा जा रहा है। तो वहीं सीएम के आगमन के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के मथुरा पहुंचने की आशंका के चलते प्रशासन ने रूट डायवर्जन किया है। इस दौरान कुछ जगहों से वाहनों की नो एंट्री होगी वहीं कुछ जगहों से रूट डायवर्ट होंगे। मथुरा और वृंदावन शहर में चौपहिया वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी पुलिस ने की है।

मथुरा में मुख्यमंत्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में कन्हैया का दर्शन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री वृंदावन में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करने के साथ साधु संतों से मुलाक़ात करेंगे। मुख्यमंत्री के मथुरा आगमन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को लेकर मथुरा में जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान कंस के कारागार के रूप में नजर आएगा, मंदिर परिसर स्थित गर्भगृह को कारगार का (शेष पेज 4)

# नीतीश कुमार को अपने नए कानून मंत्री पर आपराधिक केस की जानकारी नहीं

**भाषा।** पटना, नई दिल्ली

**बिहार** में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के विस्तार के एक दिन बाद बुधवार को विधि मंत्री बनाए गए राजद नेता कार्तिक सिंह के खिलाफ वारंट लंबित होने की खबरों को लेकर राज्य में विवाद छिड़ गया है। सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लंबित होने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने बिहार की नवगठित मंत्रिपरिषद में कार्तिक सिंह को शामिल किए जाने को लेकर बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि एक अभियुक्त को कानून मंत्री बनाकर उन्होंने संविधान का गला घोंटने की कोशिश की है। मोदी ने सिलसिलेवार किए गए ट्वीट में कहा कि जिस (शेष पेज 4)

# मनी लांड्रिंग केस में ईडी ने जैकलीन को आरोपी बनाया

● सुकेश चंद्रशेखर व अन्य से जुड़े करोडों रुपये के धनशोधन मामले में दाखिल किया आरोप पत्र

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और अन्य से जुड़े करोड़ों रुपए के धनशोधन मामले में बुधवार को दाखिल आरोपपत्र में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को बतौर आरोपी नामजद किया है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी।

सूत्रों के अनुसार, संघीय जांच एजेंसी द्वारा दिल्ली में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में बुधवार को इस मामले में एक पूरक आरोप-पत्र या अभियोजन की शिकायत दाखिल की गई और इसमें अभिनेत्री को आरोपी बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि हालिया आरोपपत्र में केवल फर्नांडीज का नाम शामिल किया गया है। अदालत 31 अगस्त को आरोपपत्र का संज्ञान लेगी। इस (शेष पेज 4)

# रेलवे फिर होगा फेरीवालों से गुलजार

● ट्रेन, स्टेशनों पर सामान बेचने की अनुमति मिली, यात्री उठा सकेंगे क्षेत्रीय व्यजनों का आनंद

**भाषा।** नई दिल्ली


प्रतीकात्मक चित्र

**रेल** यात्रा के दौरान फेरीवालों से स्थानीय सामान खरीदने और क्षेत्रीय व्यंजनों का लुत्फ उठाने की पुरानी यादों को ताजा करते हुए स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देने के अपने प्रयास के तहत भारतीय रेलवे अब फेरीवालों को ट्रेन में अपना माल बेचने की अनुमति देगा। रेलवे उन्हें स्टेशन और ट्रेन में अपना माल बेचने के लिए सजावटी गाड़ियां और गुमटियां भी उपलब्ध कराएगा।

इस साल केंद्रीय बजट में घोषित एक स्टेशन एक उत्पाद नीति के तहत रेलवे का लक्ष्य प्रत्येक स्टेशन पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। पहले फेरीवाले रेलवे स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार होकर स्थानीय उत्पाद बेचते थे, जिनमें ज्यादातर खाने-पीने का सामान होता था। हालांकि, वे पंजीकृत नहीं थे और सुरक्षा और स्वच्छता दोनों चिंताएं जुड़ी हुई थी। रेलवे ने उन्हें हटाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान भी चलाया जिससे उनका ट्रेन में चढ़ना और यहां तक कि स्टेशन पर भी घूमना मुश्किल हो गया था। हालांकि, अब पेश की जाने वाली चीज़ों में खाद्य उत्पादों से लेकर हस्तशिल्प और घरेलू सामान से लेकर सजावटी सामान तक होंगे और उन्हें रेलवे की अनुमति से बेचा जाएगा। वर्तमान में, केवल आईआरसीटीसी-अनुमोदित विक्रेताओं को ही स्टेशन और ट्रेन में सामान बेचने की अनुमति है।

स्टेशन पर स्थानीय सामान बेचने वाले फेरीवालों को अब ट्रेन में चढ़ने और यात्रियों को अपना सामान देने के लिए अगले स्टेशन तक यात्रा करने की भी अनुमति होगी। एक अधिकारी ने कहा, प्रत्एक विक्रेता को 1,500 रुपए का शुल्क देना होगा। हालांकि, वह केवल 15 दिन के लिए अपना माल बेच सकेंगे। उसके बाद वह स्थान दूसरे फेरीवाले को दे दिया जाएगा।

### बच्चों के लिए टिकट बुकिंग के नियमों कोई परिवर्तन नहीं: रेलवे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने बुधवार को स्पष्ट किया कि ट्रेन से यात्रा करने वाले बच्चों के लिए टिकट बुकिंग के नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कुछ खबरों में दावा किया गया था कि एक से चार साल तक के बच्चों से अब वयस्क किराया वसूला जाएगा जिसके बाद रेलवे ने इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। रेल मंत्रालय के छह मार्च, 2020 के एक जारी सर्कुलर में कहा गया है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चे मुफ्त में यात्रा करेंगे। हालांकि, (शेष पेज 4)

## चार आईएएस सहित 6 पीसीएस का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने बुधवार को प्रशासनिक फेरबदल किया है। बुधवार को शासन ने चार आईएएस और 6 पीसीएस का तबादला किया है। माना जा रहा है कि अभी कुछ और अफसरों के तबादले होंगे। दरअसल सीएम योगी विभागों की खुद ही समीक्षा कर रहे हैं और अफसरों के कार्यों पर नजर रख रहे हैं। खुर्जा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष निशा को प्रतीक्षारत में डाल दिया गया है। उनकी जगह पर डीएम चंद्रप्रकाश सिंह को वीसी बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त चार्ज मिला है। सरोज कुमार को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया है।

ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को विशेष सचिव सामान्य प्रशासन विभाग का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा 6 पीसीएस अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। विपिन कुमार मिश्रा को एडीएम प्रशासन लखनऊ, हिमांशु कुमार गुप्ता को एडीएम वित्त एवं राजस्व लखनऊ, राकेश सिंह को एडीएम ट्रांस गोमती लखनऊ, राकेश कुमार पटेल को मुख्य राजस्व अधिकारी प्रतापगढ़, विवेक चतुर्वेदी को एडीएम नगर अलीगढ़, अनिरुद्ध प्रताप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर के पद पर तैनात किया गया है।

# पर्यटकों के लिए विकसित की जाएंगी सुविधाएं: मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि मंत्रिपरिषद द्वारा ईको-पर्यटन विकास बोर्ड का गठन और विनियम को मंजूरी दे दी गई है। बोर्ड द्वारा वन क्षेत्र में बफर जोन के बाहर पर्यटकों के लिए तमाम सुविधाएं विकसित की जाएगी, ताकि प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने हर जनपदों में फुटफाल को बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी सरकारी दफ्तरों, स्कूल और कॉलेज में प्रिकॉशन डोज लगाने के अभियान में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से सर्किल रेट में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसे रिव्यू करने की जरूरत है। इससे पूर्व, सहारनपुर मंडलायुक्त ने एटीएफ (एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी) सेंटर के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के किनारे के गांव स्मैक प्रभावित हैं, जहां किशोर और नौजवान स्मैक से नशे की गिरफ्त में हैं। इसी कारण से एटीएफ सेंटर स्थापित किया गया है। एटीएफ सेंटर में एक चिकित्साधिकारी, एक डाटा मैनेजर, एक काउंसलर और एक उपचारिका की तैनाती की गई है। सेंटर में नशे की गिरफ्त में आए लोगों का गुणवत्तापूर्ण उपचार किया जा रहा है। अब तक 28 लोग पूरी तरह से स्वास्थ हो चुके हैं। यमुना एवं बेतवा नदी के संगम पर स्थित बुंदेलखंड के प्रवेश द्वारा हमीरपुर नगर में तटबंधों के निर्माण के बारे में डीएम हमीरपुर ने प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि हमीरपुर में 6 तटबंधों का सुंदरीकरण कार्य कराया जा चुका है। तटबंधों पर इंटरलॉकिंग तथा तटबंधों के किनारे स्थित लोगों के घरों के पास वृक्षारोपण का कार्य कराया गया है। इसके साथ ही सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। वहीं तटबंध पर फास्ट फूड काउन्टर्स खोलने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है।

## मैन्यूअल में हुए बदलाव सभी जेलों में होंगे लागू: धर्मवीर प्रजापति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कारागार** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने निर्देश दिए हैं कि जेल मैन्यूअल में किए गए बदलावों को सभी जेल अधीक्षक व जेलर अपनी-अपनी जेलों में लागू करें एवं रक्षाबंधन व अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन को और बेहतर तरीके से सम्पन्न कराएं। प्रजापति बुधवार को कारागार मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जेल अधीक्षकों से संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार एवं आजादी का अमृत महोत्सव भव्य तरीके से सभी जेलों में मनाया गया, इसके लिए सभी को बधाई देता हूॅ। रक्षाबंधन पर 70 हजार से अधिक बहनों ने राखी बांधी। यह प्रशंसनीय है। प्रजापति ने सभी जेल अधीक्षकों को निर्देश दिए कि कृष्ण जन्माष्टमी को बेहतर तरीके से एवं शान्तिपूर्वक ढंग से मनाएं। जेल में ही भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था इसलिए यह त्योहार जेल विभाग के लिए बहुत खास है। जेलों में निरूद्ध कैदियों जिनकी जमानत हो चुकी है परन्तु अर्थदण्ड न भर पाने के कारण जेलों में रहने को बाध्य हैं, इसके लिए एनजीओ के माध्यम से उनको मदद करने का प्रयास करें।


## होमगार्ड राज्यमंत्री ने आश्रित को प्रदान किया बीमा पालिसी का चेक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के होमगार्ड्स एवं कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने बुधवार को होमगार्ड्स मुख्यालय में स्व. सुरेन्द्र प्रकाश मिश्र होमगार्ड्स स्वयं सेवक की आश्रित उनकी माता शोभा मिश्रा को एचडीएफडी बैंक की पालिसीनुसार 30 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के द्वारा कोटक महिन्द्रा एवं ऐक्सिस बैंक में स्वेच्छा से खाते खोल गए हैं। जिनका खाता चालू होते ही बैंक पालिसी के अंतर्गत 30 लाख की धनराशि से होमगार्ड्स स्वयंसेवक के आश्रित बीमित-आच्छादित हो जाते हैं।

## जारी बजट न खर्च कर पाने पर कृषि मंत्री ने जताई नाराजगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गयी। कृषि भवन के सभाकक्ष में समीक्षा के दौरान कृषि राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी कृषि निदेशक एवं समस्त योजनाधिकारी उपस्थित रहे। कृषि मंत्री ने विभाग की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने पर उपलब्ध धनराशि के अभी तक 53 प्रतिशत व्यय होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। शासन द्वारा 2500 करोड़ रुपए की जारी स्वीकृति के सापेक्ष विभाग द्वारा मात्र 1350 करोड़ रुपए ही व्यय किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने धनराशि व्यय में आड़े आ रही समस्याओं के क्रम में बताया कि अब केन्द्रीय योजनाओं में व्यय पीएफएमएस के माध्यम से होना है। जो नई व्यवस्था है। साथ ही डीबीटी पोर्टल में भी कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण व्यय की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। पीएफएमएस पोर्टल संचालन की गति बढाते हुए तथा डीबीटी पोर्टल की समस्याओं को दूर करते हुए व्यय प्रगति में तेजी लायी जायेगी। कृषि मंत्री द्वारा कहा गया कि वर्ष 2023 मिलेट वर्ष है, इसलिए कदन्न फसलों को बढावा देने के लिए हमें अभी से ही रणनीति बनाकर कार्यवाही करनी होगी।

### एक्सप्रेसवे के किनारे उद्यमियों को अफोर्डेबल रेट पर दी जाएगी भूमि: नन्दी

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पर्यटन भवन में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे बाराबंकी, जौनपुर, गाजीपुर में, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे बांदा और जालौन में व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गोरखपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलप किए जाने योजना है। तीनों एक्सप्रेसवे के किनारे करीब 450 हेक्टेयर भूमि है जहां इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलप किया जाएगा। आधी भूमि पर वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक डेवलप किया जायेगा तो आधी जमीन पर इंडस्ट्री को जगह दी जाएगी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को डेवलप करने और निवेशकों को इंडस्ट्री लगाने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

## छोटी सी छोटी घटना पर लें त्वरित रिस्पांस: डीजीपी

● **जन्माष्टमी पर विशेष सतर्कता बरतने के पुलिस को निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जन्माष्टमी** के मौके पर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खासतौर से मथुरा में बड़े पैमाने पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। डीजीपी डीएस चौहान ने सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज व पुलिस कप्तानों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। डीजीपी ने सादे वस्त्रों में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीमों को लगाने के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने निर्देशित किया है कि समस्त पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर दिए गए निर्देशों का प्रभावी अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जाए तथा सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे. फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक, आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी खंडन किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पिकेट, मोबाइल पेट्रोलिंग व पैदल गश्त की प्रभावी व्यवस्था की जाए।

समस्त आयोजनों, कार्यक्रमों में योजनाबद्ध रूप से सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्ध किया जाए तथा सादे वस्त्रों में भी पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। डीजीपी ने कहा है कि छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए समुचित एवं त्वरित रिस्पांस किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी पुलिस प्रबन्ध के साथ सर्तक दृष्टि रखी जाए तथा इन क्षेत्रों में एंटी सेबोटाज चेक, एक्सेस कन्ट्रोल तथा क्यूआरटी का व्यवस्थापन किया जाए।



राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से बुधवार को कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके शिष्टाचार भेंट करते हुए

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा एमिटी बिजनेस स्कूल बीबीए की डिग्री पंजीकरण नं0 7006409047 कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें उत्कर्ष मिश्रा S/o सुधांशु मिश्रा D-104 मोहन एनक्लेव चिनहट लखनऊ 94150 89800

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SHAMINA MOGIS था जो अब बदलकर SHAHINA MUGISH हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SHAHINA MUGISH, W/o- Salim Khan L2/15, Ganga Nagar Colony, Varanasi.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MUZAMMIL ANIS था जो अब बदलकर MUZAMMIL KHAN हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MUZAMMIL KHAN S/o ANISH AHMAD 14/12, Baidan Tola, Allahabad.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAHUL KR YADAV था जो अब बदलकर RAHUL KUMAR YADAV हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। RAHUL KUMAR YADAV S/o Radheyshyam Yadav 66, NH 29, Kusahi Hathaura Rampur, Ghazipur.

**सूचना**

मैं सीताराम निवासी ग्राम बीबीपुर, थाना व पोस्ट बन्थरा, जिला लखनऊ सूचित करता हूं कि मैंने अपने पुत्र नारेन्द्र कुमार को उसके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन व कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं सर्वस्व पुत्र बिन्देश्वरी प्रसाद, मेरी माता का नाम पूर्णिमा सिंह है। जबकि मेरे अभिलेखों व आधार कार्ड में सरनेम सिंह अंकित नहीं है। मुझे भविष्य में सरनेम की आवश्यकता पड़ सकती है इसलिए सरनेम सिंह को अंकित कराना चाहता हूँ। अब मेरा पूरा नाम सर्वस्व सिंह पढ़ा जाये व जाना व माना जाये। सर्वस्व पुत्र बिन्देश्वरी प्रसाद, पता :- मोहल्ला नघेटा रोड तहसील व जिला-हरदोई।

## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**स्वतंत्रता** की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम का समापन बुधवार को अटल बिहारी बाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर केजीएमयू में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने विद्यालय के बच्चों द्वारा की गई प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गतिविधियां बच्चों के विकास के लिये अत्यधिक प्रभावी हैं तथा नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिये।

उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चे अगले 25 साल बाद जब भारत वर्ष की आजादी के 100 वर्ष हो जायेंगे तो नये भारत का नव निर्माण करेंगे। हमारा दायित्व है कि एक-एक बच्चे से आत्मीय लगाव रखें, स्कूल में नियमित रूप से एक्ट्रा एक्टीविटीज हों तथा नवीन शिक्षा पद्धतियों को अपनाते हुये बच्चों का सम्पूर्ण विकास किया जाये। उन्होंने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बच्चों के इमोशन, आचरण, व्यवहार को हम जिधर मोड़ेंगे, बच्चे उसी तरह का आचरण अपनायेंगे और यही बच्चे आने वाले कल में अधिकारी/विभिन्न उच्च पदों पर जायेंगे और देश की सेवा करेंगे।

## भाजपा राज में पूंजीपति मालामाल, जनता कंगाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि महंगाई है। इसका ग्राफहर वर्ष ऊंचा ही होता रहा है। भाजपा की कुनीतियों के चलते भाजपा के पूंजीपति मित्र तो मालामाल होते जा रहे हैं जबकि जनता कंगाल होती जा रही है। भाजपा समाज के हर वर्ग का उत्पीड़न करने से ही नहीं रूकी, उसने तय कर लिया है कि अब वह बच्चों को भी नहीं छोड़ेगी।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, रसोई गैस आदि के दाम आसमान छू रहे हैं। आटा, दाल, चावल, सब्जी, तेल, दूध, दही पर भी जीएसटी लगा दी जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। चावल में 10 से लेकर 20 रूपये, अरहर दाल में 15 रूपए, जीरा में 25 रूपये और लाल मिर्च में 40 रूपए तक की बढ़ोत्तरी हो गई है। पराग, अमूल, मदर डेयरी समेत सभी दूध कम्पनियों ने दूध के दामों में वृद्धि कर दी है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की क्रूर नीतियों की हद तो यह है कि बच्चों के मुंह से दूध छीनने के अलावा अब एक साल के बच्चे पर फुल रेल टिकट लगाने जा रही है। अभी तक रेलवे पांच से ग्यारह वर्ष तक के बच्चों से पूरा किराया लेने पर कन्फर्म टिकट देता था। अब रेलवे ने एक वर्ष के बच्चे के लिए भी किराये के भुगतान की शर्त कन्फर्म टिकट पर लगा दी है। भाजपा के कुशासन में महंगाई, भ्रष्टाचार खूब फलफूल रहा हैं। जनसामान्य की कहीं सुनवाई नहीं। हर तरफ लूट मची हुई है। लोगों में निराशा के साथ आक्रोश भी पनप रहा है। जनता अब भाजपा का फुल टिकट काटने का मन बना चुकी है।

### कांस्य पदक विजेता विजय कुमार ने की मुलाकात

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को बर्मिंघम में हुए 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक विजेता विजय कुमार यादव ने भेंट की। यादव को यह पदक जूडो के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला है। उनके साथ उनके कोच शैलेश यादव भी थे। अखिलेश यादव ने विजय कुमार यादव और उनके कोच शैलेश यादव को उनकी जीत पर बधाई दी और सम्मानित किया।

## गन्ना मंत्री ने किया चीनी के रिटेल काउन्टर का शुभारम्भ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चीनी** उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों को लगभग 1.8 करोड़ मूल्य का गन्ना भुगतान किया गया है। प्रदेश में 3 निगम व 24 सहकारी कुल 27 चीनी मिलें हैं। जिनमें 66 हजार टन गन्ना पेराई की जाती है। सहकारी चीनी मिल में चीनी की क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पहले से थोक में और अब रिटेल में भी उपलब्ध करायी जा रही है।

चीनी एवं गन्ना मंत्री चौधरी ने यह बात बुधवार को गन्ना संस्थान परिसर में चीनी के रिटेल काउन्टर की स्थापना के उदधाटन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम तथा उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ की 27 चीनी मिलों में उत्तम गुणवत्ता की सल्फरलेस चीनी तथा सफेद प्लांटेशन शुगर का उत्पादन किया जाता है। इन मिलों में प्रति वर्ष लगभग 95 लाख कुं. चीनी का उत्पादन होता है। चौधरी ने कहा कि गन्ना विभाग ने उन्नतशील बीजों की शोध करके पैदावार बढ़ाने का काम किया, इसके साथ ही गन्ने में रोग न लगे इस पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उत्तर प्रदेश में किसान पारंपरिक खेती करते हैं जिसमें गन्ने की खेती लाभप्रद है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बंद शुगर मिलों को चलाने का काम किया है और उनकी क्षमता भी बढ़ाई है। नई फैक्ट्री के रूप में निजामाबाद गजरौला और छाता में बंद चीनी मिल को चलाने के लिए कार्य प्रगति पर है इसके साथ ही अलीगढ़ के साथ फैक्ट्री की मरम्मत करके अच्छी पेराई पर ले जाने का काम भी किया जा रहा है।

## ग्रामीण पर्यटन को लोकप्रिय बनाने के लिए गांव में बुनियादी सुविधाएं होंगी उपलब्ध: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि अगले वर्ष 2023 में जारी होने वाली पर्यटन नीति में वर्ष 2018 में घोषित पर्यटन नीति की व्यवहारिक खामियों को दूर करते हुए इसे पर्यटन की दृष्टि से और आकर्षक बनाया जायेगा। इसके साथ ही होटल एवं सेवा सेक्टर, इन्डस्ट्री की लाइसेन्सिंग प्रक्रिया के संबंध में आ रही दिक्कतों को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि होटल, रेस्टोरेन्ट, ट्रेवल तथा सेवाक्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा दिये गये सुझावों को शामिल करते हुए नई पर्यटन नीति के माध्यम से प्रदेश को अगले 5 वर्षों में पर्यटन की दृष्टि से सबसे मनपसंद स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। पर्यटन मंत्री सिंह ने यह बात बुधवार को एक होटल में पीएचडीसीसीआई यूपी चैप्टर द्वारा यूपी के विकास में पर्यटन एवं सेव, उद्योग की भूमिका विषय पर आयोजित एक दिवसीय कान्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कही।

कान्क्लेव में होटल एवं हास्पिटलिटी, इण्डस्ट्री तथा ट्रेवल के क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधिगण शामिल थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन सेक्टर में रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से संबंधित अपार संभावनायें हैं। इनका दोहन करने के लिए यूपी सरकार पर्यटन के क्षेत्र पर विशेष फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग का जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान है। इसको दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने इसे अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने कान्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं। विभिन्न देशों के राजदूतों से भी संपर्क करके प्रदेश में पर्यटकों को आने के लिए संपर्क किया जा रहा है।

## एटीएस जैश के तीनों आतंकियों से रिमांड पर करेगी पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में जैश-ए-मुहम्मद से जुड़े आतंकी मोहम्मद नदीम व उसके साथी हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला की गिरफ्तारी के बाद एटीएस ने कार्रवाई तेज कर दी है। सहारनपुर से गिरफ्तार मोहम्मद नदीम, कानपुर से गिरफ्तार हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्लाह और आजमगढ़ से गिरफ्तार सबाउद्दीन उर्फ सबाउद्दीन आजमी उर्फ सबाऊ उर्फ दिलावर उर्फ बैरम खां उर्फ आज़ार को बुधवार को एटीएस ने रिमांड पर ले लिया है। इन तीनों से एटीएस महाराष्ट्र, झारखंड, कश्मीर के लोगों से संबंधों पर पूछताछ करेगी। इन राज्यों में दोनों आरोपियों की निशानदेही पर यूपी एटीएस छापेमारी भी कर सकती है। पूछताछ के लिए एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने बीते मंगलवार एटीएस की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई करते हुए कस्टडी रिमांड स्वीकृति की थी। संदिग्ध आतंकी नदीम और हबीबुल उर्फ सैफुल्ला को 12 दिन और सबाउद्दीन को 10 दिन की कस्टडी रिमांड बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू हुई। स्वतंत्रता दिवस से पहले उत्तर प्रदेश को दहलाने की साजिश को आतंकवाद निरोधक दस्ता ने नाकाम करते हुए तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। 12 अगस्त को नदीम को सहारनपुर से 14 अगस्त को सैफुल्ला को फतेहपुर से गिरफ्तार किया था। वहीं 9 अगस्त को आजमगढ़ से सबाउद्दीन की गिरफ्तारी हुई थी।

सूत्रों की माने तो यूपी एटीएस की जांच में यह पता चला था कि नदीम और हबीबुल दोनों पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी हैंडलरों के सम्पर्क में थे। दोनों बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सबाउद्दीन आंतकी संगठन आईएसआईएस के से सीधे सम्पर्क में था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जालिमनगर, वि0ख0 रेउसा-सीतापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वि0ख0 रेउसा की ग्राम पंचायत जालिमनगर में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबन्द निविदाएं दिनांक 19.08.2022 से 26.08.2022 की अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन 3 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य |
|---|---|---|
| (1) ग्राम पंचायत जालिमनगर में अमृत महोत्सव वाटिका का निर्माण कार्य। | 2,12,593/- | 200/- |

प्रधान सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहाला, वि0ख0 रेउसा-सीतापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वि0ख0 रेउसा की ग्राम पंचायत मोहाला में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबन्द निविदाएं दिनांक 19.08.2022 से 26.08.2022 की अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन 3 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य |
|---|---|---|
| (1) ग्राम पंचायत मोहाला में बुद्ध बिहार प्रांगण में पंचवटी वाटिका निर्माण कार्य। | 2,79,788/- | 200/- |

प्रधान सचिव

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# ठग गिरोह के सरगना सहित चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** डाक विभाग में ब्रांच पोस्ट मास्टर और सहायक ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया। एसटीएफ ने गिरोह के सरगना सहित चार जालसाजों को मिर्जापुर से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक हुंडई क्रेटा कार, एक मारुति अल्टो कार, 23 कूटरचित शैक्षणिक अंक प्रमाण पत्र बरामद हुए।एसटीएफ मुख्यालय के मुताबिक मिर्जापुर में मौजूद टीम को सूचना मिली कि पोस्ट आफिस में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के सदस्य प्रधान डाकघर के पास आने वाले हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने वहां पहुंचकर उमेश कुमार निवासी इश्हाकपुर पथरॉ, थाना करारी, कौशाम्बी (सरगना), सत्यम सिंह निवासी शाहपुर टिकरी, थाना करारी, जनपद कौशाम्बी, दीपचन्द शर्मा निवासी बरियॉवा खन्दौरा, थाना चरवॉ, जनपद कौशाम्बी और भवर सिंह निवासी तियर जमालपुर, थाना करारी, जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों से पूछताछ एवं अभिसूचना संकलन से पाया गया गया कि इनका एक संगठित अन्तर्राज्यीय गिरोह है।



वर्तमान में ब्रान्च पोस्ट मास्टर एवं असीस्टेंट ब्रान्च पोस्ट मास्टर के पदों पर हाईस्कूल के अंकों के मेरिट के आधार पर भर्ती किए जाने के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगा गया था। उक्त भर्ती की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। उक्त पदों पर भर्ती के लिए इस गैंग के सदस्यों द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अपने नेटवर्क के माध्यम से अभ्यर्थियों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें आश्वस्त किया गया कि आन्ध्र प्रदेश ओपेन स्कूल सोसाइटी व बोर्ड ऑफ सेकण्डरी एजूकेशन आन्ध्र प्रदेश से हाईस्कूल का कूटरचित अधिकतम प्राप्तांक का अंकपत्र बनाकर उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिससे कि उक्त भर्ती की मेरिट में आप लोगों का नाम चयनित हो जायेगा और भारतीय डाक विभाग द्वारा शैक्षणिक अंकपत्र का सत्यापन आन्ध्र प्रदेश बोर्ड से कराए जाने पर उनकी वेबसाइट पर सम्बधित अभ्यर्थी का नाम व अंकपत्र का विवरण दिखायी देगा। इसके लिए इस गैंग के सदस्यों द्वारा प्रति अभ्यर्थी एक लाख रुपए लिए गए थे। अभ्यर्थियों से पैसा लेने के उपरान्त गैंग के सदस्यों द्वारा सम्बन्धित अभ्यर्थियों को स्वयं द्वारा बनाये गए फेक वेबसाइड का लिंक भेज कर बताया गया कि आप लोग अपने-अपने अंकपत्र उक्त वेबसाइट पर देख लिजिए। यह वेबसाइट आन्ध्र प्रदेश के एजूकेशन बोर्ड की है। अब किसी को यह नहीं पता चल पाएगा कि यह फर्जी प्रमाण पत्र है। गैंग के फरार सदस्य विवेक सिंह उर्फ सोनू व भूपेन्द्र सिंह द्वारा आन्ध्र प्रदेश के एजूकेशन बोर्ड की तरह दिखने वाली फर्जी वेबसाइट तैयार की गई थी। इस प्रकार गैंग द्वारा सैकड़ो अभ्यर्थियों के साथ ठगी की गयी है। गैंग द्वारा उपलब्ध कराए गए कूटरचित सैकड़ों अंकपत्रों को प्रदेश के विभिन्न जनपदों के रहने वाले अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन प्रेषित किया गया है तथा उक्त अंकपत्रों की मूल प्रति को डाक विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के लिए जमा करा लिया गया है।

## 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा फॉर्म भरने की डेट बढ़ी

**लखनऊ।** माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की अपील पर यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2023 के लिए पंजीकरण फॉर्म भरने की डेट को आगे बढ़ा दिया है। पहले 10 अगस्त के बाद प्रति छात्र 100 रुपए लेट फीस के साथ परीक्षा फीस चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त थी अब बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया गया है। इसी के साथ विल ब फीस और छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरणों की सूचना वेबसाइट पर अब 30 अगस्त तक अपलोड करना होगा।वेबसाइट पर अपलोड छात्र-छात्राओं की चेक लिस्ट प्राप्त कर प्रधानाचार्य 31 अगस्त से सात सितंबर तक उसके विवरणों, नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय व फोटो आदि को चेक करेंगे। आवेदन पत्रों की जांच में कोई संशोधन है तो प्रधानाचार्य आठ से 18 सितंबर तक कर सकेंगे। इस दौरान किसी नए छात्र का विवरण अपलोड नहीं होगा। उसके बाद प्रधानाचार्य छात्र-छात्राओं की फोटोयुक्त नामावली एवं कोषपत्र की प्रति बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 30 सितंबर तक जमा करेंगे।

## ड्यूटी से लौट रहे युवक से मारपीट, मोबाइल और रुपए छीने

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के डेन्टल कालेज रायबरेली रोड पर ड्यूटी से घर लौट रहे युवक को एक दर्जन लोगों ने पकड़ कर मारपीट की। इसके बाद बाइक पर बैठा कर मिलेनियम पार्क ले गए वहां भी जमकर पीटा। युवक के बेहोश हो जाने पर जेब में रखे रुपए और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पहुंचकर एक ज्ञात अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।जाबिर खान पिता का नाम उबैद खान थाना पारा लखनऊ में रहते है। जाबिर पीजीआई कोतवाली इलाके के एक सेंटर में काम करते हैं। जाबिर खान ने बताया कि बीते 8 माह पूर्व शैलेन्द्र सेन नामक युवक को 15 हजार रुपए उधार दिया था। वापस मांगने पर अभद्रता कर रहा था। पैसे मांगने पर शैलेन्द्र सेन जान से मारने की धमकी और गाली गलौज करता था पीड़ित का कहना था कि लगभग एक सप्ताह पूर्व शैलेन्द सेन द्वारा प्रार्थी को पैसे मांगने जान से मारने की धमकी दी थी। मंगलवार शाम को पहले से घात लगभग एक दर्जन लोगो ने ड्यूटी से वापस घर जाते समय लगभग सायं 6 बजे, डेन्टल कालेज रायबरेली रोड से जबरन मोटरसाइकिल पर बैठा कर मिलेनियम पार्क की तरफ ले गये और सुनसान जगह पर उतार कर जमकर पिटाई की जिससे प्रार्थी के सर पर गहरी चोट आई।







# युवक को खंभे से बांध पिटाई करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा । लखनऊ

**ठाकुरगंज** इलाके में स्थित घंटाघर के पास आधी रात के बाद एक युवक को खंबा पकड़ा कर लात घुसा और बेल्ट से मारपीट करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई ठाकुरगंज पुलिस नें वायरल वीडियो की जांच पड़ताल कर ऐतिहासिक घंटाघर के पास युवक को बंधक बनाकर मारपीट करने के एक आरोपी नौबस्ता पुलिया मड़ियांव से मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर हवालात में पहुंचा दिया ।

गौरतलब है कि बुधवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें ऐतिहासिक घंटाघर के पास लगे एक बिजली के खंभे को पकड़वा कर एक युवक की आधा दर्जन युवक लात घूंसों और बेल्ट से पिटाई करते हुए देखे गए थे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कमिश्नर एस बी शिरडकर ने पूरे मामले का संज्ञान लेकर डीसीपी पश्चिम एस चिनप्पा को पूरे मामले की जांच सौंपी तो ठाकुरगंज पुलिस हरकत में आ गई। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चंद्र ने चंद घंटों के अंदर ही घंटाघर के पास एक युवक को बंधक बनाकर पीटे जाने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के द्वारा एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है जबकि गिरफ्तार किए गए युवक के अन्य साथी अभी फरार हैं । पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में जिस युवक को पीटा गया था वो पीड़ित अभी पुलिस के पास नहीं पहुंचा है पुलिस उससे संपर्क करने का भी प्रयास कर रही है हालांकि जिस तरह से सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का ठाकुरगंज पुलिस ने संज्ञान लेकर चंद घंटों के अंदर ही ऐतिहासिक इमारत के करीब पर्यटक स्थल पर इस तरह का कृत्य करने वाले आरोपियों में से एक को गिरफ्तार किया है उसे पुलिस की सक्रियता ही कहा जाएगा। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए युवक के अन्य साथियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# निर्धारित समय में निर्माण न होने पर तय होगी जिम्मेदारी: जिलाधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पचास** हजार के निर्माणाधीन योजनाओं पर जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुखों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में ही पूरा न होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। दूसरे कार्य दिवस पर आगामी बैठक में सभी नोडल अधिकारी को आने के निर्देश दिए। बिना ज़िलाधिकारी की अनुमति के किसी अधिकारी को बैठक में अनुपस्थित होने की छूट नही होगी। बुधवार को 50 लाख रुपए एवं उससे अधिक लागत के निर्माणाधीन परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में ज़िलाधिकारी ने यूपीआरएनएन लखनऊ की कितनी इकाइयाँ है, इसकी जानकारी मांगी। यूपीआरएनएन द्वारा बताया गया कि उनकी कुल 12 इकाइयाँ है और सबके अलग अलग प्रोजेक्ट मैनेजर है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुख सुनिश्चित कर लें कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में ही पूर्ण हो यदि ऐसा नहीं होता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि धनाभाव के कारण कोई संस्था कार्य



बाधित करती है तो उसे काली सूची में डालने की कार्यवाही की जाये, अनुबन्ध में वर्णित प्राविधानों से इत्तर कोई भी कार्य न किया जाये। जिलाधिकारी ने जिले में संचालित 50 लाख और उससे अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं को लक्षित पूर्णता तिथि के अनुसार अनुबन्ध की शर्तों के आधीन पूरा करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्थाओं को अपने अधीन संचालित परियोजनाओं का प्रारंभ अनुबन्ध गठन प्रस्ताव, कार्य शर्त और इस संबंध में ठेकेदारों के साथ किये गये सहायक अनुबन्ध का विवरण अर्थ एवं संख्याधिकारी (डेस्टो)को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। यदि कार्य विभागीय पद्धती से संचालित है तो उसके गाइडलाइन्स भी अर्थ एवं संख्याधिकारी (डेस्टो) को उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया।

# सर्पदंश से हाथ पर बने घाव की पीजीआई ने प्लास्टिक सर्जरी कर लौटाई खुशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सर्पदंश के चलते एक युवती के हाथ पर घाव की सर्जरी कर उसे खोई हुई खुशी लौटा दी है। प्लास्टिक सर्जरी के बाद युवती स्वस्थ है और वह अपने हाथ से पूर्व की तरह कार्य कर सकती है।




बीते सप्ताह 5 अगस्त को पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में एक युवती (25 वर्षीय)दिखाने के लिए आई थी। युवती को सांप ने काटा था। मुजफ्फरनगर बिहार के मीनापुर गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि एक नाग सांप इसके घर के बाहर जंगल में कई महीने से रहता था और घर के अन्दर कई बार आ जाता था। 24 जुलाई 2022 की रात को जब वह सो रही थी तब इसी नाग ने उसको दायें हाथ पर डस लिया। डसने के तुरंत बाद हाथ में अत्यधिक दर्द, सूजन और जलन होने लगी। आस-पास के त्वचा के रंग में भी बदलाव आ गया और साथ ही साथ बुखार, उल्टी, सिर दर्द एवं कंपकपी लगने लगी। उसके बाद उसके मुंह से झाग निकलने लगा और वो बेहोश हो गयी। घर पर उसका प्राथमिक इलाज जो भी उपलब्ध था उसे किया गया एवं घर के बड़े लोगों ने हाथ के उपर के हिस्से पर कस के कपड़ा बांध दिया। परिजन पहले उसे लेकर पीएचसी पहुँचे फिर वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर संभवतः उसको एन्टीवेनम दिया गया । एन्टीवेनम देने के बाद मरीज को होश आ गया। इसके कुछ दिनों के बाद रोगी सर्पदंश से ठीक हो गयी लेकिन उसके हाथ का घाव बढ़ता चला गया। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रो राजीव अग्रवाल ने बताया कि प्लास्टिक सर्जरी ओपीडी में रोगी के दायें हाथ पर काफी बड़ा घाव पाया गया जो उंगली तक जा रहा था। घाव काफी गहरा था जिसमें अन्दर मांशपेशींया एवं टेन्डन भी फुले हुए थे।







# बिजली व्यवस्था बनाएं पारदर्शी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के किसानों को सिंचाई की पर्याप्त सुविधा मिले। इसके लिए उनके निजी नलकूप संयोजन के मामलों का शीघ्र संज्ञान लें, जिन किसानों ने निजी नलकूप संयोजन के लिए धनराशि जमा कर दी है। उन सभी को इस माह के अंत तक हर हाल में संयोजन देना सुनिश्चित कराएं।

ऊर्जा मंत्री एकेशर्मा आज शक्ति भवन में विद्युत व्यवस्था, राजस्व वसूली, कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति, ट्रिपिंग आदि की समीक्षा कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संज्ञान में आया है कि किसानों द्वारा धनराशि जमा कर देने के पश्चात भी अभी तक प्रदेश भर में कुल 5831 निजी नलकूप के संयोजन देना बाकी है, जिसमें दक्षिणांचल के तहत 2802 मध्यांचल के 2615 पूर्वांचल के 229, पश्चिमांचल के 185 ऐसे मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को शीघ्र राहत देने के लिए विद्युत व्यवस्था को सुचारू, पारदर्शी, ईमानदार और जवाबदेह बनाना पड़ेगा। इसके लिए सभी अधिकारियों को अलर्ट होकर कार्य करना पड़ेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति और इसकी समुचित व्यवस्था के लिए सभी डिस्कॉम अपने क्षेत्र के स्टोर में सामान की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराएं,जिससे कि कहीं पर भी समस्या होने पर शीघ्र ही, इसका उपयोग किया जा सके। इसके लिए एक समुचित व्यवस्था बनाएं। उन्होंने कहा कि निचले स्तर पर कार्यों में लचीलापन होनी चाहिए ताकि शिकायतों का शीघ्र समाधान हो। कहा कि जहां कहीं पर भी 40 से 50 वर्ष पुरानी जर्जर लाइन हो उनको बदलने का भी प्रयास किया जाय। उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, इसके लिए छोटी-छोटी घटनाओं व कार्यों को भी गंभीरता से लिया जाए।

# सिंगल स्टेज डिलीवरी की व्यवस्था समस्त ब्लॉकों में पूर्ण कर ली जाए: सतीश चन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खाद्य** एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने विभागीय समीक्षा बैठक में आगामी धान खरीद के लिए नीति निर्धारण किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सिंगल स्टेज डिलीवरी की प्रगति की समीक्षा करते हुये अपर आयुक्त विपणन को निर्देशित किया कि यह व्यवस्था समस्त ब्लॉकों में पूर्ण कर ली जाए तथा सिंगल स्टेज व्यवस्था के अन्तर्गत परिवहन ठेकेदारों द्वारा 25 प्रतिशत छोटे वाहन लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उचित दर दुकानों तक सुगमता से आवश्यक वस्तुयें पहुँच सकें।

सतीश चंद्र शर्मा ने निलम्बित एवं रिक्त उचित दर दुकानों के प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समयान्तर्गत सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को उचित दर दुकानों की नियुक्ति में प्राथमिकता प्रदान करने के आदेश का अनुपालन करते हुये इन समूहों को उचित दर दुकानों का आवंटन किया जाए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादन से छूटे हुये पात्र लोगों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड नियमानुसार निर्गत कर दिये जाए। इसी प्रकार जो यूनिटें राशन कार्डों में जोड़ने के लिए अवशेष हैं उन्हें भी नियमानुसार जोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा कि कतिपय जनपदों में निर्धारित सीमा अन्तर्गत यूनिटों का आच्छादन किया जाना अवशेष है इस के लिए अभियान चलाकर पात्र व्यक्तियों को उक्त सीमा तक आच्छादन पूर्ण कर लिया जाए। राज्य मंत्री द्वारा गुणवत्तापरक निरीक्षण भी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गए ताकि निरीक्षण के दौरान गहनता से की गई जॉच में अनियमितायें प्रकाश में आने पर दण्डात्मक कार्यवाही हो सके।

## चश्मा व्यापारी को मारी गोली

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी इलाके में स्तिथ रहमानखेड़ा के खालिसपुर गांव में मंगलवार देर रात दुकान बंद कर घर लौटे रहे चश्मा व्यापारी अतुल गौतम (25 ) को घर के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। दाहिने कन्धे पर गोली लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर बाहर आये परिवारीजनों ने अतुल को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर बतायी हैं लेकिन पुलिस को पूछताछ करने से रोक दिया है। इस मामले में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गई है। खालिसपुर गांव महेश कुमार ने बताया कि उनके बेटे अतुल की नीम चौराहे पर चश्मे की दुकान है। अतुल दुकान बंद कर मंगलवार रात करीब 11 बजे बाइक से इमलिहा निवासी दोस्त परवेज को छोड़ने जा रहा था। इस बीच बेहता नाले के पास बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक रोक ली। अतुल कुछ समझते उससे पहले बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उसके ऊपर फायरिंग कर दी।

# नोएडा पावर कंपनी में प्रशासक नियुक्त करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नोएडा पावर कंपनी पर तत्काल विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 20 उपधारा 1डी के तहत प्रशासक नियुक्त करने की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद ने अपनी याचिका में यह मुद्दा इसलिए आयोग के सामने उठाया है क्योंकि प्रदेश सरकार की तरफ से नोएडा पावर कंपनी को टेकओवर करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। ऐसे में एनपीसीएल अंतर्गत सभी रेगुलेटरी असेट व वित्तीय लेनदेन जिसके साथ कोई छेडखानी न कर पाए के लिए जरूरी हो गया है की विद्युत नियामक आयोग तत्काल एनपीसीएल पर एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त करें जिससे प्रशासक वहां की वित्तीय गतिविधियों सहित सभी रेगुलेटरी असेट की देखभाल कर पाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह से मुलाकात कर एक लोक महत्व जनहित याचिका दायर करते हुए उक्त मांग की है। उपभोक्ता परिषद ने अपने प्रत्यावेदन में गंभीर मुद्दा उठाते हुए यह आरोप लगाया गया है कि जिस प्रकार से एनपीसीएल ने फिजूलखर्ची करते हुए अपने प्रबंध निदेशक को 6.5 करोड प्रतिवर्ष वेतन यानी कि 55 लाख रुपया प्रति माह भुगतान किया है। उससे या सिद्ध हो गया है कि नोएडा पावर कंपनी अनाप-शनाप खर्च करने में बहुत माहिर है। उपभोक्ता परिषद द्वारा आयोग में मुद्दा उठाए जाने के बाद एनपीसीएल के एमडी ने इस्तीफा दे दिया। इस फिजूलखर्ची का भार सीधा यूपी के विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पडता है क्योंकि वर्तमान में नोएडा पावर कंपनी के ऊपर उस क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं का 579 करोड़ रुपया सरप्लस निकल रहा है।

# यूपीएमआरसी ने किया स्वतंत्रता सप्ताह का समापन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया। 11 से 17 अगस्त 2022 के बीच मनाए गए स्वतंत्रता सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रमों से यूपीएमआरसीएल ने आजादी के अमृत महोत्सव को धूम.धाम से मनाया। वहीं, प्रबंध निदेशक ने इसका पूरा श्रेय मेट्रो की पूरी टीम को दिया। बुधवार को स्वतंत्रता सप्ताह के समापन समारोह के दौरान हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर इंडिया एट द रेट ऑफ 75 विषय पर डॉ रवि भट्ट, डॉ रश्मि शील, डॉ शोभा दीक्षित भावना एवं मंजुल मयंक मिश्र मंजर ने संगोष्ठी में हिस्सा लिया। श्वेता राजवंशी ने कथक की शानदार प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। अपने लेखन, उत्कृष्ट वक्तत्व, कविता एवं कहानियों के लिए जाने वाले सभी कुशल अतिथियों ने सगोष्ठी में भारत की आजादी के दौरान अपनी जान दांव पर लगाने वाले शूरवीरों को याद किया। वक्ताओं ने 75 वर्ष के सुनहरे इतिहास को याद किया। साथ ही स्टेशन पर मौजूद सभी दर्शकों का ध्यान इस बात पर आकर्षित किया कि राजनैतिक आजादी तो हमने हासिल कर ली है, लेकिन आज भी हमें समाजिक आजादी की लंबी लड़ाई लड़नी है। हम अगले 25 सालों में उस भारत की कल्पना करते हैं जहां जातियों की बेढ़ियां टूटे, जात-पात एवं धर्म के भेदभाव से हम आगे निकलें और भारत की उन्नति में योगदान के लिए सभी को बराबर का अवसर मिले।

# लोहिया संस्थान में चला स्वच्छता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डॉ** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह-सुबह प्रशासन के नेतृत्व में पीली पोशाकों में लगभग 50 सफाईकर्मियों के समूह ने बड़ी-बड़ी झाड़ुएं लेकर संस्थान परिसर के आस-पास सफाई की। संस्थान में चल रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इस अभूतपूर्व श्रमदान कार्यक्रम के संयोजक सचिव न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के संकाय सदस्य डॉ धनंजय कुमार सिंह रहे। श्रमदान की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ राजन भटनागर ने की और संस्थान की निदेशक प्रो डॉ सोनिया नित्यानंद के प्रेरणादायक नेतृत्व में व छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो डॉ एपी जैन रहे। शीर्षस्थ प्रशासनिक अधिकारियों जिनमें मुख्यत: संकायाध्यक्ष प्रो डॉ नुज़हत हुसैन , एग्जीक्यूटिव रजिस्ट्रार प्रो डॉ ज्योत्सना अग्रवाल तथा उनके अलावा अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य, विभागाध्यक्ष, गैर शैक्षणिक अधिकारी, नर्सिंग संवर्ग एवं छात्र छात्राओं ने भी इस श्रमदान कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

## जन्माष्टमी पर केजीएमयू में बंद रहेगी ओपीडी

19 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में ओपीडी की सेवाएं बंद रहेंगी। विवि के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि जिन लोगों ने 19 अगस्त का ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट लिया है, उनको अगले दिन प्राथमिकता के आधार पर देखा जायेगा। इमर्जेंसी चालू रहेगी।

# सीतापुर रोड पर बनी अवैध कालोनी ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** द्वारा सीतापुर रोड पर अवैध कालोनी को ध्वस्त और ठाकुरगंज में एक अवैध निर्माण को सील किया गया। विहित प्राधिकारी के आदेश पर बीकेटी में बिना नक्शा पास कराए ओम श्री साईं राम बिहार कालोनी को ध्वस्त किया गया। वहीं ठाकुगंज में वार्ड हैदरगंज में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की। इसके साइट आफिस को सील किया गया।

बुधवार को एलडीए ने सीतापुर रोड पर अवैध कालोनी को ध्वस्त और ठाकुरगंज में एक अवैध निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन.4 के जोनल अधिकारी अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि थाना.बक्शी का तालाब क्षेत्र में बीएनसीईटी इंजीनियरिंग कालेज के पीछे, सीतापुर रोड लखनऊ में प्राधिकरण से बगैर नक्शा पास कराये अनाधिकृत रूप से ऊँ श्री साईं राम बिहार नाम से कालोनी विकसित की जा रही है। अवैध निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद योजित किया गया था, जिसमें कालोनी को ध्वस्त किये जाने के आदेश दिये गए। इस आदेश पर सहायक अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय शुक्ला, बिजेन्द्र कुमार और अम्बरीश कुमार शर्मा ने कड़ी कार्रवाई की। क्षेत्रीय पुलिस बल, पीएसी और प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता क्षेत्रीय सुपरवाइजरो और कर्मियों ने निर्मित साइट आफि स, भूखण्डों की चहारदीवारों एवं खड़ंजा.सडकों को ध्वस्त किया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन.7 के जोनल अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि थाना.ठाकुरगंज के अन्तर्गत मो जफर हरीश मनशानी द्वारा रिफ I कालोनी के निकट सम्पबैल एक्सान स्कूल के पीछे, कैम्पवेल रोड, वार्ड.हैदरगंज, ठाकुरगंज, लखनऊ में अनाधिकृत रूप से अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग किये जाने पर इसके विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या-372/2022 योजित किया गया था, जिसमें परिसर को सील किये जाने के आदेश दिये गए हैं।

## नशे की हालत में लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** बीबीडी पुलिस ने नशे की हालत में धुत होकर सिल्वर लाइन अपार्टमेंट में लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चला कर दहशत फैलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उधर आलमबाग पुलिस ने चलती ट्रेनों से चोरी करने वाले गिरोह के शातिर को दबोचकर सलाखों के पीछे भेज दिया है। वहीं गोमतीनगर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार कस्बा इकदिल इटावा के निवासी सौरभ दीक्षित को गिरफ्तार कर उसके पास से 32 बोर की लाइसेंसी रिवाल्वर और पांच जिंदा कारतूस बरामद के किए हैं। सिल्वर लाइन अपार्टमेंट में शराब के नशे में धुत होकर फायरिंग के मामले में अभिषेक शुक्ल के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। उधर आलमबाग पुलिस के द्वारा चलती हुई ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले कलंदर खेड़ा पारा के रहने वाले सियाराम को गिरफ्तार कर उसके पास से ट्रेन के यात्री से चोरी किया गया एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। वही गोमतीनगर पुलिस के द्वारा चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं मोहसिन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किए गए मोहसिन के पास से बरामद मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में इसी महीने की 4 तारीख को जयशंकर के द्वारा चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अब ये पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए मोहसिन के खिलाफ और कितने मुकदमे दर्ज हैं और इसने चोरी की और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

## केवाइसी के जरिए विद्युत उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मिलेगी सभी सूचनाएं

**मोहनलालगंज।** मोबाइल पर बिजली बिल और आपूर्ति से जुड़ी सूचनाएं पाने के लिए विद्युत उपभोक्ताओं को केवाइसी कराना बेहद जरूरी है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों और मीटर रीडर को मोबाइल नंबर व इमेल की जानकारी देकर उपभोक्ता घर बैठे केवाइसी करा सकते हैं। सेस तृतीय खण्ड में इन दिनों एक लाख से अधिक विद्युत उपभोक्ता हैं। लेकिन अधिकतर उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर की जानकारी विभाग के पास नही हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को आनलाइन बिजली बिल और आपूर्ति में किसी भी तरह के व्यवधान की जानकारी नहीं हो पाती है। मोहनलालगंज के नवांगतुक अधिशाषी अभियन्ता घनश्याम त्रिपाठी ने सभी उपभोक्ताओं का केवाइसी कराने का अभियान शुरु किया है। एक्सइएन ने बताया केवाइसी कराने के लिए विद्युत उपभोक्ताओं को अपना व्हाट्सएप्प मोबाइल नंबर और इमेल की जानकारी देनी आवश्यक है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से यह सब जानकारी अपने मीटर रीडर और विद्युत कर्मियों को देकर केवाइसी कराने की अपील की। एक्सइएन ने बताया केवाइसी होने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली बिल आपूर्ति में किसी भी तरह के व्यवधान व भुगतान की जानकारी उनके मोबाइल पर ही मिलनी शुरु हो जाएंगी।

## पंचायतों में सफाई व्यवस्था चौपट, ब्लाक दिवस तक पहुंची शिकायत



**मोहनलालगंज।** सफाईकर्मियों की लापरवाही से मोहनलालगंज की पंचायतों में सफाई व्यवस्था चौपट है। बुधवार को आयोजित पहले ब्लाक दिवस में ग्राम पंचायत कुढ़ा और गढ़ी मेंहदौली से आए ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने लापरवाही बरत रहे सफाईकर्मियों की कलई खोलकर रख दी। हालांकि बीडीओ निशान्त राय ने सेक्टर अधिकारी से जांच कराने के बजाए सचिवों को ही जांच सौंप दी। उधर प्रशासन की सख्ती के बावजूद डीह गांव में जलनिकासी की समस्या का समाधान न हो पाने से ब्लाक दिवस में शिकायत दर्ज कराई गई। इस मामले में भी सचिव को ही जांच दी गई है। उधर गढ़ी मेंहदौली में हैण्डपम्प मरम्मत कराने के लिए ग्रामीणों को ब्लाक दिवस आकर शिकायत दर्ज करानी पड़ी। हालांकि ब्लाक दिवस का व्यापक प्रचार.प्रसार नहीं कराए जाने से बुधवार को पहले ब्लाक दिवस पर महज 10 शिकायतें ही आ सकीं। वहीं तीन सचिव के बिना बताए अनुपस्थित रहने पर बीडीओ ने स्पष्टीकरण तलब किया है। इस दौरान एडीओ कोआरपरेटिव प्रदीप कुमार एडीओ कृषि बीरेन्द्र सिंह व एडीओ आईएसवी दिनेश सिंह और सचिव मौजूद रहे। बीडीओ निशान्त राय ने बताया माह के पहले और तीसरे बुधवार को ब्लाक दिवस आयोजित किया जाएगा।

## केनरा बैंक अंचल कार्यालय में स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन

**लखनऊ।** विपिन खंड गोमती नगर मे स्थित केनरा बैंक अंचल कार्यालय मे आज़ादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया, जंहा शहर के सभी शाखाओं तथा अंचल कार्यालय के समस्त कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने सपरिवार सम्मिलित होकर झण्डा रोहण के बाद राष्ट्रीय गान गाया, झण्डा रोहण बैंक के महा प्रबन्धक आलोक कुमार अग्रवाल जी ने किया तथा अपने संदेश मे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को वहन करने के महत्व को समझाया और सभी को अपने व्यक्तित्व मे विकास लाने पर बल दिया उन्होने कहा जब देश के प्रत्येक नागरिक के व्यक्तित्व मे विकास होगा तभी समाज और देश का विकास होगा।

# फांसी की सजा पाए वलीउल्लाह को लखनऊ जेल भेजने का आदेश

विधि संवादाता। लखनऊ

**विशेष** जज लोकेश वरुण ने वाराणसी की सीरियल ब्लास्ट मामले में फांसी की सजा पाए मुल्जिम वलीउल्लाह को लखनऊ जेल भेजने का आदेश दिया है। बुधवार को लखनऊ की विशेष अदालत में इसे गाजियाबाद की डासना जेल से पुलिस की कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया था। इसके खिलाफ थाना गोसाईगंज से संबधित विस्फोटक पदार्थ व आर्म्स एक्ट का एक मुकदमा विचाराधीन है। उन्होंने इस मामले में 30 अगस्त को अभियोजन को अपना गवाह पेश करने का आदेश दिया है। पांच अप्रैल 2006 को वलीउल्लाह को लखनऊ के गोसाईगंज इलाके से गिरफ्तार किया गया था। इसके पास से एक पिस्टल, छह जिंदा कारतूस, डेढ़ किग्रा आरडीएक्स व दो डेटोनेटर बरामद हुआ था। इस मामले की एफआईआर वाराणसी की भेलूपुर थाने के क्षेत्राधिकारी टीएन त्रिपाठी ने थाना गोसाईगज में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक इस मामले में वलीउल्लाह पर आरोप तय हो चुका है। बताते चलें कि वर्ष 2006 में वाराणसी मे हुए सीरियल ब्लास्ट मामले में वलीउल्लाह को गाजियाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। छह जून 2022 को इस वारदात से संबधित एक अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई थी। वलीउल्लाह ने फांसी की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर रखी है। सात मार्चए 2006 को वाराणसी के संकट मोचन मंदिर व कैंट रेलवे स्टेशन पर बम धमाके हुए थे। इसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 35 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। दशाश्वमेध घाट पर भी कुकर में विस्फोटक पाया गया था।

## नगर पालिका परिषद चेयरमैन के वित्तीय अधिकार सीज करने के आदेश पर रोक

**लखनऊ।** सुल्तानपुर नगर पालिका परिषद की चेयरमैन बबिता जायसवाल का वित्तीय अधिकार सीज करने के शासन के आदेश पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। पीठ ने प्रथम दृष्टया पाया कि चेयरमैन को पद से हटाने की कोई कार्यवाही किए बगैर वित्तीय अधिकार सीज करने का आदेश जारी किया गया है। जस्टिस डीके उपाध्याय एवं जस्टिस रजनीश कुमार की पीठ ने यह आदेश चेयरमैन बबिता जायसवाल की याचिका पर दिया है। पारित किया। याचिका में तीन अगस्त को जारी वित्तीय अधिकार सीज करने के आदेश को चुनौती दी गई है।

## रीता बहुगुणा जोशी ने दर्ज कराया बयान

**लखनऊ।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन करने के एक मामले में आरोपी रीता बहुगुणा जोशी समेत पांच मुल्जिमों का बयान दर्ज करते हुए अगली सुनवाई 24 अगस्त को मुकर्रर की है। बुधवार को विशेष अदालत में रीता बहुगुणा जोशी व अन्य मुल्जिम पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया। अब तय तारीख पर उनकी ओर से सफाई साक्ष्य पेश किया जाएगा। थाना कृष्णानगर से संबधित यह मामला वर्ष 2012 का है। इस मामले में रीता बहुगुणा जोशी के अलावा प्रभा श्रीवास्तव, राम सिंह यादव, संजय यादव व मनोज चौरसिया के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 133 के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था। सहायक अभियोजन अधिकारी उत्तम कुमार सिंह के मुताबिक 17 अगस्त 2020 को आरोप तय हुआ था।

## पुलिस बल पर जानलेवा हमले के मामले में जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** विशेष जज अजय श्रीवास्तव ने पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम आरुष अरोड़ा की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। 26 अप्रैल 2022 को इस मामले की एफआईआर थाना गुड़म्बा में दर्ज हुई थी। सरकारी वकील मनीष रावत के मुताबिक फरीदीनगर इलाके में पुलिस को सामने से आता देख इसने तमंचे से दो फायर किया था। यह मोटरसाईकिल से भाग रहा था। पुलिस की जवाबी फायर में गोली इसके पैर में लगी और यह गिर गया। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफजानलेवा हमले आदि का एक और मामला लंबित है।

## एलडीए के पूर्व सचिव की पत्नी का कॉम्प्लेक्स गिराने कमिश्नर लें निर्णय

**लखनऊ।** एलडीए के सचिव रहे डॉ राम विलास यादव की पत्नी कुसुम विलास यादव का फैजुल्लागंज स्थित कॉम्प्लेक्स का ध्वस्तीकरण करने के आदेश पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कमिश्नर को शीघ्र निर्णय लेने का आदेश दिया है। पीठ के समक्ष एक याचिका दाखिल कर एलडीए के ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। पीठ ने इस मामले में हस्तक्षेप से इंकार करते हुए मंडलायुक्त को याचिकाकर्ता की अपील पर शीघ्र निर्णय लेने का आदेश दिया। जस्टिस डीके उपाध्याय एवं जस्टिस रजनीश कुमार की पीठ ने यह आदेश कुसुम विलास यादव की याचिका पर दिया है। याचिका में एलडीए द्वारा जारी 26 मार्च व एक जुलाई 2022 की नोटिस व ध्वस्तीकरण आदेश को चुनौती दी गई थी। साथ ही फैजुल्लागंज स्थित उसके कॉम्प्लेक्स पर कोई भी कार्यवाही नहीं करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान इस याचिका का एलडीए व सरकार की ओर से जोरदार विरोध किया गया। पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता ने इस मामले में एक अपील मंडलायुक्त के समक्ष दाखिल कर रखी है। लेकिन अब तक मामले की सुनवाई नहीं हो सकी है।

# पेज एक का शेष

## भाजपा संसदीय...

से भी उनकी छुट्टी हो गई है। मोदी, शाह, नड्डा और राजनाथ सिंह संसदीय बोर्ड के सदस्य होने के कारण स्वत: ही सीईसी के भी सदस्य बन गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री जुआल ओरम, शाहनवाज हुसैन और भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष विजया राहतकर को भी सीईसी से हटा दिया गया है। नए बदलाव के बाद सीईसी में कुल 15 नेता हैं। सीईसी में राजस्थान से ओम माथुर, तमिलनाडु से श्रीनिवासन (भाजपा महिला विंग की मुखिया), फडणवीस और भूपेंद्र यादव नए सदस्य हैं। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी संगठन में और भी बदलाव हो सकते हैं, जिसमें नए चेहरों को जगह दी जा सकती है।

## अंतिम छोर...

अधिकारी ने लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिले में प्लाइवुड फैक्टरी लगाने को लाइसेंस दिए जाएंगे। इसके साथ बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के उत्थान का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। किसी कार्यकर्ता, पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि को दिक्कत आए तो मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं। विकास कार्यों में कोई अधिकारी लापरवाही बरत रहा हो तो उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी। सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उनके समक्ष शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की और लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों का फीडबैक लिया। साथ ही कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उनके मान सम्मान का ध्यान रखने का निर्देश दिया। इसके बाद सीएम ने निर्माणाधीन मां शाकुम्भरी देवी विवि के विकास कार्यों का जायजा लेते हुए कार्य की गति को तेज करने का निर्देश दिया। विवि के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री योगी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सहारनपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सिस्टम का निरीक्षण किया और कमांड कंट्रोल सिस्टम को जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि काम किसी भी पार्टी या व्यक्ति का हो अगर वह जायज है तो उसे होना चाहिएय सरकार बगैर किसी भेदभाव के कार्य करती है और अगर किसी को कोई समस्या है तो उसका समाधान किया जाना चाहिए यही सरकार की प्राथमिकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता यह न समझे कि उसे किसी सीढ़ी की जरूरत है। वे हेल्पलाइन नम्बर पर बात कर सकते हैं, मुख्यमंत्री पोर्टल पर लिख सकते हैं और तब भी उनकी समस्या का समाधान न हो तो वे मुझे सीधे लिख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस बैठक के दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी करने के लिये जरूरी निर्देश भी दिए। अपने सहारनपुर दौरे के दौरान योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में मंडल के अधिकारियों के साथ की गई बैठक में कहा कि हरियाणा की तर्ज पर सहारनपुर मे भी प्लाईवुड फैक्ट्री लगाई जायेगी जिससे सहारनपुर के ही नहीं बल्कि आसपास के युवाओं को भी रोजगार मिलेगा।

## सीएम कल...

रूप दिया जा रहा है। जन्माष्टमी पर कहीं अंधेरी छाया रहेगी तो कहीं सोते हुए पहरेदार दिखाई देंगे, देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु इसे देखकर द्वापर युग का अहसास कर सकेंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर को और गर्भ गृह के बाहरी क्षेत्र की इस तरह से सजावट करा रहा है कि दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालु खुद को कारागार में महसूस कर सकें। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि ब्रज क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो, सीएम की इस मंशा को पूरा करने के लिए उप्र ब्रज तीर्थ विकास विकास परिषद चार वर्षों से जुटा है। ब्रज क्षेत्र की सभी परियोजनाओं के पूरा होने पर इसका शुमार दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक क्षेत्र के रूप में होगा। भगवान कृष्ण की धरती पर गोसेवा स्थलों के साथ गीता शोध संस्थान की स्थापना इसे विश्वस्तरीय पहचान दिलाएगी। यमुना की अविरल एवं निर्मल धारा फिर से द्वापरयुग का याद दिलाएगी। यूपी का वृंदावन देशवासियों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र होने के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद है। राधे की भूमि पर हर वर्ष हजारों की संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। खास करके होली के मौके पर पर्यटकों की सबसे अधिक भीड़ रहती है।

## किसानों को...

की वृद्धि के बाद बैंकों की क्षतिपूर्ति की जरूरत थी ताकि वे कृषि क्षेत्र को सात प्रतिशत ब्याज पर कर्ज दे सके। मंत्री ने कहा कि सरकार ने वैश्विक स्तर पर उर्वरक के दाम चढ़ने के बावजूद घरेलू बाजार में इसकी कीमत बढ़ने नहीं दीं। मंत्री ने यह भी कहा कि चालू वित्त वर्ष में उर्वरक सब्सिडी दो लाख करोड़ रुपए से अधिक रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में उर्वरक सब्सिडी 1.05 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान रखा गया था। पिछले वित्त वर्ष में यह सब्सिडी 1.62 लाख करोड़ रुपए थी।

## नीतीश कुमार...

कार्तिक सिंह को हत्या की नीयत से अपहरण के एक मामले में 16 अगस्त को आत्मसमर्पण करना था, उन्हें उसी दिन कानून मंत्री बनाकर नीतीश कुमार ने बिहार में दहशत वाले लालू (प्रसाद यादव) राज की वापसी पक्की कर दी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मोदी ने दावा किया कि कार्तिक सिंह मोकामा के बाहुबली नेता अनंत सिंह के कारोबारी साझेदार हैं और पटना उच्च न्यायालय द्वारा कार्तिक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने कानून की नजर में अभियुक्त व्यक्ति को ही कानून मंत्री बनाकर संविधान और कानून का गला घोंटने की कोशिश की है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि जब बाहुबलियों को मंत्री बना दिया गया है तब बिहार में उद्योग लगाने कौन आएगा।

## मनी लांड्रिंग...

मामले में 37 वर्षीय अभिनेत्री से एजेंसी ने कई बार पूछताछ की है और आखिरी बार जून में पूछताछ की गई थी। श्रीलंकाई नागरिक फर्नांडीज ने 2009 में हिंदी फिल्म उद्योग में अपने करियर की शुरुआत की थी। ईडी ने अप्रैल में पीएमएलए के तहत उनकी 7.27 करोड़ रुपए की निधि अस्थाई तौर पर कुर्क की थी तथा 15 लाख रुपए की नकदी जब्त की थी। ईडी ने तब एक बयान में कहा था, सुकेश चंद्रशेखर ने जबरन वसूली समेत आपराधिक गतिविधियों से मिली रकम से जैकलीन फर्नांडीज को 5.71 करोड़ रुपए के विभिन्न उपहार दिए थे। चंद्रशेखर ने लंबे समय तक अपनी साथी रही और इस मामले में सह-आरोपी पिंकी ईरानी के जरिए ए तोहफे अभिनेत्री को दिए थे। उसने बताया था कि इन उपहारों के अलावा चंद्रशेखर ने अपराध के जरिए हासिल की गई रकम से सह-आरोपी अवतार सिंह कोचर के जरिए फर्नांडीज के करीबी परिजनों को I,72,913 अमेरिकी डॉलर (करीब 1.3 करोड़ रुपए) और 26,740 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 14 लाख रुपए) की रकम भी दी थी। कोचर को अंतरराष्ट्रीय हवाला ऑपरेटर के तौर पर जाना जाता है। ईडी ने आरोप लगाया कि चंद्रशेखर ने फर्नांडीज के लिए उपहार खरीदने के वास्ते अवैध धन का इस्तेमाल किया, जो उसने फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह समेत हाई-प्रोफाइल लोगों से धोखाधड़ी करके जुटाया था।

## बच्चों के...

उस स्थिति में बच्चे के लिए एक अलग बर्थ या सीट उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। सर्कुलर में यह भी कहा गया था कि अगर यात्री को अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अलग से सीट या बर्थ की जरूरत है, तो उनसे वयस्कों वाला किराया लिया जाएगा। हाल ही में कुछ मीडिया खबरों में यह दावा किया गया है कि भारतीय रेल ने ट्रेन में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए टिकट बुकिंग संबंधी नियम बदल दिया है। खबरों में कहा गया है कि अब एक से चार साल की उम्र के बच्चों के लिए ट्रेन में सफल पर टिकट लेना होगा। रेलवे ने बयान में कहा है कि यह समाचार और मीडिया रिपोर्ट भ्रामक हैं। यह सूचित किया जाता है कि रेलवे ने ट्रेन में यात्रा करने वाले बच्चों के लिए टिकट की बुकिंग के संबंध में कोई बदलाव नहीं किया है। बयान में कहा गया है कि यात्रियों की मांग पर उन्हें टिकट खरीदने और अपने पांच साल से कम उम्र के बच्चे के लिए बर्थ बुक करने का विकल्प दिया गया है। अगर उन्हें अलग बर्थ नहीं चाहिए तो बच्चे पहले की तरह ही नि:शुल्क यात्रा कर सकते हैं।

# महिलाओं ने किया धरना-प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



बुधवार को शास्त्री घाट पर गरीब बस्तियों की कामगार महिलाओं ने प्रधानमंत्री से मन की बात कहने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (एपवा)द्वारा आयोजित किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व एपवा राज्य सचिव कुसुम वर्मा कर रही थीं। प्रदर्शन स्थल पर कुसुम वर्मा ने कहा कि वाराणसी में महिलाओं को किसी भी सरकारी योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। खासकर एपवा ने तीन बस्तियों का अध्ययन किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार से सम्बन्धित लाखों करोड़ों रूपये की सरकारी योजनाओं का लाभ जब जमीन पर महिलाओं को नहीं मिल रहा है तो इसका पैसा कहाँ जा रहा है? कुसुम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री यदि सचमुच महिला सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं तो इस सवाल पर जरूर जॉच बैठानी चाहिए और तत्काल योजनाओं के क्रियान्वयन आदेश जारी करना चाहिए और महिलाओं के मन की बात को सुनकर उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। प्रदर्शन स्थल पर छोटा सिर बस्ती की धनशीला व विमला ने कहा कि उनका इलाका नगर महापालिका में आ गया है लेकिन नगर निगम की तरफ से नाली और जलजमाव को रोकने के कोई उपाय नहीं किए गये हैं।बैजनाथ कालोनी सुसवाही की राधिका और सीता ने कहा कि हमारे यहाँ पीने का साफ पानी तक उपलब्ध नहीं है और पर्याप्त हैंडपम्प तक नहीं लगे हैं। गणेशपुर कंदवां निवासी सरिता और रेशमा ने कहा कि उनकी बस्ती में आयुष्मान कार्ड किसी के पास नहीं हैं, राशन कार्ड भी मुहैया नहीं कराए गये हैं। न ही किसी सरकारी योजना का कोई लाभ हम महिलाओं को नहीं मिल रहा है।

## इंडियन बैंक और विभास साथ काम करेगा

वाराणसी। जिन महान बलिदानियों के खून की कीमत पर आजादी मिली उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता, जिन्होंने देश के टुकड़े किये उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख राजेश कुमार ने पवित्र ध्वज को फहराकर परम पावन राष्ट्रदेवता सुभाष के मंदिर में मत्था टेका और उनको सलामी दी।इस अवसर पर राजेश कुमार ने कहा कि अखण्ड भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेताजी सुभाष ही हैं। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की फौज और क्रांतिकारियों के बलिदान की वजह से हमें आजादी मिली। वंचित बच्चों की शिक्षा और महिलाओं को रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर इंडियन बैंक और विशाल भारत संस्थान मिलकर काम करेगा। अब हमें शताब्दी वर्ष की ओर भारत को विकास प्रगति और संस्कार के साथ आगे ले जाना है।

# कैंसर लाइलाज नहीं: सुश्री तनीषा



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

वाराणसी लम्ही स्थित विशाल भारत संस्थान में आज बच्चों के लिए कैंसर और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फ्फायर फ्लाई सरकोमा संस्था ने किया। इस अवसर पर सरकोमा संस्था की संस्थापक और लंदन स्थित चेल्टहम लेडीज कालेज की छात्रा सुश्री तनीषा गुप्ता ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने के उपाय बताए इस दौरान छात्रों को स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित की गई।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए फ्फायर फ्लाई सरकोमा की फ्फाउंडर तनीषा गुप्ता ने बताया कि कैंसर लाइलाज नहीं है। जरूरत है कि हम सभी जागरूक होकर उचित समय पर उपचार ले तो इस गंभीर बीमारी को मात दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज कैंसर जैसी घातक जानलेवा बीमारी सबसे अधिक महिलाओं में देखी जा रही है। खासकर महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आज की यह जरूरत हो गयी है कि कुछ भी असामान्य दिखने पर हम डॉक्टर से परामर्श ले। अगर हम सही खानपान के साथ जागरूक नहीं हुए तो 2030 तक यह और भी खतरनाक स्तर पर पहुंच सकता है। इस अवसर पर विशाल भारत संस्थान के संस्थापक राजीव श्रीवास्तव ने तनीषा गुप्ता का धन्यवाद किया और कहा उन्हें खुशी है कि तनीषा जो एक खुद स्टूडेंट हैं और उनकी सामाजिक सरोकार के प्रति रुचि से समाज में बदलाव आयेगा। तनीषा गुप्ता ने सभी बच्चों को टी शर्ट और स्नैक्स वितरित किए। बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया।

## बच्चों में अंतर रखने में उपयोगी है अंतरा इंजेक्शन

मिर्जापुर। परिवार नियोजन को लेकर प्रदेश सरकार व विभाग की ओर से कुछ न कुछ समयण्णसमय पर अभियान चलाया जाता रहा है। दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर रखने के लिए अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर विभाग की ओर से 100 रूपये दिये जा रहे है । इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी ने एक बैठक के दौरान दी मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि नवविवाहिता के स्वास्थ्य के साथ ही बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य को लेकर यह जरूरी है कि शादी के दो वर्ष बीत जाने पर ही पहले बच्चे को जन्म दिया जाए। इसके लिए परिवार नियोजन को लेकर सबसे बढ़िया तरीका है कि महिलाएं अंतरा इंजेक्शन लगवाये। अंतरा इंजेक्शन के हर डोज पर विभाग की ओर से 100 रूपये महिला के खाते में सीधे भेज दिये जायेंगे। एक महिला को एक वर्ष में चार डोज लेना होगा या जबतक वह दूसरा बच्चा नही चाहेगी तब तक वह तीन माह में एक यह डोज लेती रहेगी। इससे महिला दो से पांच साल तक का भी अन्तर रख सकेगी।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी बैजनाथ यादव ने बताया कि वर्ष 2020ण्21 में 3434 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन लगवाया है। इसके साथ ही अप्रैल 2022 से जुलाई 2022 तक 2313 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन लगवाने का काम किया है। अंतरा इंजेक्शन लगवाने की सुविधा महिला चिकित्सालयए 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत 145 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर भी यह सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा केन्द्र पर यदि महिला को आशा लायेगी तो उसको भी हर डोज 100 रूपये दिये जा रहे है। यह व्यवस्था विभाग द्वारा पिछले वर्ष से लागू है। महिला को इंजेक्शन का हर डोज एएनएम या स्टाफनर्स ही लगाने का काम करेगी।

परिवार नियोजन विशेषज्ञ मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एक बच्चे से दूसरे बच्चे के बीच से तीन साल का अन्तर रखने के लिए पांच से छह डोज अत्यन्त आवश्यक है। जो महिलाएं गर्भनिरोधक की गोली नही खा पा रही है उनके लिए यह साधन सबसे उपयुक्त है। अंतरा इंजेक्शन के बंद करने के बाद महिलाएं 7 से 10 माह के बाद गर्भधारण कर सकती है।

# व्यापार संगठन सहित अन्य संगठनों ने निकाली पदयात्रा



मुगलसराय चन्दौली । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन चन्दौली के अध्यक्ष प्यारे लाल अग्रहरी की अध्यक्षता में अपने पदाधिकारियों के साथ आजादी के पावन पर्व राष्ट्रीय ध्वज के साथ आजादी का नारा लगाते हुए हर्ष के साथ पद यात्रा निकलने के साथ ही अमृत महोत्सव पर लोगो से अपने घरों पर झंडा फहराने की अपील की । इस अवसर पर सदस्य साथ आनंद गुप्ता काशी गुप्ता अमरनाथ शिवम अग्रहरि के साथ अन्य लोग मौजूद रहे । वही स्थानीय कैलाशपुरी स्थित श्री साईं पब्लिक स्कूल में 76 वां स्वतंत्रता दिवस व अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। झंडोत्तोलन प्रबंध निदेशक और संस्थापक डॉ अनिल यादव ने किया। इस अवसर पर छात्र.छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसके पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई थी जो नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए स्कूल पहुंचकर समाप्त हुई ।कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक कर्मचारी व छात्र.छात्रा उपस्थित रहे।

## 75 सेवानिवृत्त व दिग्गज सैनिकों को सम्मानित किया

वाराणसी। देश के अग्रणी सीमेंट निर्माताओं में से एक डालमिया भारत लिमिटेड देश के पूर्वी क्षेत्र के पाँच राज्यों से देश के 75 सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान करते हुए, 'भारतीय स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव' में पदार्पण किया है।'सैल्यूटिंग 75' थीम के तहत पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में एक साथ आयोजित सम्मान समारोहों में देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के अमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उनका यह योगदान कल भी और आज भी भारतीयों को प्रेरित करता है। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान गाने से हुई। उसके बाद, एक सामाजिक सभा हुई, जिसमें विभिन्न स्थानों और रैंकों के तहत भारतीय सेना या सुरक्षा सेवाओं में अपनी सेवा प्रदान करने वाले 75 राष्ट्रीय नायकों को सम्मानित किया गया।

# रोटरी क्लब ने दिव्यांग बच्चों को वितरित किया खेल व पठन सामग्री





संवाददाता। मऊ

रोटरी क्लब के तत्वावधान में अमर वाणी स्कूल ताजोपुर में रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉण् असगर अली सिद्दीकी की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों को खेल सामग्री और पठन.पाठन सामग्री प्रदान किया गया। खेल व पाठ्य सामग्री पाकर दिव्यांग बच्चे खुशी से झूम उठे। इस दौरान दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉण् असगर अली सिद्दीकी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के हित के लिए रोटरी क्लब कृत संकल्पित है। श्री सिद्दीकी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की चिकित्सा के लिए 18 अक्टूबर को मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें हर वर्ग के चिकित्सकों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। साथ ही बच्चों को दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रोटरी क्लब के सचिव प्रदीप सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए हर संभव प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। स्कूल के फ्फादर जुलियन और फ्फादर किस राज्य में रोटरी क्लब के अध्यक्ष और सचिव को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। कहा कि रोटरी क्लब सदैव दिव्यांग बच्चों के हित में कार्य करती चली आ रही है इनके प्रति आभार जताना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन साधना देवी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक शादाब अंसारी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य रुप से पूर्व अध्यक्ष डॉण् संजय सिंहए पूर्व सचिव अजीत सिंहए रोटेरियन पुनीत कुमार श्रीवास्तवए तेज प्रताप तिवारीए डॉण् सुजीत सिंहए हुमा रिजवीए सज्जाद हुसैन आदि उपस्थित रहे। साथ ही साथ रोटरी क्लब के सदस्यों ने पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

# विद्युत उत्पादन में एनटीपीसी रिहंद की अहम भूमिका: देबब्रत पॉल

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र





एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में बुधवार को शिवालिक अतिथि गृह में स्टेशन प्रबंधन के तत्वावधान में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कार्यकारी निदेशक रिहंद की वार्ता हर्षपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुयी। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक रिहंद देबब्रत पॉल ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब बड़े ही सहजतापूर्ण एवं तार्किक ढंग से देते हुये कहा कि रिहंद स्टेशन के कर्मियों एवं अधिकारियों में विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौती स्वीकार करने की क्षमता है। उन्होने कहा कि यह स्टेशन 500 मेगावाट से शुरू होकर आज 3000 मेगावाट उत्पादन की क्षमता वाला स्टेशन बन गया है। श्री पॉल ने बताया कि रिहंद स्टेशन नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन की कड़ी में भी ग्रामों के सर्वांगीण विकास में भी अहम भूमिका का निर्वहन कर रहा है। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टेशन प्रबंधन पूरी तरह प्रयासरत है। नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन की कड़ी में बालिका सशक्तिकरण मिशन का भी आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी रिहंद द्वारा किए जा रहे सामुदायिक कल्याण एवं पर्यावरण हितैशी कार्यों को बढ़ावा देने और उसकी सराहना करने में मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री पॉल ने कहा कि 3000 मेगावाट की क्षमता के अतिरिक्त 20 मेगावाट सौर ऊर्जा का कार्य निर्माणाधीन है। रिहंद स्टेशन पर्यावरण संरक्षण एवं उद्योग समन्वय में भी महत्वपूर्ण भूमिका को निभा रहा है। राख उपयोगिता की वृद्धि में इसका प्रभावी कदम है। स्टेशन द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन की दिशा में किया जा रहा अनोखा प्रयास, स्टेशन को मिले पुरस्कार एवं उपलब्धियों से पत्रकारों को आदि से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबन्धक ऑपरेशन पंकज मेदिरत्ता महाप्रबंधक एफ्एम के गोपाला कृष्णा, महाप्रबन्धक ऐश डाइक प्रबंधन राजीव कुमार सिन्हा महाप्रबंधक टीएस अमित कुमार कुलश्रेष्ठ, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जाकिर खान सीएमओ डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठ विभागाध्यक्षगण व अन्य वरिष्ठ प्रबन्धकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आगंतुकों का स्वागत कार्यपालक नैगम संचार शिक्षा गुप्ता ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जाकिर खान ने किया।

# राष्ट्रहित में सामाजिक चेतना का जागरण करना विश्व संवाद केंद्र का मुख्य उद्देश्य: रमेश

● चेतना प्रवाह का अखंड भारत विशेषांक एक ऐतिहासिक धरोहर है: नागेन्द्र द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

लंका स्थित विश्व संवाद केंद्र काशी कार्यालय पर जागरण पत्रिका चेतना प्रवाह का लोकार्पण किया गया। उक्त पत्रिका का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र कार्यवाह डा.वीरेन्द्र जायसवाल एवं काशी प्रांत प्रचारक रमेश जी ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा.वीरेन्द्र ने कहा कि विश्व संवाद केन्द्र काशी द्वारा प्रकाशित चेतना प्रवाह के अखण्ड भारत विशेषांक की विषय वस्तु निश्चित रूप से सराहनीय है। इससे अखण्ड भारत की संकल्पना को समाज में प्रसारित होने में सहायता मिलेगी। आजादी के अमृत महोत्सव पर यह प्रकाशन सराहनीय हैं।विशिष्ट अतिथि प्रान्त प्रचारक रमेश ने कहा कि राष्ट्रहित में सामाजिक चेतना का जागरण करना विश्व संवाद केंद्र का मुख्य उद्देश्य है। उसी के अनुसार विश्व संवाद केंद्र काशी ने जागरण पत्रिका चेतना प्रवाह के अखंड भारत विशेषांक का लोकार्पण किया, जिसके लिए चेतना प्रवाह की संपादकीय टोली को साधुवाद।

जागरण पत्रिका प्रमुख नागेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि चेतना प्रवाह का अखंड भारत विशेषांक एक ऐतिहासिक धरोहर है। इसको हमें समाज के बीच प्रचारित-प्रसारित करना है, जिससे कि अखंड भारत की स्मृति युवा पीढ़ी तक गांव-गांव में पहुंच सके। पत्रिका के प्रधान संपादक प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि समाज प्रतिवर्ष 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस के रूप में मनाता है। 1947 में विभाजित भारत पुनः अखंड होगाए यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार दर्शन है। राष्ट्र इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर अखंड भारत की स्मृति, उसके इतिहास एवं अन्य संदर्भों को समाज में प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व संवाद केंद्र काशी द्वारा प्रकाशित जागरण पत्रिका चेतना प्रवाह के 16 अगस्त 2022 के अंक की विषय वस्तु अखंड भारत केंद्रित है। इसी पत्रिका के अखंड भारत अंक का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अशोक चौरसिया, अरुण श्रीवास्तव, श्रीमती कुमकुम पाठक, प्रो.अमिता सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, डॉ.सत्य प्रकाश, विजय जायसवाल, जयन्ती लाल, श्रीप्रकाश, सुरेश बहादुर आदि लोग उपस्थित रहें। अध्यक्षता डॉ.हरेन्द्र राय एवं सञ्चालन सचिव प्रदीप कुमार ने किया।

# ऋषि मनीषियों ने अस्थि से किया था वज्र का निर्माण: अजय शेखर

संवाददाता। सोनभद्र





स्वतंत्रता के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने पर 15 अगस्त को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में धूम धाम से मनाया गया। जिला प्रशासन व नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वाधान में काव्य सन्ध्या का आयोजन प्रख्यात साहित्यकार व चिन्तक अजय शेखर के अध्यक्षता व साहित्यकार जगदीश पंथी के सफल संचालन में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र अपर जिलाधिकारी सोनभद्र व उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलन के पश्चात कवि सरोज कुमार सिंह के वाणी वन्दना से हुआ तत्पश्चात कवियों को पुष्पगुच्छ लेखनी व अंगवस्त्रम भेंट कर सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आगाज करते हुए गीतकार ईश्वर विरागी ने राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत रचना पढ़कर माहौल बनाया इसके पश्चात रामनाथ शिवेन्द्र हसन सोनभद्री, पं० पारसनाथ मिश्र, एसडीएम रमेश कुमार, शुशील राही ओम प्रकाश त्रिपाठी रचना तिवारी प्रद्युम्न त्रिपाठी प्रभात सिंह चन्देल अशोक तिवारी राकेश शरण मिश्र दिवाकर द्विवेदी मेघ नजर मीरजापुरी अब्दुल हई कौशल्या चौहान जयराम सोनी दिलीप सिंह दीपक सिद्धनाथ पाण्डेय इसरार अहमद चन्द्रकान्त शर्मा कमल नयन त्रिपाठी धर्मेश चौहान बृजमोहन तिवारी दयानन्द दयालु समेत जनपद के कवि व गीतकारों ने अपनी रचना पढ़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पं अजय शेखर ने अपने अध्यक्षीय काव्य प्रस्तुति से आयोजन को ऊंचाई प्रदान की इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास व विरासत को सहेजने व संजोने की आवश्यकता है। दुनिया एटम बम की बात करती है।

## संचारी रोग नियंत्रण माह में मिले रोगियों का इलाज हुआ शुरू

सोनभद्र। जिले में स्वास्थ्य विभाग योजनाएं घर-घर पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में संचारी रोग नियंत्रण माह में जनपद में मिले 12 क्षय रोगियों का मुफ्त उपचार शुरू हो गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि जिले में 16 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया गया इस अभियान में स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर टीबी के मरीजों को खोजने का काम किया, दस्तक अभियान में 12 टीबी के मरीज मिले जिनका उपचार विभाग द्वारा शुरू करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीम कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए घर घर जाकर टीबी के रोगियों को खोजने का काम किया टीम ने घर घर जाकर परिवार के लोगों से मिलकर यह पूछा कि परिवार में किसी सदस्य को दो सप्ताह से खांसी तो नहीं आ रही है। इस तरह से स्वास्थ्य टीम ने ऐसे मरीजों को चिन्हित कर क्षय रोग विभाग को उनका सैंपल उपलब्ध कराया ।

# संघर्ष के बदौलत ही मिलेगा सम्मान और अधिकार: राजकुमार

संवाददाता। चंदौली



स्वतंत्रता के 76 वें वर्षगांठ पर भारत वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। लेकिन विडम्बना है कि 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी देववंशी पटवा समाज को सामाजिक पहचान तक नही मिल पाया। जब तक एकजुटता के साथ संघर्ष नही होगा सम्मान और अधिकार मिलना संभव नही है। उक्त विचार बतौर मुख्य अतिथि राजकुमार देववंशी राष्ट्रीय महामंत्री देववंशी पटवा समाज ने सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर संगठन के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जंगबहादुर पटवा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संगठन का विस्तार किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजकुमार देववंशी ने कहा कि शिक्षा व व्यवसाय के साथ राजनीतिक पहचान जरूरी है। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी और राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा ने कहा कि देववंशी पटवा समाज सबका हित सबका सम्मान चाहता है। जरूरत है सभी लोग बगैर मनभेद और मतभेद किये समाज की उत्थान के बारे में सोचे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जंग बहादुर पटवा के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सामाजिक और राजनीतिक पहचान का संकल्प दोहराया। इसके पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आर के सिंह देववंशी ने चंदौली विनोद पटवाए बलिया शिव जी पटवा और गाजीपुर के खटाई लाल पटवा को जिलाध्यक्ष मनोनित करते हुए सम्मानित किया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष माता प्रसाद देववंशी के आवाहन पर महानगर अध्यक्ष प्रमोद देववंशीएमहामंत्री विरेन्द्र देववंशी ने सभी अतिथियों को मालापूल पहनाकर सम्मानित किया।

## बीएचयू के छात्र अंश तिवारी ने 'वुशु' में जीता स्वर्ण

वाराणसी। मेरठ में आयोजित 21वीं उत्तर प्रदेश स्टेट जूनियर 'वुशु'चैंपियनशिप में वाराणसी के अंश तिवारी ने 56 किलो भारवर्ग के फाइनल में सौंई के प्रशिक्षु खिलाडी बागपत के दिपान्शु शर्मा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंश बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र हैं तथा लामा फ्फाइट क्लब में कोच गोपाल जी सेठ से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन मेरठ में 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक गॉडविन पब्लिक स्कूल में हुआ। जिसमें 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। अंश तिवारी ने स्वर्ण पदक जीतकर वाराणसी जिले का नाम रौशन किया और रजत पदक बागपत तथा कांस्य पदक मेरठ के खिलाडी ने जीता। अंश ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच गोपाल जी सेठ के कुशल मार्गदर्शन प्रशिक्षण तथा बी.एच.यू.गुरुजनों को दिया। अंश 'वुशु' के अलावा किक बॉक्सिंग में भी सबजूनियर स्तर पर नेशनल चैंपियनशिप में दो बार अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित कर चैंपियन चुके हैं।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 18 अगस्त, 2022



# भारत-विरोधी कार्रवाई
## श्रीलंका में चीन का जहाज

**श्रीलंका** के हंबनटोटा बंदरगाह में चीन के जासूसी व उपग्रह सहायक जहाज युवान वांग 5 के पहुंचने से किसी को आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए। भारत ने पहले ही ऐसे जहाज के अपने देश के निकट आने का विरोध किया था, लेकिन शायद ही किसी ने सोचा हो कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी पर ऐसी आपत्तियों का कोई प्रभाव पड़ेगा और उसे हमारी चिन्ताओं की फिक्र है। ऐसा सोचना ही मूर्खतापूर्ण था। वैसे भी सरसरी तौर से देखने पर चीनी जासूसी जहाज की इस यात्रा में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि यह चीनी स्वामित्व वाला बंदरगाह है और यह एक संप्रभु देश में स्थित है। तर्क दिया जा सकता है कि यदि श्रीलंका को इस यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं थी तो हम इसका विरोध नहीं कर सकते थे। लेकिन हम विरोध कर सकते हैं क्योंकि यह दुश्मन देश का जहाज है और इसमें ऐसी क्षमतायें मौजूद हैं जो हमारे हितों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। विशेषज्ञों की राय है कि हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थिति वाले हंबनटोटा बंदरगाह में आने वाला जहाज युवान वांग 5 हमारे मिसाइल व उपग्रह कार्यक्रमों में गंभीर बाधायें पैदा कर सकता है। इस प्रकार जहाज भेजने के पीछे संभवत: यही उद्देश्य है कि वह भारत को घेरने की रणनीति का हिस्सा है। यह कार्रवाई चीन की बहुआयामी कार्रवाई का हिस्सा है जिससे वह इस क्षेत्र में तथा इस प्रकार सारी दुनिया में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता है। चीन का विश्वास है कि दुनिया धीरे-धीरे इस उभरते यथार्थ या उसकी आक्रामकता की आदी हो जाएगी। इसी कारण उसने ताइवान जलडमरूमध्य में पैदा संकट की पृष्ठभूमि में शनिवार को भारत से 'एक चीन नीति' का समर्थन करने का अनुरोध किया है। यह संकट अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा से भड़का है। हालांकि, नई



दिल्ली को बीजिंग की आहत संवेदनाओं को शांत करने का प्रयास करना चाहिए, पर उसे इसके जवाब में किसी चीज की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार युवान वांग 5 का लंका आना महत्वपूर्ण मुद्दा है।

इस जहाज का वहां आना एक प्रकार से हमारे विदेश कार्यालय की अक्षमता भी रेखांकित करता है। यदि हम कोलंबो पर इस समय भी दबाव नहीं डाल सके और उसे हमारे उपयुक्त व्यवहार करने पर राजी नहीं कर सके जबकि हम इस संकटग्रस्त देश को अरबों डालर की सहायता दे रहे हैं तो ऐसा नहीं लगता कि भविष्य में हम यह करने में सक्षम होंगे। श्रीलंका के अनेक राजनेताओं ने युवान वांग 5 का भारी विरोध किया था, ऐसे में विदेश मंत्रालय की अक्षमता और उल्लेखनीय हो जाती है। श्रीलंका में तमिल प्रगतिशील गठबंधन नेता तथा कोलंबो में संसद सदस्य मानो गणेशन ने एक बयान में कहा था कि चीनी जासूसी जहाज का श्रीलंका के समुद्र में आना 'पूरी तरह गलत' है। उन्होंने भारत की चिन्ताओं को उजागर करते हुए कहा कि भारत वह देश है जिसने 'हमारे संकट के समय 4 बिलियन डालर की सहायता दी है।' वैसे ईमानदारी से देखा जाए तो श्रीलंका सरकार ने चीन से युवान वांग 5 का आगमन इस मामले पर 'और चर्चा होने तक' हंबनटोटा बंदरगाह भेजना टालने का अनुरोध किया था। खास राजनयिक अंदाज में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक अखबार से साक्षात्कार में कहा, 'हमें अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखने की आवश्यकता है, पर हम इस क्षेत्र में विशिष्टता का दावा नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार यह कहना गलत होगा कि चीनी जहाज के श्रीलंका के बंदरगाह में ठहरने की अनुमति भारत और चीन के बीच एक टकराव बिंदु है।' क्या विदेश मंत्री का यह कथन नेहरू के उस कुख्यात बयान की तरह नहीं है कि 'वहां घास का एक तिनका भी नहीं उगता है'?

# समग्र शिक्षा से ज्ञान की प्राप्ति

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सफलता के लिए शिक्षक प्रशिक्षण का पुनर्गठन जरूरी है। इसके साथ ही सभी पक्षों का सहयोग भी जरूरी है जिसमें स्वयं छात्र व उनके माता-पिता भी शामिल हैं।**



**बी.के.पी. सिन्हा**
(लेखक, पूर्व आईएफएस अधिकारी हैं)



नेलसन मंडेला ने ठीक ही कहा था कि 'शिक्षा एक सर्वाधिक शक्तिशाली हथियार है जिसका प्रयोग हम दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।' यह मानवजाति के विकास एवं वृद्धि की सीढ़ी है। शिक्षा का अधिकार सबके लिए होना चाहिए ताकि सभी लोग बेहतर भविष्य की संभावनायें तलाश सकें। लेकिन केवल शिक्षा के अधिकार से शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित नहीं होती है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आज के जटिल व तेजी से बदलते परिवेश में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इससे ज्यादा न्यायोचित व ज्यादा टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल एवं मूल्य प्राप्त होते हैं। 'एजुकेशन इंटरनेशनल एंड द असोसियेशन फार सुपरविज़न एंड क्यूरीकुलम डेवलपमेंट' के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा 'बच्चे के समग्र विकास पर ध्यान केन्द्रित करती है जिसमें सामाजिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक व संज्ञानात्मक विकास शामिल हैं, भले ही उसका जेंडर, नस्ल, वंश, सामाजिक-आर्थिक स्तर या भौगोलिक स्थिति कुछ भी हो।' इसका उद्देश्य छात्रों को उन स्थितियों के लिए तैयार करना है जिनका सामना उनको अपने भावी जीवन में करना पड़ सकता है। अब हमें समझ लेना चाहिए कि केवल शिक्षा ही टिकाऊ भविष्य तक नहीं ले जा सकती है, इसलिए टिकाऊ विकास-एसडी के लिए सीखना भी जरूरी है। 2030 एसडी एजेंडे के लक्ष्य 4.7 में परिवर्तनकारी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है जो वैश्विक नागरिकता, टिकाऊ विकास, मानवाधिकार, जेंडर समानता, शांति व सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा दे। 'टिकाऊ विकास' शब्द देने वाली ब्रंडलैंड रिपोर्ट ने इसे परिभाषित करते हुए कहा है 'वह विकास जो वर्तमान की आवश्यकतायें पूरी करे, पर भावी पीढ़ियों की क्षमताओं को प्रभावित न करते हुए उनकी आवश्यकतायें भी पूरी करे।'

यही समग्र दृष्टिकोण है जिसमें आमतौर से तीन क्षेत्र-परिस्थितिकी, सामाजिक व आर्थिक शामिल होते हैं। इससे जीवन के सभी क्षेत्रों का परस्पर संपर्क प्रदर्शित होता है तथा यह टिकाऊ समृद्धि की आवश्यकता पर समान रूप से जोर दिया जाता है। लेकिन आमतौर से हम टिकाऊपन के प्रति एकपक्षीय दृष्टिकोण अपनाते हैं जो हमारी सोच पर आधारित होता है। उदाहरणार्थ, परिस्थितिकी, आर्थिक या सामाजिक दृष्टिकाण पर जोर दिया जाता है जिससे विकृति पैदा हो सकती है। दुनिया आज जिन चुनौतियों का सामना कर रही है वे एक दूसरे से जुड़ी हैं और उनको अलग-थलग कर नहीं समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए, हर साल मौसम की आत्यन्तिक घटनायें सामने आती हैं तथा समुद्र के बढ़ते स्तर से लाखों लोगों को अपने घरों से भागना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप जलवायु शरणार्थी पैदा होते हैं तथा गरीबी बढ़ती है। जलवायु परिवर्तन व गरीबी के अनिवार्य रूप से एक दूसरे से जुड़े होने के कारण एक समस्या को संबोधित किए बिना दूसरी का समाधान नहीं किया जा सकता है। परिस्थितिकी के मूल सिद्धान्तों को समझने के लिए हमें संबंधों, परस्पर जुड़ाव तथा संदर्भों पर गौर करना होगा ताकि परिस्थितिकी, सामाजिक व आर्थिक व्यवस्थाओं की परस्पर निर्भरता व अक्सर अनुमान से परे गत्यात्मकताओं को समझा जा सके। विश्लेषणात्मक या आंशिक सोच के बजाय संदर्भात्मक या समग्र सोच में परिवर्तन ज्यादा टिकाऊ दुनिया बनाने, व्यवस्थित निर्णय लेने तथा नीति निर्माण के लिए आवश्यक है। इसे शिक्षा की आलोचनात्मक क्षमता कहा जाता है क्योंकि इससे छात्रों को धरती पर जीवन की जटिलताओं को समझने व उनमें काम करने का अवसर मिलता है। टिकाऊ विकास हेतु शिक्षा-ईएसडी को सीखने और शिक्षण से जोड़ने पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सहायता मिलती है जो अनेक टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी के लिए महत्वपूर्ण है। इनमें गरीबी का दुष्चक्र तोड़ना, असमानतायें घटाना, जेंडर समानता प्राप्त करना तथा कृषि उत्पादकता बढ़ाना शामिल हैं। यह अन्य प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए भी जरूरी है जिनमें बरबादी करने वाला उपभोग, जैवविविधता संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, स्वच्छ जल, स्वास्थ्य, सफाई व कचरा प्रबंधन शामिल हैं। ईएसडी एक अंतर-विषयी क्षेत्र है जिसमें अनेक विषयों की अवधारणायें समाहित की जाती हैं ताकि प्राकृतिक व मानव-निर्मित प्रक्रियाओं के परस्पर व्यवहार को समझने पर जोर दिया जाता है जिनका अंतत: प्रभाव ग्रह के अनेक बायोमास पर पड़ता है। इसका लक्ष्य जीवन के ऐसे टिकाऊ तरीके खोजना तथा प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन है जिससे महत्वपूर्ण परिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा हो सके तथा मानव समृद्धि के दीर्घकालीन लक्ष्य पूरे हो सकें। व्यवहार बदलने तथा वर्तमान व भावी पीढ़ियों को टिकाऊ भविष्य के लिए आवश्यक ज्ञान व कौशलों से लैस करने के लिए शिक्षा में व्यापक सहभागी विधियों का प्रयोग होता है, जैसे समस्या आधारित तथा परियोजना आधारित शिक्षण। इन क्रियाविधियों से समस्या-समाधान तथा अंतर-विषयी व व्यवस्थित विचार कौशल प्राप्त होता है। इससे टिकाऊपन के संदर्भ में 'क्या सोचें' के बजाय 'कैसे सोचें' सीखने में सहायता मिलती है।

हमारे टिकाऊ भविष्य के लिए ऐसे समाजों व देशों की आवश्यकता है जो एकसाथ काम करें। इसलिए शिक्षा के स्तरों पर हमें सहभागी शिक्षण की पैरवी करनी चाहिए। सहभागी शिक्षण में छात्र छोटे समूहों में एकसाथ काम कर समझ व समाधान के साझा लक्ष्य तय करते हैं। इससे शिक्षा के प्राथमिक उद्देश्य पूरे होते हैं जिसमें जटिल परिस्थितिकीय, सामाजिक व आर्थिक मुद्दों पर एकसाथ काम करने में सक्षम जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करना प्रमुख है। इस प्रकार शुरुआती स्तर पर सीखने की सहयोगी परियोजनायें आत्मविश्वास व आलोचनात्मक सोच, सकारात्मक परस्पर निर्भरता, विविधतापूर्ण समझदारी तथा अन्य सामाजिक कौशल विकसित करने में सहायक हो सकती हैं। इन कौशलों में नेतृत्व के गुण, निर्णय लेना, संवाद, विश्वास बनाना, टकराव प्रबंधन तथा स्वामित्व की भावना शामिल हैं। शिक्षा संस्थानों को विभिन्न पक्षों से साझेदारी करने की जरूरत है जिनमें अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, आदि शामिल हैं, ताकि वे परस्पर एक दूसरे से सीख सकें। इससे छात्रों को असली जीवन के मुद्दों से संपर्क करने में सहायता मिलेगी और वे दीर्घकालीन टिकाऊ समाधान तैयार करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान व कौशल विकसित कर सकेंगे।

परंपरागत रूप से ईएसडी को शिक्षा व्यवस्थाओं में अलग आयाम समझा जाता था। लेकिन पिछले कुछ सालों में इसे सभी स्तरों पर मुख्यधारा के साथ समाहित करने का तर्क दिया जा रहा है जिनमें अनौपचारिक व औपचारिक शिक्षा शामिल हैं। इसके लिए विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञानों, मानविकी, आदि की पाठ्यपुस्तकों में सभी प्रकार के व्यवस्थित परिवर्तन जरूरी हैं। इसके लिए शिक्षा व्यवस्थाओं में सुधार भी जरूरी है जिसमें पाठ्यचर्या मजबूत करना, संज्ञानात्मक व गैर-संज्ञानात्मक तत्व, सीखने के परिवेश में परिवर्तन, विविध साझेदारियों की स्थापना, शिक्षक प्रशिक्षण, सीखने के स्थानीय अवसर तथा खोजी शिक्षाविधियां शामिल हैं। ईएसडी शिक्षण के लिए अनेक विषयों का ज्ञान जरूरी है जो आमतौर से शिक्षकों की विशेषज्ञता के बाहर हैं। इसलिए शिक्षक शिक्षण का पुनर्गठन अध्ययन परिवेश के पुनर्गठन हेतु आवश्यक है। इसमें शिक्षाशास्त्र के विकास व शोध हेतु सर्वोत्तम व्यवहारों की पहचान शामिल है। हालांकि, बिना प्रभावी नीतियों, आपरेशनल ढांचे, राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्तीय सहायता व सभी पक्षों के सहयोग के इतने व्यापक सुधार संभव नहीं हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इक्कीसवीं शताब्दी की पहली ऐसी शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य एसडीजी के अनुसार शिक्षा व्यवस्था को बदलना तथा शिक्षा को समग्र, समावेश, बहुविषयी, छात्र-केन्द्रित, खोज-संचालित व प्रायोगिक बनाना है ताकि भारत को एक जीवन्त ज्ञान-आधारित समाज व वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित किया जा सके। 'एजेंडा 2030' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता बदलने में हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि मानव जीवन की गुणवत्ता की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। सरकारों, शिक्षकों, शिक्षा संस्थानों व सभी पक्षों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी जिनमें स्वयं छात्र व उनके माता-पिता शामिल हैं। हम आज ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां दो सड़कें अलग-अलग होती हैं। लेकिन अब तक हम जिस सड़क पर चले हैं वह भ्रामक रूप से सहज है, जबकि दूसरी सड़क अक्सर कठिन है और उस पर बहुत कम लोग चले हैं। लेकिन धरती को बनाए रखने के लिए यह निश्चित रूप से एक लक्ष्य पर पहुंचती है।

# प्रधानमंत्री मोदी की पांच प्रतिज्ञायें

**प्रदीप वाजपेयी**
(लेखक, पूर्व बैंकर हैं)



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नौवें स्वतंत्रता दिवस के भाषण में देश के लिए जो पांच वादों की घोषणा की है, उनमें से दो वादे अपनी सापेक्ष नवीनता के लिए खास तौर पर विशिष्ट थे। बाकी उनका भाषण अपेक्षित तर्ज पर था - यानी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी, भाई-भतीजावाद, वंशवाद की पारंपरिक तौर पर निंदा तथा विकास, आत्मनिर्भरता, एकता और सहयोग, तथा जातीय, क्षेत्रीय सभी के प्रति समानता, धार्मिक विविधताएं और अपनी विरासत पर गर्व करना। हमेशा की तरह, सूक्ष्म बारीकियां थीं जो भावी चीजों की ओर इशारा करती थीं। लेकिन उससे पहले दो खास बातें कहीं ।

सबसे पहले, उन्होंने सैकड़ों वर्षों की दासता और निर्भरता, गुलामी की ओर इशारा किया, जिसने हमारी मानसिकता को विकृत कर दिया है और इस बात पर जोर दिया कि इसके अंतिम अवशेषों को हमारे दिमाग के अंतराल से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत को अब दुनिया से सत्यापन-प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं है। यह एक साहसिक, अलंकृत बयान था, जिसे किसी अन्य पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री ने व्यक्त नहीं किया था, विशेष रूप से ऐसे अवसर और स्थल पर। ऐसा लग रहा था कि लंबे समय से दबे हुए राष्ट्र की आत्मा मोदी के सम्मोहक वक्तृत्व में नेहरू के मधुर वाक्यांश को उधार लेने के लिए उच्चारण ढूंढ रही थी। पृष्ठभूमि में लाल किले की खाली, उदास प्राचीर और देश के विस्मरणीय, मार्मिक मध्ययुगीन अतीत के साथ, जो कि अधिकांश भारतीयों में उद्घाटित होता है, वह क्षण ऐतिहासिक विडंबना में रचा-बसा था।

यह भारत के नए आत्मविश्वास और नरेंद्र मोदी सरकार की विदेशी व घरेलू दोनों तरह की गैलरी में नहीं खेलने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण था। यह भारत के राष्ट्रीय हित की एकतरफा खोज है, जो अंतरराष्ट्रीय गुलदस्ते या आंतरिक ईंट-पत्थरों से बेखबर है, जिसने उसे अनुच्छेद 370 को रद्द करने में सक्षम बनाया है, साथ ही जो यूक्रेन-रूस संघर्ष के प्रति हमारा संतुलित, निष्पक्ष दृष्टिकोण भी है। भारत अब अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं है जैसा कि उसने जुलाई 1972 में किया था जब उसने



कश्मीर विवाद को सुलझाए बिना शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, वो भी तब, जब हमारी सेना ने पाकिस्तान को अपने घुटनों पर ला दिया था और उसके 93,000 युद्धबंदियों को अपनी छावनियों में बंद किया गया था।

दूसरा, पीएम ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्रियों, यहां तक कि खुद प्रधानमंत्री सहित, सभी को नागरिकता के कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उनका जोर राजनेताओं पर था, यह उनकी बात को स्पष्ट करने के लिए 'सीएम और पीएम' का उल्लेख करने से पैदा होता है। इसका भारतीय राजनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस प्रकार, यह राजनेता को ईमानदार और कानून का पालन करने के लिए- अल्पकालिक चुनावी लाभ की खोज में राष्ट्रीय हितों से समझौता करने के बजाय उन्हें सर्वोपरि रखने, रेवड़ी या मुफ्तखोरी वाली संस्कृति से बचने , जिसके बारे में उन्होंने हाल ही में बात की थी और जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रतिकूल टिप्पणी की थी - सार्वजनिक जीवन में औचित्य, सत्यनिष्ठा और नैतिकता की अनाप-शनाप अवहेलना करने वाले अभिमान पर लगाम लगाने के प्रति सावधान करता है। यह वित्तीय घोटालों, माफिया लिंक, आपराधिक पृष्ठभूमि, जातिवादी लोकतंत्र, जातिवादी हेर-फेर, भाई-भतीजावाद और वंशवाद के अधिकार के लिए ज्यादा कुख्यात अपराधी के लिए एक राजनेता की चेतावनी थी। इस बात ने निराश व पस्त, आम आदमी को अंदर से छुआ होगा, क्योंकि वही राजनीतिक बौनों के षडयंत्रों के पीड़ितों में से है।

इन दो प्रतिज्ञाओं के अलावा, उन्होंने राज्यों को स्वस्थ, सहकारी व प्रतिस्पर्धी संघवाद की ओर प्रेरित किया, कुछ नेताओं द्वारा परस्पर-खिलाफ की जानी वाली कार्रवाई से बहुत दूर। भाई-भतीजावाद के खिलाफ उनके आह्वान में राजनीति के अलावा अन्य क्षेत्र शामिल थे - उदाहरण के लिए खेल, शिक्षा और नौकरियों में जाति आधारित आरक्षण से लंबे समय से त्रस्त देश में योग्यता पर उनका जोर नयी बात था। उन्होंने अन्य बातों के साथ-साथ, पार्टी और वैचारिक हदबंदियों से ऊपर उठकर, नेहरू, जेपी और लोहिया जैसी स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी मशालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बार-बार 'मेरे 130 करोड़ देशवासियों', 'एकता और एकीकरण', 'सामूहिक अंतरात्मा', 'कोई मेरा नहीं, कोई दूसरा नहीं' की बात की और भारत की विविधता इसकी सबसे बड़ी संपत्ति है। जाहिर है, मोदी की 2047 की भारत योजना में कोई भी समूह छूटा नहीं है। एक ऐसे नेता के लिए, जिसे हाल ही में एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में 'इंडियाज डिवाइडर-इन-चीफ' के रूप में ब्रांडेड किया गया था, उनका एकजुटतावादी व्यक्तित्व और भाषण दर्शकों को असल विपरीत वास्तविकता की याद दिला रहा था।

पिछले वर्षों की तरह, पीएम सभी क्षेत्रों के बच्चों के साथ सहजतापूर्वक खुशी से घुलमिल गए, जिन्होंने एक टीवी कमेंटेटर के मुताबिक 'उनके चेहरे पर पवित्र खुशी' के साथ अनायास प्रतिक्रिया दी। विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्यों को उत्साह से उनको शामिल किया, जब मोदी भीड़ के बीच से उनके पास पहुंचे। श्रीनगर के लाल चौक पर विभिन्न जातीय और धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक तिरंगा फहराना एक स्वागत योग्य आश्चर्य था। यह मोदी का पसंदीदा नारा था - सबका साथ, सब का विश्वास या सबका समर्थन, सबका विश्वास- जो कि टीवी स्क्रीन पर बड़े पैमाने पर प्रसारित हो रहा था। ऐसा लग रहा था कि भारत सचमुच अपने रास्ते पर है।

## आप की बात

### मोदी का संबोधन

**लालकिले** की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन निसन्देह राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु जन-जन की भागीदारी हेतु प्रेरणा देता है, साथ ही उनका परिवारवाद को भ्रष्टाचार से जोड़ना भी गलत नही है। कारण स्पष्ट है कि राजनीति को कमाई का साधन मानने वालों ने इसे पारिवारिक व्यवसायिक संस्थान बनाकर रख दिया, जहां विरासत अपने परिवार तक ही सीमित रखने की परंपरा चलाई गई। सवाल यह है कि भ्रष्टाचार को केवल कुछ विशिष्ट परिवारों अथवा विपक्षी दलों के ही सर मढ़ना कितना औचित्यपूर्ण है ? क्या सत्ता पक्ष के परिवार भ्रष्टाचार के मामले में दूध से धुले हुए हैं? वैसे भ्रष्टाचार के समूल विनाश के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कठोर कार्रवाई की जानी अपेक्षित है। प्रधानमंत्री ने संस्थानों में भी परिवारवाद के विस्तार की बात कही है। विस्तार से देखना होगा कि इससे उनका क्या अर्थ है। आजादी के बाद से अनेक वैज्ञानिक व तकनीकी संगठनों तथा सार्वजनिक उद्यमों ने परिवारों के अनेक लोगों ने उल्लेखनीय योगदान भी दिया है। यह उस समय के अनुकूल था जब पढ़े-लिखे लोग विदेश जाना ज्यादा पसंद करते थे। क्या इस पर भी गौर किया जाएगा।

-**सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### मानसिक रोगी

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आधुनिक जीवन शैली, भाग-दौड़ भरी जिंदगी, रातों रात शिखर पर पहुंचने की आंकाक्षा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण पुरे विश्व में 45 करोड़ लोग तनाव, मानसिक अवसाद और असुरक्षा की भावना (फोबिया)जैसी मानसिक बिमारियों से ग्रस्त हैं। इनकी संख्या बढ़ रही है। इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने व राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को गति देने की आवश्यकता है। ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में मानसिक रोगियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण हेय ही है। परिवारजनों को पीड़ित के साथ संवाद बनाये रखना व उसे समझना चाहिए क्योंकि परिवार से उसे मानसिक संबल मिलता है। इसके अलावा बेसहारा, बेहाल भटकते हुए मानसिक रोगी को एक समस्या मानकर मानसिक अस्पताल पहुंचाने का कार्य करने के लिए उत्सुक व्यक्तियों व स्वेच्छिक संस्थाओं व शासन को आगे आना होगा। पीड़ित रोगियों के लिए मानसिक चिकित्सा कक्ष का भी पृथक से निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोग पीड़ित को नजदीकी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा सकें।

-**संजय वर्मा**, मनावर

### रूश्दी पर हमला

**घाटी** में आतंक की घटनाएं अक्सर घटित होती रहती हैं। एक़ बार फिर से कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्या के प्रयास में सफल रहे आतंकी। उन्होंने इस बार दो भाइयों को निशाना बनाया, जिनमें से एक़ काल के गाल में समा गया। जो कोई भी राष्ट्रवाद की बात करता है कश्मीर में उसे ही ये आतंकी अपना शिकार बनाते हैं। लगातार होती घटनाओं के कारण ही असुरक्षा का भाव वहां के जन-साधारण में है। सुरक्षा बलों के लगातार प्रयास के बाद भी आतंक का बीज अपनी जड़ें जमाये है घाटी में, सरकार एक़ ओर तो पाक अधिकृत कश्मीर की बात करती है मगर दूसरी ओर भारत के हिस्से के राष्ट्रवादी अभी तक पूर्ण रूप से सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं। कश्मीर के राष्ट्रवादियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की अहम् जिम्मेदारी है। वैसे कश्मीर की नकारात्मक घटनाओं को वहां हुए विकास तथा सकारात्मक घटनाओं पर भारी नहीं पड़ने देना चाहिए। जब हमारा पड़ोसी देश व जिहादी कश्मीर में अव्यवस्था पैदा करने के सारे प्रयास कर रहे हों तो स्थिति स्वाभाविक रूप से गंभीर होगी।

-**मनोज**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**हम** भ्रष्टाचार और परिवारवाद की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। परिवारवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** आज इन चीजों-भ्रष्टाचार व परिवारवाद पर चर्चा नहीं करना चाहता हूं।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**रुश्दी** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सार्वभौम अधिकार के पक्ष में खड़े हैं।

- **टोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव

# पूजा स्थलों और मुख्य मार्गों के निरीक्षण पर निकले अफसर

### ● कृष्ण जन्माष्टमी और गणेश पूजा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की



**अयोध्या।** आगामी 19 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी और 31 अगस्त से गणेश पूजा महोत्सव का कार्यक्रम पूरे नगर में प्रारंभ हो जाएगा तथा गांव व शहर से लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण दर्शन के लिए नगर में आएंगे लेकिन नगर के अधिकांश पूजा स्थलों और प्रमुख मार्गों की सड़कों का हाल सीवर लाइन डालने की वजह से बहुत ही दयनीय स्थिति में है जिन पर पैदल चलना भी दूभर हैए इसलिए केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अनुरोध पर अपर जिला अधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला प्रमुख पूजा स्थलों एवं मुख्य मार्गों के निरीक्षण के लिए केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल और समिति के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ भ्रमण के लिए निकला।

निरीक्षण की शुरुआत नियावां मछली मंडी से नयापुरवा होते हुए जमथरा मार्ग से हुई जहां पर विगत तीन.चार वर्षों से सड़क अत्यंत क्षतिग्रस्त है, इसके पश्चात नरेंद्रालय से चौक होते हुए जमुनिया बाग तक क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया गया। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि त्योहार के समय लाखों की संख्या में श्रद्धालु इन्हीं मार्गो से आते जाते हैं और मूर्तियों को पंडाल में लाने और उसके बाद विसर्जन शोभा यात्रा का भी यही मुख्य मार्ग है और जिस तरह से सड़कों और गलियों की हालत है उस स्थिति में ना तो आयोजन समितियां सुविधा पूर्वक पूजा कर पाएंगे और ना ही श्रद्धालुगण ही सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे। निरीक्षण में साथ साथ चल रहे केंद्रीय समिति के वरिष्ठ संरक्षक विजय कुमार गुप्ता ने कहा की तमाम जगहों पर जहां पंडाल बनते हैं उस जगह पर भी बड़े.बड़े गड्ढे हो गए हैं जिस कारण से पंडाल बनाने में भी असुविधा का सामना करना पड़ेगा इस कारण तुरंत इस समस्या को दूर किया जाना अति आवश्यक है, इसके पश्चात भ्रमण करते हुए पूरा अमला बड़ा रमना, मानवनगर, साहबगंज पानी की टंकी होते हुए बछड़ा सुलतानपुर, बौलीया जनौरा और रामनगर मौदहा मुख्य मार्ग पर निरीक्षण के लिए गया। अपर जिलाधिकारी नगर ने निरीक्षण में साथ चल रहे सहायक नगर आयुक्त सूर्य प्रकाश पांडे और जल निगम नागर इकाई के ए ई राजेंद्र कुमार यादव को निर्देशित किया कि तुरंत इन मार्गो और पूजा स्थलों को सही किया जाए जिससे किसी भी आयोजन समिति को पूजा पंडाल बनाने मेंएमूर्तियों को लाने ले जाने में और अपने परंपरागत कार्यक्रम करने में असुविधा का सामना ना करना पड़ेण् इसके साथ ही दर्शन के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं को भी कोई असुविधा ना हो यह भी सुनिश्चित किया जाएण् नगर निगम के अधिशासी अभियंता मोद नारायण झाए जे ई विनोद पटेल और राजेश पटेल सभी समस्याओं को नोट कर रहे थेण् निरीक्षण में शामिल रहे केंद्रीय समिति के गगन जायसवालए प्रेम नाथ रायए जे एन चतुर्वेदीए सुप्रीत कपूरए रोहित अग्रवाल ने कहां कि जिस प्रकार से पाइप लाइन डालने के पूर्व सड़कें जिस हालत में थी उनको पुनः उसी तरह सीसी रोड अथवा इंटरलॉकिंग बनाकर समस्या को दूर किया जाना चाहिए और यह कार्य पूजा प्रारंभ होने के पहले होना बहुत ही आवश्यक है। केंद्रीय समिति के जोनल प्रमुख अतुल सिंह, बजरंगी साहू, अखिलेश पाठक, पवन निषाद आदि ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया।

# फर्जी अंकपत्र से डिग्री निकलवाने आये शातिर को मुक्त विश्वविद्यालय ने दबोचा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में फर्जी अंकपत्र पर डिग्री निकलवाने आए शातिर को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय कर्मचारियों ने धर दबोचा। उक्त शातिर को कुलसचिव द्वारा फाफामऊ थाने को सुपुर्द करते हुए इस संबंध में एफआईआर दर्ज करा दी गई। पुलिस महा निरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही कराने की अपेक्षा की गई है। कुलाधिपति द्वारा सभी विद्यार्थियों को यथाशीघ्र डिग्री वितरित करने का निर्देश मिलने के उपरांत विवि के परीक्षा विभाग का डिग्री सेक्शन अतिरिक्त कर्मचारियों को लगाकर डिग्री वितरण का कार्य तेजी से कर रहा है। परीक्षा विभाग के काउंटर से भी डिग्री लेने वालों की कतार लगी रहती है। एक युवक ने विवि के अंक पत्र की छाया प्रति और आईडी प्रूफके साथ डिग्री निकलवाने के लिए आवेदन किया। उक्त आवेदन पत्र जब डिग्री सेक्शन में पहुंचा तो उसके नामांकन संख्या का मिलान विश्वविद्यालय के डेटाबेस से किया गया तो वह फर्जी निकला। इसके बाद डिग्री लेने आए युवक से जब मूल अंकपत्र दिखाने को कहा गया तो वह बगलें झांकने लगा। संदेह गहराने पर जब परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह ने उससे गहन पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि किसी अन्य छात्र की अंकतालिका से छेड़छाड़ कर फर्जी ढंग से इसे तैयार किया है। एमए अंग्रेजी के जिस अंकपत्र पर डिग्री निकलवाई जा रही थी वह अंकपत्र जून 2013 की परीक्षा के उपरांत 6 दिसंबर 2013 को निर्गत है और परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह के हस्ताक्षर स्कैन करके उसमें लगाए गए हैं। जबकि देवेंद्र प्रताप सिंह मुक्त विश्वविद्यालय में 2013 में थे ही नहीं। इस फर्जीवाड़े को गंभीरता से लेते हुए कुलसचिव डॉ पी पी दुबे ने फाफामऊ थाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी है। यह अंकपत्र गाजीपुर जिले के राजधारी सिंह स्मारक महाविद्यालय गाजीपुर अध्ययन केंद्र का बताया जाता है।

फर्जीवाड़े में संलिप्त शातिर ने डिग्री निकलवाने के लिए पहचान पत्र के रूप में जो आधार कार्ड लगाया था उस पर लालचंद प्रसाद नाम लिखा हुआ है जो कि आजमगढ़ का रहने वाला है। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के संज्ञान में यह मामला आने पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए इस फर्जीवाड़े को पकड़ने वाले कर्मचारियों को और मुस्तैदी से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि परीक्षा विभाग में किसी भी बाहरी सदस्य की एंट्री रोकी जाए। सीसीटीवी से भी निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल, त्यौहार को लेकर जोरदार तैयारियां शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**जहां दुनियाभर** में भगवान कृष्ण के जन्म को जन्माष्टमी के रूप में मनाया जा रहा है। वहीं मिठाई की देबत्तमा सहा और आशीष भरद्वाज कुमकुम भाग्य की अपर्णा मिश्रा प्यार का पहला नाम राधा मोहन की निहारिका रॉय और भाग्य लक्ष्मी के रोहित सुचंती ने इस दिन से जुड़ीं अपनी सबसे खास यादें बतायीं। ज़ी टीवी के मिठाई में मिठाई का रोल निभा रहीं देबत्तमा सहा बताती हैं मैं बचपन से मंदिरों में जाती रही हूं और तब से ही जन्माष्टमी के उत्सव की धूम देख रही हूं। अपने शो मिठाई में अपने किरदार की तरह मैं भी भगवान कृष्ण की सीख में यकीन रखती हूं। उनकी सारी कथाएं आज के युग में भी मान्य हैं और सभी से जुड़ती हैं।

इस दिन मैं उनका उत्सव मनाती हूं और इतने साल मुंबई में रहते हुए मैंने यह देखा है कि जन्माष्टमी बड़ी खूबसूरती से मनाई जाती है। मिठाई में सिद्धार्थ का किरदार निभा रहे आशीष भारद्वाज कहते हैं मेरे शहर खटौली में जन्माष्टमी हमेशा बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। सभी मंदिरों को पूरी तरह सजाया जाता है और सभी अपने घरों को भी सजाते हैं। सारा दिन पूरा शहर जिंदगी से भरा होता है। जो मुझे बहुत अच्छा लगता है। आज भी मुझे वो वक्त याद आता है। जब मैं मेला देखने जाता था और अपने शहर में झांकियां देखता था। कुमकुम भाग्य में शहाना का रोल निभा रहीं अपर्णा मिश्रा ने अपनी बातें रखीं। प्यार का पहला नाम राधा मोहन राधा का रोल निभा रहीं निहारिका रॉय कहती हैं मेरी फैमिली के मेंबर्स भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भक्त हैं और मैंने पिछले कुछ साल पहले ही भगवान कृष्ण के बारे में पढ़ना शुरू किया है। भाग्य लक्ष्मी में ऋषि का रोल निभा रहे रोहित सुचंती कहते हैं मैं वाकई जन्माष्टमी का त्यौहार बहुत एंजॉय करता हूं।

# बसखारी में मॉर्निंग रेड के दौरान दर्जनों विद्युत चोरी करते पकड़े गए



**अम्बेडकरनगर।** जिले में विद्युत विभाग द्वारा चलाये जा रहे बिजली चोरी अभियान में दर्जनों उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग ने बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड आलापुर के निर्देशन में उपखंड अधिकारी आमोद कुमार एवं विजिलेंस टीम प्रभारी बृजेश्वर यादव, अंकित सिंह और उनकी टीम द्वारा बुधवार प्रात: 6 बजे मॉर्निंग रेड की कार्यवाही बसखारी में आजमगढ़ रोड, मखदूमनगर, सिपाहीटोला एवं शिकारीटोला इत्यदि इलाको में की गई। दर्जनों लोगो के विरुद्ध विद्युत चोरी/विद्युत अनियमितता की प्राथमिकी विद्युत चोरी निरोधक थाने में दर्ज कराई गई। विद्युत चोरी करते पाए गए लोगो में नवनीत तिवारी के द्वारा व्यवसायिक विधा में,जाहिद खान द्वारा मीटर बाईपास मो. बेलाल द्वारा घरेलू से वाणिज्यिक, ज्ञानमती के द्वारा घरेलू से वाणिज्यिक विधा विरातू एक किलोवाट वाणिज्यिक विधा में मीटर बाईपास, कादिर खान के द्वारा तीन किलोवाट मीटर बाईपास कर घरेलू विधा में विद्युत चोरी, सैय्यद दस्तगीर अहमद पांच किलोवाट की मीटर बाईपास कर घरेलू विधा में चोरी की जा रही थी जिसमे सभी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि वितरण खण्ड के सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे क्षेत्र के विद्युत चोरी के स्थानों को चिन्हित कर प्रात:काल एवं रात्रि में सघन अभियान चलाकर विद्युत चोरी करने वाले अवैध नलकूपों तथा अन्य प्रकार के विद्युत चोरी पर छापेमारी कर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। यह अभियान लगातार जारी रहेगा साथ ही साथ बड़े बकायेदारों और कभी भी बिजली बिल ना जमा करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध संयोजन विच्छेदन तथा आर सी भेजने की भी कार्यवाही भी की जारी है। विगत एक माह में अब तक कुल 154 लोगो से बकाए की वसूली हेतु लगभग रुपए 30 लाख की आर सी जिला प्रशासन को भेजी गई है।

## अद्भुत, अनुभव और अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया: योगेंद्र

**प्रयागराज।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज भारत में वी पच्चीस प्रो के लांच के साथ अपने वी सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार किया। खूबसूरत प्रीमियम डिजाइन के साथ वी पच्चीस प्रो को चौसठ एमपी ओआईएस नाइट कैमरा कलर चेंजिंग फ्लोराइट एजी ग्लास एक सौ बीस हर्ट्ज थ्री डी कर्व्ड डिस्प्ले और बत्तीस एमपी आई एएफ सेल्फी कैमरा के साथ क्लास और इनोवेशन के परफेक्ट कॉम्बिनेशन को प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। जो कि कस्टमर को एक शानदार अनुभव प्रदान करेगा। वी पच्चीस प्रो का उद्देश्य एक ही बॉडी में डिजाइन किए गए शानदार कैमरे हाई परफॉर्मेंस एनर्जी एफीशिएंट हार्डवेयर की मदद से उपयोगकर्ताओं को खुद को बेहतर रूप से एक्सप्रेस करने का मौका देना है। वीवो इंडिया के ब्रांड स्ट्रैटेजी के हेड योगेंद्र श्रीरामुला ने कहा वीवो वी तेईस सीरीज़ की बेजोड़ सफलता के बाद भारत में बिल्कुल नए वीवो वी पच्चीस प्रो की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

## क्विक न्यूज

### रोटरी क्लब ग्रेटर ने मनाया गया स्वतंत्र दिवस समारोह

**अयोध्या।** 15 अगस्त को रोटरी क्लब ग्रेटर फ़ैज़ाबाद द्वारा अंगीकृत प्राथमिक विद्यालय सालारपुर में धूमधाम से मनाया गया । आज़ादी के 75वे वर्ष कोअमृत महोत्सव के रूप में मनाने के क्रम में क्लब द्वारा विद्यालय को 5पंखेएबच्चों के बैठने के लिये 6 बेंच ए 160 बच्चों को स्टेशनरी एंव मिष्ठान वितरित किया। सर्वप्रथम क्लब अध्यक्ष संजय मित्तल द्वारासंस्थापक अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल एंव सभी सदस्यों के साथ झण्डारोहण किया गया । उसके बाद माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एंव माल्यार्पण किया गया । अमृत महोत्सव में विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में देशभक्तिपूर्ण गीत पर बच्चों द्वारा नृत्य अत्यंत मनोहारी था ।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि शिक्षा के साथ.साथ बच्चों को देश भक्ति के लिये भी सदा प्रेरित करते रहना चाहिये ।जिससे यह राष्ट्र सदैव ही सशक्त रहेगा । रोटरी ग्रेटरविंग की सदस्यीयों ने सभी को तिरंगी पट्टियाँ पहनायी । सालारपुर के प्रधान द्वारा अध्यक्ष संजय मित्तल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य सृष्टि तिवारी द्वारा सभी अतिथियो का सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिये धन्यवाद दिया।

### मारने पीटने के मामले में दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अंबेडकरनगर।** थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र अन्तर्गतभीटी गाव के इन्द्रजीत पुत्र जगदेव विश्वकर्मा ने तहरीर दे कर बताया कि रंजिश के कारण रात 10 बजे गांव के अंकुर पुत्र हृदयराम व अजय पुत्र अच्छेलाल विश्वकर्मा उसके दरवाजे पर आकर उसे मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देरहे थे उसने मना किया तो वे लोग उसे लाठी डन्डे ईट से मारने लगे वह अपने घर मे भाग गया तो वे लोग घर मे घुसकर मारे पीटे शोर सराबा होने पर वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। थानाध्यक्ष ने बताया कि इन्द्रजीत की तहरीर पर अंकुर पुत्र हृदयराम व अच्छेलाल विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 452 आईपीसी का मुकदमा दर्ज कर जांच हो रहा है।

### महरुआ थाना क्षेत्र में महरुआ कस्बे में दो पक्षों में मारपीट

**अंबेडकरनगर।** कोमल पुत्री लक्ष्मन निवासी महरुआ ने महरुआ थाने पर तहरीर दी है कि हमारे प्रतिद्वंद्वी लव कुमार सोनी कुश कुमार सोनी अंकिता व निर्मला निवासी महरुआ मंगलवार की शाम को 7 बजे पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर उक्त लोगों ने बादनी तथा बादनी की बहन बबीता को कहासुनी होते हुए मारे पीटे तथा गाली गलौज दिए हल्ला गुहार पर ग्रामीणों को आता देख लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थाना अध्यक्ष राजीव ने कोमल की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### पुरूषों ने दिखाया कुकिंग का कौशल

**लखनऊ।** फर्नीचर और होमवेयर शॉपिंग डेस्टिनेशन, होम सेंटर ने अपने ब्रांड एम्बेसडर और शेफ रणवीर बरार के साथ फीनिक्स पैलेसियो मॉल में रसोई का बादशाह प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह अद्वितीय प्रतियोगिता लखनऊ के पुरुषों के लिए थी और इसमें उन्हें अपने कुकिंग के कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिला। प्रतियोगिता के जज शेफरणवीर बरार थे। लखनऊ शहर न केवल खाने का स्वाद लेता हैए बल्कि स्वादिष्ट व्यंजन भी उतने ही उत्साह के साथ बनाता हैए जो होम सेंटर द्वारा आयोजित रसोई के बादशाह को मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया में देखने को मिला। इस कुकिंग प्रतियोगिता के फाईनल में पहुँचने से पहले प्रतियोगियों को अनेक राउंड्स से गुजरना पड़ा। फाईनल राउंड के जज शेफरणवीर ब्रार थे और उन्होंने विजेता पहले रनर अप और दूसरे रनर अप की घोषणा कीए जो क्रमशः देवैयाए अभिषेक और सूर्य प्रताप थे। विजेताओं को होम सेंटर की ओर से गिफ्ट कार्ड दिए गए।

### एमबीए और एमसीए के प्रवेश फार्म भरने की तिथि बढ़ाई गई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा संचालित एमबीए और एमसीए के प्रवेश परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 अगस्त 2022 कर दी गयी है। जिसकी प्रवेश परीक्षा 27 अगस्त 2022 को सम्पन्न होगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय समन्वयक डा अभिषेक सिंह ने दी है।

### बेहतर सुविधा देने पर उपखण्ड अधिकारी को मिला प्रशस्ति पत्र

**अम्बेडकरनगर।** जिले के विद्युत वितरण खण्ड आलापुर अंतर्गत बसखारी उपखण्ड अधिकारी आमोद कुमार को मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड के प्रबन्ध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत ने लखनऊ में स्वतन्त्रता दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के तहत प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंट देकर सम्मानित किया। उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में ओटीएस अभियान, बेहतर राजस्व वसूली, लाइन लॉस कम करने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि आलापुर डिवीजन राजस्व प्राप्ति और बिजली चोरी रोकने में पूरे मंडल के साथ साथ जोन में अव्वल रहा, जिसमे उपखण्ड अधिकारी आमोद कुमार सहित अन्य कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

## तीन दिवसीय आशतीकरन मेले का हुआ शुभारम्भ

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरी आशतीकन मंदिर पर तीन दिवसीय मेला का शुभारंभ कल से शुरू हो रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ऐतिहासिक मेला कई वर्षों से लगता चला आ रहा है और यह मेला भादव में कृष्ण पक्ष अष्टमी को लगता है मंदिर के पुजारी स्व0गयाप्रसाद की माता जी से जब बात कीया तो बताया कि जितने भी श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं और सात प्रकार के अनाज चढ़ाते है और नाग देवता की पूजा अर्चना करते हैं वहीं पर अध्यक्ष भवानी बक्स सिंह ने बताया कि मेले की पुरी तैयारी हो चुकी है दुर दुर की दुकानें पहुंच कर सजावटी में जुटी हुई है मेले का समापन 21/8/2022को बेद मंत्रो से हवन-पूजन किया जाएगा और भीटी थाना प्रभारी से जानकारी फोन द्वारा किया गया तो मोबाइल स्विच ऑफ था लेकिन सूत्रों द्वारा पता चला कि पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हर वर्ष की तरह इस बात भी रहेगा इस भात भी रहेगा।

# धन्यता भौतिक पदार्थों से नहीं सुविचारों से बढ़ती है: जगदगुरु डा. राघवाचार्य

### ● श्रीरामलला सदन देवस्थान ट्रस्ट में श्रीमद् बाल्मीकि रामायण कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता



श्रीमद्वाल्मीकि रामायण की कथा कहते जगदगुरु डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज

**अयोध्या।** श्रीरामलला सदन देवस्थान ट्रस्ट रामकोट अयोध्या में चल रही श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण कथा का पंचम दिवस जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने कहा कि राम तो प्रत्येक प्राणी में रमा हुआ हैए राम चेतना और सजीवता का प्रमाण है। भारतीय समाज में मर्यादा, आदर्श, विनय, विवेक लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम का नाम राम है। जगतगुरु ने कहा असीम ताकत अहंकार को जन्म देती है। अपार शक्ति के बावजूद राम संयमित है। वे सामाजिक है, लोकतांत्रिक है और मानवीय करुणा जानते हैं। स्वामी जी ने कहा भगवान राम ने कहा है कि पर हित सरिस धरम नहीं भाई। भगवान श्रीराम के प्रतीक हैं और मर्यादा को स्थापित करने वाले प्रभु राम समसामयिक इसके साथ.साथ वह सभी भारतीयों के रोम रम में बसे हुए है।

व्यासपीठ से जनमानस के लिए जगतगुरु महाराज ने कहा जीवन की धन्यता भौतिक पदार्थों के संग्रहण में नहीं अपितु सुविचारों एवं सद्गुणों के संचयन में निहित है। जिसके पास जितने श्रेष्ठ एवं पारमार्थिक विचार हैं वह उतना ही सम्पन्न प्राणी है। आज समाज में अशांति कोई पशु या जानवर नहीं फैला रहा ए बल्कि अपने स्वरूप से अनभिज्ञ भौतिक पदार्थ की दौड़ में लगा मनुष्य ही फैला रहा है। दूसरों को शांत करने से पहले खुद शांत होना होगा। शांति व आनंद का स्रोत केवल ईश्वर में है जो भक्ति द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। मनुष्य के अन्त:करण में जो गुणों के बीज है वह सत्संग और कुसंग के कारण अंकुरित होते है। अगर कुसंग के जल की वर्षा हो जाय तो अन्त:करण में छिपे हुए दुर्गुण सामने आ जाते है। व्यक्ति को कुसंग से बचना चाहिए। इसका तात्पर्य यह है कि अगर वर्षा ही नहीं होगी तो अंकुर भीतर से कैसे फूटेगा। अतएव यदि हम उन सहयोगियों के, जो हमारे दुर्गुणों को, हमारी दुर्बलताओं को बढ़ा दिया करते हैं अगर सन्निकट नहीं जायेंगे तो भले ही हमारे जीवन में दुर्गुणों के संस्कार विद्यमान हों, वे उभर नहीं पायेंगे।

# ब्रह्मज्ञान को जानना ही मुक्ति नहीं: अशोक सचदेव

**प्रयागराज।** ब्रह्मज्ञान को जीवन का आधार बनाकर निरंकार से जुड़े रहना और मन में उसका प्रतिपल स्मरण करते हुए सेवा भाव को अपनाकर जीना ही वास्तविक भक्ति है। पुरातन संतों एवं भक्तों का जीवन भी ब्रह्मज्ञान से जुड़कर ही सार्थक हो पाया है। यह बातें स्थानीय जोनल इंचार्ज अशोक कुमार सचदेव ने मुक्ति पर्व दिवस के अवसर पर नया बैरहना स्थित निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित विशेष सत्संग कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित श्रद्धालू भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान को जानना ही मुक्ति नहीं अपितु उसे प्रतिपल जीना ही वास्तविक मुक्ति है। यह अवस्था निरंकार को मन में बसाकर उसके रंग में रंगकर ही संभव है। क्योंकि ब्रह्मज्ञान की दृष्टि से जीवन की दशा एवं दिशा एक समान हो जाती है। जीवन में आत्मिक स्वतंत्रता के महत्व को जोनल इंचार्ज ने बताया कि जिस प्रकार शरीर में जकड़न होने पर उससे मुक्त होने की इच्छा होती है। उसी प्रकार हमारी आत्मा तो जन्म जन्म से शरीर में बंधन रूप में है और इस आत्मा की मुक्ति केवल निरंकार की जानकारी से ही संभव है। जब हमें अपने निज घर की जानकारी हो जाती है तभी हमारी आत्मा मुक्त अवस्था को प्राप्त कर लेती है। उसके उपरांत ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी मन में व्याप्त समस्त नकारात्मक भावों को मिटाकर भयमुक्त जीवन जीना सिखाती है और तभी हमारा लोक सुखी एवं परलोक सुहेला होता है। ब्रह्मज्ञान द्वारा कर्मो के बंधनों से मुक्ति संभव है क्योंकि इससे हमें दातार की रजा में रहना आ जाता है। जीवन का हर पहलू हमारी सोच पर ही आधारित होता है। उस कार्य का होना न होना हमें उदास या चिंतित करता है। आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से प्रत्येक जीव आत्मा को सत्य ज्ञान की दिव्य ज्योति से अवगत करवाने वाली दिव्य विभूतियों शहनशाह बाबा अवतार सिंह जगत माता बुद्धवंती निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर सत्गुरू माता संविदर हरदेव एवं अन्य भक्तों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# डीआरएम कार्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### ● डीआरएम मोहित चंद्रा ने रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित



रेल कर्मचारियों को सम्मानित करते डीआरएम

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर मध्य रेलवे** प्रयागराज मण्डल में राष्ट्र का 76 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले 160 रेलकर्मी पुरस्कृत किये गए। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत खेलकूद और सांस्कृतिक सहित अन्य विविध क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सात सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ? मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल मोहित चंद्रा द्वारा ध्वयजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल भारत स्काउट एवं गाइड तथा सेंट जॉन एम्बूलेन्स ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। मण्डल रेल प्रबंधक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले 160 रेल कर्मियों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक ने प्रयागराज मंडल में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत खेलकूद और सांस्कृतिक सहित अन्य विविध क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मोहम्मद तारिफ राम कुमार निषाद सैयद अली सफ्दर शारदा प्रसाद एस के घोष गिरिजा प्रसाद मिश्रा एवं भोला नाथ गुप्ता को गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इस मौके पर कई कर्मचारी सम्मानित किए गए।

## बेला परसा मे ब्लाक प्रमुख संजय सिह ने अमृत सरोवर का किया उद्घाटन

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** बसखारी ब्लॉक के ग्राम सभा बेला परसा में अमृत सरोवर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह उर्फ नरेंद्र मोहन तथा खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अमृत सरोवर का उद्घाटन किया 42 दिनों में बनकर तैयार हुए इस सरोवर में 175 महिला तथा पुरुष मजदूरों ने कार्य किया बसखारी ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह ने कहा कि 2. 978 एकड़ में फैले अमृत सरोवर से गांव से भूगर्भ जल स्तर मे इजाफा होगा एवं ग्रामीणों के लिए पार्क के साथ जलतारण केंद्र भी रहेगा अमृत सरोवर में वर्षा जल के संचयन से 40 हजार घन मीटर अधिक भूमिगत जल स्तर में सुधार होगा बताया गया या अमृत सरोवर 6 लाख 10पं हजार लागत से 100 मीटर लंबा और 80 मीटर चौड़ा तथा 5 मीटर गहरा बनाया गया है। खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार ने सचिव सतीश यादव को प्रशस्ति पत्र दिया।

# इफको फूलपुर में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

### ● कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय ने अधिकारियों के साथ बच्चों को किया सम्मानित



कार्यक्रम में बोलते हुए इफको के अधिकारी।

**प्रयागराज।** इफ्को घियानगर में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 76 वां स्वतंत्रता दिवस आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान हुआ। कर्नल दिनेश सिंह के नेतृत्व में इफ्को सुरक्षा गार्ड एवं पीएसी बैण्ड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। पीएसी बैण्ड द्वारा देशभक्ति की धुनों पर मनोहर प्रस्तुति दी। जिसका नेतृत्व सूबेदार अरविंद कुमार ने किया। कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने अपने संदेश में कहा कि आज हम आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव इसलिए मना रहे हैं ताकि हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को याद कर नई पीढ़ी उनके बलिदानों को जान सके जिनके द्वारा हमें स्वतंत्रता मिली है। उन्होंने महात्मा गांधी नेताजी सुभाष चंद्र बोस शहीद भगत सिंह व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके बलिदानों को याद किया। इकाई प्रमुख ने देश की सीमा पर तैनात जवानों एवं कानून व्यवस्था संभाल रहे जवनों को बधाई दी जिनकी वजह से हम सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर इस वर्ष प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में इफ्को ने सार्थक कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि जय जवान जय किसान जय विज्ञान के प्रधानमंत्री के नारे को सार्थक करते हुए प्रबंध निदेशक डा उदय शंकर अवस्थी के नेतृत्व में इफ्को ने नैनो यूरिया का क्रांतिकारी आविष्कार किया है। जिसकी सराहना खुद प्रधानमंत्री अनेक मंचो से कर चुके हैं।

नैनो यूरिया जिसका उत्पादन हम अपने फूलपुर इकाई में इस वर्ष नवम्बर माह से शुरू कर देंगें। सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ओम बाल विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा देश भक्ति के गानों पर मनोहर प्रस्तुति दी गई। सोनाली चक्रवर्ती धरोहर कला संगम प्रयागराज की टीम द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संचालन विभागाध्यक्ष वित्त एवं लेखा संतोष कुमार सिंह ने सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित तरीके से किया। इसके बाद 10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल दिया गया। महिला चेतना क्लब के सदस्यों द्वारा मनभवन मेले का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न व्यंजन पकवान आदि की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक गिरीधर मिश्र संयुक्त महाप्रबंधक एम डी मिश्र संजय वैश्य ए पी राजेन्द्रन संजय भंडारी पी के सिंह पी के पटेल संतोष कुमार शुक्ला विभागाध्यक्ष मानव संसाधन दानवीर सिंह इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वयं प्रकाश इफ्को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव क्लब सचिव डी के शुक्ला उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# 18 हजार 596 प्री-लिटिगेशन वादों का किया गया निस्तारण

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में प्रभारी अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश अजय कृष्ण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राहुल प्रकाश अपर जिला जज कोर्ट संख्या-07 स्पेशल गैंगेस्टर एक्ट तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने बताया कि सीतापुर के समस्त राजस्व न्यायालय द्वारा कुल-20 हजार 156 मुकदमें निस्तारित किये गये। विभिन्न बैंकों द्वारा प्री-लिटिगेशन बैंक रिकवरी के कुल-1270 मामलों को निस्तारित कर 11 करोड़ 06 लाख 63 हजार रूपये समझौता राशि वसूली गयी। कुल-264 प्री लिटिगेशन ई-चालान का निस्तारण भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिलाधिकारी सीतापुर के अधीनस्थ जनपद के समस्त विभागों समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, कृषि विभाग, प्रभागीय वन विभाग तथा जिला पूर्ति अधिकारी इत्यादि विभागों द्वारा कुल-18 हजार 596 प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार प्रभारी जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय सीतापुर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-44 हजार 604 वादों का निस्तारण सफलता पूर्वक किया गया।

## आज खुला रहेगा एआरटीओ कार्यालय

● श्री कृष्ण जन्माष्टमी का अवकाश शासन स्तर से अब शुक्रवार को हुआ घोषित

**सीतापुर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पूर्व निर्धारित अवकाश निरस्त होने के बाद गुरूवार को एआरटीओ कार्यालय खुला रहेगा। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का अवकाश शासन स्तर से अब शुक्रवार को घोषित किया गया है। अतः शुक्रवार के लाइसेंस एवं फिटनेस के स्लाट का कार्य शनिवार को सम्पादित किए जाएंगे। उन्होने बताया कि शुक्रवार का निर्धारित कार्य आवेदक शनिवार को करा सकते है।

# आरएमपी महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**संवाददाता।** सीतापुर

● छात्र-छात्राओं के देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबके मन को उल्लास और उत्साह से भर दिया

**आरएमपी महाविद्यालय** में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया । स्वाधीनता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अंतर्गत अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों के क्रम में छात्र छात्राओं के देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबके मन को उल्लास और उत्साह से भर दिया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ छात्र छात्राओं ने सामूहिक प्रस्तुतियां दीं। महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने कहा भारत देश से ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा अपनी प्रतिभा से हम देश को आगे बढ़ाने का कार्य करे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीकांत श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को आव्हान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य सुंदर बना सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र विशिष्ट अतिथि गौरव कटियार ( डिप्टी डायरेक्टर, आर्थिक व सांख्यिकी विभाग, पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार ) उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### एक मुश्त शास्ति समाधान योजना का उठाएं लाभः एआरटीओ

**लखीमपुर खीरी।** एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा / वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 25 ई-रिक्शों को निरूद्ध किया और इसी प्रकार ऐसे वाहनों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही की जाती रहेगी। जनपद खीरी में लगभग 1500 ई-रिक्शा पंजीकृत है जिनमें अधिकांश की फिटनेस वैधता समाप्त हो चुकी हैं एवं कर बकाया चल रहा है। उन्होंने उक्त के दृष्टिगत ऐसे वाहन स्वामियों को सूचित करते हुए बताया कि शासन द्वारा जारी अधिसूचना जो एक मुश्त शास्ति समाधान योजना 01 अप्रैल 2020 को या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में है जिसकी अंतिम तिथि 26 अगस्त है। योजना के तहत बकाया कर पर लगने वाले शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त करने हेतु ऐसे वाहन स्वामी जिनकी वाहनों के प्रति कर बकाया है, वे अविलम्ब एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के अन्तर्गत 26 अगस्त तक स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन करते हुए टैक्स जमा कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद बकाया कर जमा करने पर कार्यालय द्वारा कर मय शास्ति जमा कराया जायेगा।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**संडीला(हरदोई)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था प्रादेशिक जनहित जागरण समिति ने विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। संस्था के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने भगवानबुद्ध इंटर कॉलेज के कक्षा 12 आयुष पाण्डेय, सिद्धार्थ यादव, प्रशांत सिंह तथा आशीष कुमार एवं हाई स्कूल के वैभव सोनी, कृष्णा गुप्ता तथा सचिन कुमार। रजकीय बालिका इंटर कॉलेज संडीला की कक्षा 12 में शालिनि यादव, हिमांशी गुप्ता, इकरा बिस्मी तथा कक्षा 10 की यशी सिंह, जहन्वी कन्नौजिया तथा सानिया बानो, आईआर इंटर कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र अली अहमद, उत्कर्ष त्रिपाठी, शिवम्, इंटर विज्ञान वर्ग के मो0 आरिफ, आकाश गौतम, रोहित कुमार, कलावर्ग के अनुष्का यादव, रितिका सैनी, पारस गुप्ता, वाणिज्य वर्ग के आकाश कुमार, स्नेहा तिवारी, तथा कौशल, व्यवसाइक वर्ग के अरिल इदरीसी, सत्यवान तथा शाहरुख अहमद। पारवती देवी इंटर कॉलेज के कक्षा 12 की मेधावी छात्र रुबी वर्मा, पूजा यादव, यश विश्वकर्मा, कक्षा 10 की गायित्री, मुस्कान तथा स्मृति श्रीवास्तव। मीराबाई सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा 10 की छात्रा दीक्षा गुप्ता, अंशिका मौर्य, मुसकान मौर्य, अभिनय कुमार तथा तनमय सिंह। सुघरदीन उ0मा0 विद्यालय की छात्रा गरिमा तिवारी, शीबा, ममता, मानसी, छोटी, अनन्या, साक्षी, शालिनि, खुशी गुप्ता, अर्चना, उपासना तथा छात्र मो. शदाब, करन कुमार तथा मेराज अली को सम्मानित किया।

### गायत्री इंटर कॉलेज ने निकाली तिरंगा यात्रा

**निघासन खीरी।** निघासन स्थित द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज से विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक रैली में शामिल हुए। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगाठ देशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में देश भक्ति की भावना जागृत करने के लिए घर-घर में तिरंगा लगवाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत निघासन में भी विभिन्न जगहों पर तिरंगा बनाया जा रहा है। इसी क्रम में



आज सोमवार को निघासन स्थित द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने निकाली विशाल तिरगा रैली में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक रैली में शामिल हुए। द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों से अपने अपने घर पर तिरंगा लगाने की अपील की। सभी उत्साह और उमंग के साथ भारत माता की जय के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। जो नगर के सिंगाही रोड होते हुए ब्लाक परिसर से होते हुए तहसील पहुंची। वहीं शास्त्री नगर होते हुए रैली द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज के प्रांगण में पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सिंह, व्यस्थापक यज्ञभूषण सिंह, अंकुर पाण्डे, मोहसिन शेख, अमित वर्मा, आलोक वर्मा, संजय शर्मा, निर्मल कौर व ज्योति सिंह आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर भाजपा** नगर दो के कार्यकर्ताओ ने सुशासन के जन नेता ओजस्वी वक्ता, कवि ह्रदय और महान व्यक्तित्व के धनी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूनम मिश्रा, जिला मंत्री जया सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन पांडे, प्रकोष्ठ संयोजक आकाश राय, पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री अशोक राठौर नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह, नगर महामंत्री अनीत मिश्र, रामबाबू श्रीवास्तव, लक्ष्मी पांडे, ललित श्रीवास्तव चंचल, पंकज अवस्थी, संतोष शुक्ला, संदीप अवस्थी, रमेश चंद्र त्रिवेदी, ऋषभ त्रिवेदी, ममता डूडेजा, संगीता राजवंशी, नीलम सिंह, पुत्ती लाल, राम कुमार जयसवाल, राकेश गुप्ता पिंकू, सत्यम त्रिवेदी, मयंक राठौर, आशुतोष दीक्षित, राजन गुप्ता आदि मौजूद थे।

# कटान पीड़ितों का दुख-दर्द जानने पहुंचीं नर्मदा बचाओ आंदोलन की अगुवाकार मेधा पाटकर

**संवाददाता।** सीतापुर

**नर्मदा बचाओ** आंदोलन की अगुवाकार मेधा पाटकर कटान पीड़ितों का दुख दर्द जानने और समस्या के निराकरण को लेकर तंबौर क्षेत्र के गांजरी इलाके में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भ्रमण के लिए निकली है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने एचएमएच डिग्री कॉलेज में शॉल व बुके देकर प्रतिनिधिमंडल व मेधा पाटकर का स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधक सलाहुद्दीन ने स्मृति चिन्ह व बुके भेंट किया। मेधा पाटकर ने बताया गांजरी क्षेत्र की सबसे मुख्य समस्या कटान है। जिससे हजारों लोग बेघर हो जाते हैं और बाढ़ आ जाने के कारण पूरी की पूरी फसलें नष्ट हो जाती हैं। कटान पीड़ितों से मिलने का मुख्य उद्देश्य उनकी समस्या का निराकरण कराना ही है। प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ अंरूधती ध्रूव, रिचा सिंह, आराध्य शुक्ला समेत दो दर्जन लोग शामिल थे।

## आवारा पशुओं से परेशान होकर किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

**बेहजम खीरी।** बेहजम ब्लॉक क्षेत्र में छुट्टा आवारा पशुओं की समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। गांव में खेती किसानी करने वाले किसान जहां खेतों में ख ?ी फसलों की सुरक्षा में दिन-रात जी जान लगाकर पशुओं की निगरानी में जुटे हैं। वहीं स ?क पर राहगीरों की मुसीबत बन कर ख ? हैं यह आवारा पशु। जिनसे दर्जनों लोग अपने वाहनों की चपेट में आने पर टक्कर से गिर कर घायल भी हो रहे हैं। इस विकट समस्या का हल निकलता न देख ग्रामपंचायत किशुनपुर के गांव लखनियापुर में किसानों ने अनशन पर बैठकर अधिकारियों के कानों में अपनी आवाज पहुंचायी। ब्लॉक बेहजम के किशुनपुर ग्राम पंचायत के दर्जनों किसान आवारा पशुओं से अपनी निजात दिलाने के लिए मंगलवार को आमरण अनशन शुरू कर दिया। इस मामले की खबर जिले के आला अधिकारियों को हुई तो उन्होंने आनन-फानन में खंड विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह को किसानों को समझाने के लिए भेजा पर किसानों ने उनकी बात न मानते हुए अनशन जारी रखा। बुधवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन अवध के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला उर्फ श्यामू शुक्ला लखीमपुर खीरी के दिशानिर्देश पर भेजे क्षेत्रीय किसान नेता रवि तिवारी के साथ दर्जनों किसानों ने उनके समर्थन में पहुंच गए।

जिलाधकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस

# कृषि वैज्ञानिकों ने कीट रोगों से फसल को बचाने के लिए दी किसानों को सटीक सलाह

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक डॉ. एसके सिंह द्वारा गत किसान दिवस बैठक में प्राप्त समस्याओं के निस्तरण की स्थिति से अवगत कराया गया। तत्पश्चात केवीके के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मौसम की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत समसामायिक जानकारी प्रदान करते हुये अपनी भूमि में जीवांश कार्बन की मात्रा बनाये रखने तथा कीट रोगों से फसल को बचाने हेतु रासायनिक उपाय के स्थान पर अन्य वैकल्पिक माध्यमों का उपयोग करने की सलाह किसानों को दी गई। जिला गन्ना अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। किसान दिवस में अधिकांश किसानों ने बेसहारा पशुओं की समस्या प्रमुखता से उठाई।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र में पूर्ण मनोयोग से कार्य किया जा रहा है किन्तु आम जनमानस से आपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जनपद के सभी बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित करने हेतु 31 दिसम्बर, 2022 का लक्ष्य निर्धारित करते हुये कार्यक्रम का रोड-मैप तैयार कर लिया गया है। दो अति वृहद गौ-संरक्षण केन्द्रों हेतु भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभात कुमार सिंह, किसान तथा विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# यूपी 112, पीआरवी की रैली



**बरेली।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के क्रम में आज बरेली पुलिस लाइन से यू.पी.112 के चार पहिया व दो पहिया पीआरवी वाहनों का मार्च पास्ट रिजर्व पुलिस लाइन बरेली से एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।ये मार्च पास्ट शहर के चौपला चौराहा, सिटी रेलवे स्टेशन, मिनी बाईपास आदि स्थानों पर होते हुए पुलिस लाइन बरेली में ही सम्पन्न होगा, एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि आज आजादी के अमृत महोत्सव के सप्ताह का आखिरी दिन है, आज 112 की गाड़ियों को अमृत महोत्सव के क्रम में तिरंगा लेकर शहर में मार्च करने के लिए भेजा है, लोग आजादी के बलिदानों को याद कर सकें, उनकी कुर्बानियों को समझ सकें, और अपने आप को मिली हुई आजादी पर गौरवान्वित महसूस कर सकें,और उसके मूल्यों को बचाये रख सकें ।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेलों में अनिवार्य रूप से लगे टीबी का स्टाल

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

● टीबी मरीजों को गोद लेने वालों का निक्षय पोर्टल पर होगा पंजीकरण

● ओपीडी में कुल आने वाले मरीजों में से 5 प्रतिशत की होगी जांच

**देश को वर्ष** 2025 तक क्षय रोग यानि टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए हरसम्भव कोशिश लगातार जारी है। इसी क्रम में अब हर रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में भी निश्चित रूप से अलग से टीबी के स्टाल लगाये जायेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुणेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि इसके माध्यम से मेले में आने वालों को टीबी के लक्षण जैसे- दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आना व बुखार बना रहना, खांसी के साथ बलगम में खून आना, रात में पसीना आना, वजन गिरना, भूख न लगना आदि के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा मुफ्त जाँच और उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। जाँच में जिन लोगों में टीबी की पुष्टि होगी, उनका इलाज तत्काल शुरू किया जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत इसी माह से अब यह व्यवस्था भी की गयी है कि टीबी मरीजों को गोद लेने वालों (डोनर) को चिन्हित कर निक्षय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाएगा। इनको अब निक्षय मित्र के रूप में जाना जायेगा। इसके साथ ही क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन बढाने के लिए अब सरकारी अस्पतालों (स्वास्थ्य इकाइयों) की ओपीडी में आने वाले कुल मरीजों में से माहवार पांच फीसद मिलते-जुलते लक्षण वाले मरीजों को टीबी की जांच के लिए रेफर किया जाएगा। इसके अलावा कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) को टीबी की स्क्रीनिंग और उपचार सेवाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। निक्षय पोर्टल संचालित करने के लिए सीएचओ को हैंड्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत क्षय रोगियों को इलाज के दौरान हर महीने मिलने वाले 500 रुपये का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए।



**शहर के अस्पताल में ही होता है टीबी का इलाज**

**लखीमपुर खीरी। जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर ओयल स्थित नवनिर्मित ट्रामा सेंटर में भले ही जिला अस्पताल को शिफ्ट कर दिया गया हो, लेकिन क्षय रोग का इलाज अभी भी जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में ही किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि जिन लोगों को टीबी रोग के लक्षण मालूम हो, वह जिला मुख्यालय स्थित टीबी अस्पताल में आकर अपनी जांच व इलाज करा सकते हैं। उन्हें जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर ओयल में शिफ्ट किए गए जिला अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है।**

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**संडीला( हरदोई )।** स्व0 लाला गंगा प्रसाद मानव कल्याण समिति द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ0 सत्यप्रकाश आर्य की अध्यक्षता में संपन्न होने वाले इस शिविर का उद्घाटन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक राजू रंजन प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस शिविर में इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों डॉ0 प्रशांत सिंह, डॉ0 शिखा दीक्षित, डॉ0 नेहा सिंह, डॉ0 साहिबा, डॉ0 आयुषी, डॉ0 राकेश तथा डॉ0 राजकरन की टीम ने रोगियों का परीक्षण किया तथा 48 मरीजों का चयन मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु किया गया। अन्य नेत्र रोगियों को आवश्यक दवाएं और चश्मे आदि का वितरण किया गया। शिविर में आलोक अस्थाना, शिवनारायन गुप्ता, विशुन दयाल शुक्ला, श्रीकांत एडवोकेट, राकेश मोहन, बृजेन्द्र किशोर शर्मा, चमन विश्वकर्मा, उपासना, जयप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**बरेली ।** पति की मौत के बाद ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान होकर एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारी पुर निवासी स्वर्गीय सचिन की 35 वर्षीय पत्नी विक्की को आज सुबह बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां विक्की के परिजनों ने बताया कि विक्की के पति सचिन का लगभग 3 माह पूर्व निधन हो गया था पति के निधन के बाद से विक्की को उसके ससुराल वाले घर से बाहर निकालना चाहते हैं और उसे अक्सर प्रताड़ित करते है इसी उत्पीड़न से परेशान होकर आज विक्की ने घर में ही रखा जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है ।

# थारू क्षेत्र पहुंचे डीएम-एसपी, दिए निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**बुधवार को** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी संजीव सुमन, सीडीओ के संग तहसील व ब्लॉक पलिया के सुदूरवर्ती थारू जनजातीय क्षेत्र चौकी पंहुचे, जहां उन्होंने राजकीय जनजातीय पुस्तकालय, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी धुसकिया, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना की नवनिर्मित प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

बुधवार की दोपहर करीब 3ः30 बजे डीएम-एसपी ने चंदन चौकी के ग्राम पुरैना में संचालित राजकीय जनजातीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय की आधारभूत व्यवस्थाओं की पड़ताल की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना अधिकारी यूके सिंह से पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों के संबंध में जानकारी ली। डीएम-एसपी ने प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र धुसकिया, संस्थागत प्रसव केंद्र परसिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की, संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। दोनों अफसरों ने प्रताप नारायण मिश्र स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर का भी जायजा लिया।इसके बाद एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चंदन चौकी के नवनिर्मित प्रशिक्षण केंद्र पहुचे, डीएम-एसपी-सीडीओ ने नवनिर्मित प्रशिक्षण केंद्र संचालन के संबंध में परियोजना अधिकारी से जरूरी जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। नवनिर्मित कंप्यूटर एवं सिलाई कक्षा का अवलोकन किया, उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। इसके बाद अफसरों का काफिला सोनहा में संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रशासनिक कक्ष, क्लास रूम्स, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब सहित ऑडिटोरियम भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। विद्यार्थियों ने डीएम-एसपी के आगमन पर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पलिया रेनू, सीओ पलिया, जिला पंचायत राज अधिकारी सोम्यशील सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार आशीष सिंह, परियोजना अधिकारी यूके सिंह मौजूद रहे।

# हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया आजादी का पर्व

**संवाददाता।** मैलानी-खीरी




**हर वर्ष की** भांति इस बार भी नगर पंचायत कार्यालय मे नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती व अधिशाषी अधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने ध्वजारोहण अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस 75वें वर्ष को पूर्ण करते हुए नगर में पानी की टंकी के निकट पार्क में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर नगर पंचायत कर्मियों में इमरान खान राहुल कनीज फातिमा बालक राम कालू भाई व सफाई नायक जय प्रकाश व राकेश कुमार सहित समस्त सफाई कर्मी तथा सभासद गण व भाजपा नेता आनन्द कुमार मौर्य सुरेन्द्र मिश्र सहित तमाम गण मान्य नागरिक मौजूद रहे। इसी क्रम में नगर के श्री लाल बहादुर शास्त्री इन्टर कालेज मे समय पर स्कूल प्रबंधक अमन पाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मंच का संचालन अध्यापक रंजीत द्वारा किया गया। बच्चों ने राष्ट्रीय व देश भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। विद्यालय के बच्चो द्वारा गाये गये गीत 卐संदेशे आते है, मुझे तड़पाते है कि यह घर सूना सूना है卐 इस गीत पर बच्चे व अध्यापक गण भाव बिभोर हो उठे। साथ बच्चों को किए गये कार्यक्रम मे भाग लेने वाले बच्चों तथा मीडिया कर्मियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जगदम्बा प्रसाद अध्यापक पुनीत श्रीवास्तव अनुराधा व कमला रावत सुरेश कुमार हिरेन्द्र कुमार श्रीकृष्ण भार्गव सहित समस्त अध्यापक गण तथा कालेज कमेटी के लोगों में विवेक पाल मुकेश दत्त शर्मा सहित तमाम गण मान्य नागरिक मौजूद रहे। श्री नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्मारक इन्टर कालेज में हर वर्ष की भांति इस बार भी मोन्टी पाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही स्कूल प्रबंधक प्रवीण सेन कोषाध्यक्ष तारा देवी द्वारा आये मुख्य अतिथो के रूप मे आये मोन्टी पाल नरेश यादव सपा नेता पूर्व चेयर मेन पति जगदीश प्रसाद मेहर सिह व सत्य पाल सहित सभी लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंच का संचालन जानकी प्रसाद द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मिट्टी में मिल जावा गीत को सुनकर श्रोता गण भाव बिभोर हो उठे। इस मौके पर चितरंजन सिह जसविन्दर सिह जागरूक निर्मल सिह हरिशचंद्र यादव राम व अध्यापक गणों साजदि अली अनुपम अनुपम शुक्ला राजीव दीपक सरोजनी सहित बच्चों के अभिवावक गण तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# हिमाचल के दो कांग्रेस विधायकों ने थामा भाजपा का दामन

**भाषा।** नई दिल्ली


नई दिल्ली में हिमाचल प्रदेश से कांग्रेस के विधायक पवन कुमार काजल और लखविंदर सिंह राणा भाजपा में शामिल के दौरान जेपी नडडा से मिलते हुए साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

**हिमाचल प्रदेश** से कांग्रेस के विधायक पवन कुमार काजल और लखविंदर सिंह राणा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। काजल कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं, वहीं राणा नालागढ़ से विधायक हैं।काजल कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष थे। कांग्रेस ने उन्हें मंगलवार देर रात कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटा दिया था। राणा प्रदेश इकाई में उपाध्यक्ष थे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और राज्यसभा सदस्य व पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर ठाकुर ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि इससे हिमाचल प्रदेश में भाजपा की स्थिति मजबूत होगी। ठाकुर ने बाद में काजल और राणा के साथ भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। भाजपा से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले काजल ने 2012 के विधानसभा चुनाव में टिकट ना मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा और वह जीत गए। चुनाव जीतने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए।उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। बाद में कांग्रेस ने उन्हें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच कांग्रेस ने मंगलवार रात उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटा दिया और नए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में चंद्र कुमार की नियुक्ति की मंजूरी दी। हिमाचल प्रदेश में अगले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में अभी तक मुख्य मुकाबला पारंपरिक रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच होता रहा है।

## गुजरात में कांग्रेस के दो पूर्व नेता भाजपा में शामिल

**गांधीनगर।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के करीब दो सप्ताह बाद गुजरात के पूर्व मंत्री नरेश रावल और राज्यसभा के पूर्व सदस्य राजू परमार बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। दोनों नेता दशकों तक कांग्रेस के साथ रहे हैं। वे कुछ महीनों बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने उन्हें भगवा अंगवस्त्र और टोपियां देकर पार्टी में उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। परमार 1988 से 2006 के बीच तीन बार गुजरात से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। दलित समुदाय के प्रतिष्ठित नेता परमार अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय समिति के सदस्य भी रहे। रावल मेहसाणा में वीजापुर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं। वह गुजरात में कांग्रेस की सरकार के दौरान गृह और उद्योग मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने 1985, 1990 और 1998 में विधानसभा चुनाव जीता था।

## फड़णवीस महाराष्ट्र विधान परिषद में सदन के नेता नियुक्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को राज्य विधान परिषद में सदन का नेता नियुक्त किया गया है।राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन बुधवार को उच्च सदन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कैबिनेट में शामिल किए गए नए सदस्यों का परिचय कराते हुए उक्त घोषणा की।बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता फड़णवीस ने विधान परिषद में नव निर्वाचित सदस्यों का परिचय कराया। फड़णवीस नागपुर से विधानसभा सदस्य हैं। आम तौर पर मुख्यमंत्री विधानसभा में सदन के नेता होते हैं जबकि मुख्यमंत्री विधान परिषद में सदन के नेता होते हैं। उच्च सदन ने द्रौपदी मुर्मू और जगदीप धनखड़ को क्रमशः राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुने जाने पर एक प्रस्ताव पारित कर बधाई दी।



## एनएसए डोभाल के आवास पर सुरक्षा चूक को लेकर सीआईएसएफ के तीन कमांडो बर्खास्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के आवास पर इस साल की शुरुआत में एक सुरक्षा चूक होने को लेकर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तीन कमांडो को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया, जबकि सीआईएसएफ की वीआईपी सुरक्षा इकाई के दो वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

डोभाल को केंद्रीय अति विशिष्ट व्यक्ति (वीआईपी) सुरक्षा सूची के तहत जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। उन्हें सीआईएसएफ की विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) इकाई द्वारा सुरक्षा कवर मुहैया कराया गया है।

सुरक्षा चूक की यह घटना 16 फरवरी को हुई थी। सीआईएसएफ द्वारा की गई जांच में विभिन्न आरोपों में पांच अधिकारियों को दोषी पाए जाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश किए जाने के बाद यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि एसएसजी के तीन कमांडो को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया, जबकि इस सुरक्षा इकाई का नेतृत्व कर रहे उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और उनके पद के ठीक नीचे के कमांडेंट रैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी का तबादला कर दिया गया है।

जिन तीन कमांडो को बर्खास्त किया गया है वे सुरक्षा प्रदान करने के लिए उस दिन एनएसए के आवास पर मौजूद थे। गौरतलब है कि सुरक्षा में सेंध लगाने वाले व्यक्ति को एनएसए के आवास के बाहर पकड़ लिया गया और उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया था।

## पार्थ चटर्जी से पूछताछ के लिए ईडी अधिकारी कोलकाता जेल गए

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से पूछताछ करने के लिए बुधवार को कोलकाता के दक्षिणी भाग में प्रेसीडेंसी कनेक्शनल होम (अलीपुर जेल) गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पूछताछ के इस नए दौर में चटर्जी से उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी से मिली जानकारी के आधार पर सवाल-जवाब किया जाएगा, जिसे ईडी ने जांच के तहत गिरफ्तार भी किया था। उन्होंने कहा, हमने अर्पिता से मंगलवार को पूछताछ की थी और उसने हमें कई सुराग दिए हैं जिसके आधार पर हम बुधवार को पार्थ चटर्जी से पूछताछ करेंगे। स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई शिक्षकों की भर्ती में हुई अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में ईडी ने पिछले महीने तृणमूल कांग्रेस के नेता चटर्जी और मुखर्जी को गिरफ्तार किया था।

## केरल में यौन उत्पीड़न के मामले में जमानत आदेश में अदालत की टिप्पणी को लेकर विवाद

**भाषा।** कोझीकोड (केरल)

**केरल में** जिला सत्र अदालत ने एक मामले में कहा कि जब एक महिला ने यौन भावनाएं भड़काने वाली ड्रेस पहन रखी थी तो इससे प्रथम दृष्टया यौन उत्पीड़न का मामला नहीं बनता। उसकी इस टिप्पणी को लेकर विवाद पैदा हो गया है और राज्य महिला आयोग ने इसकी कड़ी निंदा की है।

अदालत ने यौन उत्पीड़न के एक मामले में पिछले हफ्ते 74 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक सिविक चंद्रन को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की थी। कोझीकोड सत्र अदालत ने 12 अगस्त के अपने आदेश में कहा था कि जमानत अर्जी के साथ आरोपी द्वारा पेश की गई शिकायतकर्ता की तस्वीर यह स्पष्ट कर रही थी कि वह खुद ऐसी पोशाक पहने हुए है जो कुछ यौन भावनाएं भड़काने वाली है। साथ ही, अदालत ने कहा कि यह विश्वास करना असंभव है कि 74 वर्षीय एवं दिव्यांग व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को जबरन अपनी गोद में बिठाया तथा उसका यौन उत्पीड़न किया। अदालत ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न के लिए सजा) लगाने के लिए शारीरिक संपर्क, यौन संबंध की मांग या आग्रह और अश्लील टिप्पणी होनी चाहिए। अदालत ने कहा, आरोपी द्वारा जमानत अर्जी के साथ पेश की गई तस्वीर यह खुलासा कर रही थी कि शिकायतकर्ता ने खुद ऐसी पोशाक पहन रखी थी जो कुछ यौन भावनाएं उकसाती हैं। इसलिए आरोपी के खिलाफ धारा 354ए लगाने का प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता है। अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि इस मामले में उसे जमानत दी जा सकती है। अदालत की टिप्पणी पर चिंता जाहिर करते हुए केरल महिला आयोग की अध्यक्ष पी सतीदेवी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने और मुकदमा चलने से पहले ही इस तरह की टिप्पणी कर अदालत ने शिकायतकर्ता के आरोपों को खारिज कर दिया है।उन्होंने कहा, यह बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में एक बहुत गलत संदेश देता है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के दूसरे मामले में जमानत देते हुए यह टिप्पणी की थी। चंद्रन यौन उत्पीड़न के दो मामलों में आरोपी है। एक मामला, अनुसूचित जनजाति समुदाय से आने वाली एक लेखिका ने अप्रैल में एक पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान कथित यौन उत्पीड़न किए जाने को लेकर दर्ज कराया था। वहीं, दूसरा मामला एक युवा लेखिका ने फरवरी 2020 में शहर में एक पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान कथित यौन उत्पीड़न किए जाने को लेकर दर्ज कराया था।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने शोपियां में कश्मीरी हिन्दू की हत्या करने वाले आतंकवादियों की पहचान की

**श्रीनगर,भाषा।** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि शोपियां में कश्मीरी पंडित सुनील कुमार भट्ट की हत्या करने वाले आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। सिंह ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, हमने उसकी (भट्ट की) हत्या करने वाले दो आतंकवादियों की पहचान की है। आगे की कार्वाई की जा रही है,हम उस पर काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि सुनील कुमार की हत्या मे शामिल लोगो के खिलाफ कड़ी कार्वाइ की जाएगी। गौरतलब है कि शोपियां जिले में मंगलवार को सेब के बाग मे आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी थी,हमले मे उनका भाई घायल हो गया था। पुलिस अधिकारियो के मुताबिक दो आतंकवादी सुबह बाग मे आए और उनमे से एक ने दोनो भाइयो पर अपनी एके-47 राइफल से गोलीबारी शुरू कर दी। वही दूसरे ने अपने मोबाइल फोन से इस घटना को रिकार्ड किया। उन्होंने बताया कि इस हमले मे सुनील कुमार की मौके पर ही मौत हो गई और उनके भाई को यहां के एक सैन्य अस्पताल मे भर्ती कराया गया। सुनील कुमार के परिवार मे पत्नी और चार बेटियां है।

### मवेशी तस्करी घोटाले में टीएमसी नेता मंडल के लेखाकार से पूछताछ

**बोलपुर (प.बंगाल)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित मवेशी तस्करी घोटाले की जांच के सिलसिले मे यहां अपने अस्थाई कार्यालय मे तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल के लेखाकार से बुधवार सुबह पूछताछ की। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी के एक दल ने मंडल के लेखाकार मनीष कोठारी तथा उस बैंक के दो अधिकारियो से दो घंटे तक पूछताछ की, जहां टीएमसी नेता के कई खाते थे। मंडल को इस मामले मे गिरफ्तार किया गया है।उन्होने बताया कि सीबीआई की एक महिला अधिकारी समेत चार सदस्ईय दल जांच के लिए यहां मंडल के निचुपत्ती आवास पर भी गया था। ऐसा माना जा रहा था कि सीबीआई अधिकारी मंडल की बेटी सुकन्या से पूछताछ करेंगे, जो एक प्राथमिक विद्यालय मे शिक्षिका है लेकिन वे करीब 10 मिनट बाद ही वहां से चले गए।बहरहाल, अभी यह पता नही चला है कि उन्होंने सुकन्या मंडल से पूछताछ की है या नही। सीबीआई ने अभी तक इसकी पुष्टि नही की है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी को संदेह है कि इस घोटाले मे वित्तीय लेनदेन के लिए मंडल की बेटी के कई बैंक खातो का इस्तेमाल किया गया।

### कलकत्ता उच्च न्यायालय ने झारखंड के गिरफ्तार तीन विधायकों को अंतरिम जमानत दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हावड़ा जिले मे पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के तीन विधायकों को बुधवार को अंतरिम जमानत प्रदान की। विधायकों की कार से करीब 49 लाख रुपए नकद जब्त किए गए थे। कांग्रेस के तीन विधायकों- इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगारी - की कार को 30 जुलाई को हावड़ा जिले के पंचला मे राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर रोका गया था और वाहन से लगभग 49 लाख रुपए नकद जब्त किए जाने के बाद पुलिस ने तीनो को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति अनन्या बंदोपाध्याय की खंडपीठ ने तीनों विधायकों को तीन महीने के लिए अंतरिम जमानत दी और उन्हे इस अवधि के दौरान कोलकाता नगरपालिका क्षेत्र नही छोड़ने का निर्देश दिया। अदालत ने तीनो विधायकों को मामले मे जांच अधिकारी के सामने सप्ताह मे एक बार पेश होने और अपने पासपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच राज्य सीआईडी को सौप दी है। विधायकों ने दावा किया कि यह राशि झारखंड मे एक आदिवासी त्योहार के लिए साड़ियां खरीदने के लिए उपयोग की जानी थी।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा में नारायण चंदेल होंगे नए नेता प्रतिपक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक दल ने जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नारायण चंदेल को अपना नया नेता चुना है। पार्टी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भाजपा ने बताया कि चंदेल, धरमलाल कौशिक का स्थान लेंगे। इसी के साथ विपक्ष मे भाजपा सबसे बड़ा दल होने के नाते उसके नेता चंदेल विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष भी होंगे। भाजपा नेताओं ने बुधवार को बताया कि पार्टी के मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर मे आज दोपहर बाद भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमे नए नेता का चुनाव किया गया। राज्य मे वर्ष 2018 मे हुए विधानसभा चुनाव मे भाजपा की हार के बाद पार्टी ने तब अपने 15 विधायकों मे से पिछड़े वर्ग के नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक को नेता चुना था।

## बिहार सरकार के नए मंत्रिमंडल के 72 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार में** नए मंत्रिमंडल में शामिल 72 फीसदी मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ भी मामले दर्ज हैं। हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री कुमार ने मंगलवार को 31 मंत्रियों को शामिल करते हुए मंत्रिमंडल का विस्तार किया था।बिहार मंत्री परिषद के विस्तार के बाद एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच ने मुख्यमंत्री समेत 33 में से 32 मंत्रियों द्वारा 2020 विधानसभा चुनाव के दौरान दाखिल हलफनामे का विश्लेषण किया है।एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता एवं कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी को अपना हलफनामा जमा करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह विधान परिषद के मनोनीत सदस्य हैं, इसलिए आपराधिक, वित्तीय और अन्य विवरणों संबंधी उनकी जानकारी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक, 23 मंत्रियों (72 फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं जबकि 17 मंत्रियों (53 फीसदी) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। वहीं, 32 मंत्रियों में से 27 (84 फीसदी) करोड़पति हैं।इसके मुताबिक, सर्वाधिक संपत्ति वाले मंत्री समीर कुमार महासेठ हैं जो मधुबनी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। समीर की संपत्ति 24.45 करोड़ रुपए की है। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम हैं, जिनकी संपत्ति 17.66 लाख रुपए की है। एडीआर के मुताबिक, आठ मंत्रियों (25 प्रतिशत) ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से 12वीं कक्षा के बीच जबकि 24 मंत्रियों (75 प्रतिशत) ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है।

### महाराष्ट्र में करीब ढाई करोड़ रुपए का हाथी दांत जब्त, तस्करी के आरोप में दो पकड़े गए

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले मे पुलिस ने करीब ढाई करोड़ रुपए मूल्य का हाथीदांत जब्त किया है। वही, हाथीदांत की तस्करी के आरोप मे दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि ठाणे पुलिस की क्राइम यूनिट-द्व ने मंगलवार को कलवा इलाके से करीब 1.4 किलोग्राम हाथीदांत जब्त किया। अधिकारी ने बताया, खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ लोग हाथीदांत बेचने के लिए कलवा के शिवाजी पार्क आ रहे है।

## महिलाओं, दलितों के खिलाफ अपराध में नए रिकार्ड बना रही है राजस्थान की कांग्रेस सरकार: शेखावत

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि राजस्थान में उसकी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध, दलितों के खिलाफ अत्याचार और धार्मिक हिंसा के नए रिकार्ड बना रही है जबकि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इन मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, बलात्कार के मामले में आज राजस्थान नंबर एक है और नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त के मामले में वह दूसरे स्थान पर है। राजस्थान से सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रियंका वाद्रा जैसी कांग्रेस की शीर्ष नेता राजस्थान में छुट्टियां मनाने आती हैं लेकिन यहां के बिगड़ी कानून-व्यवस्था पर एक शब्द नहीं बोलती हैं।शेखावत ने कहा, 15 अगस्त को जब देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था तब राजस्थान के अलवर जिले के रहने वाले और सब्जियां बेचकर अपना व परिवार का गुजारा करने वाले चिरंजीलाल नाम के एक युवा की अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले तीन सालों में राजस्थान ने भीड़ द्वारा की गई हत्याओं, महिलाओं के खिलाफ अपराध और एक धर्म विशेष के लोगों के खिलाफ अपराध के मामले में नया रिकार्ड बना दिया है। उन्होंने सवाल किया कि राजस्थान में इतनी बड़ी घटनाएं हो रही हैं और सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मानवाधिकार के पैरोकार कहां है? शेखावत ने कहा कि हाथरस और उन्नाव की घटनाओं को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को राजस्थान पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से कुछ दिन राजस्थान में गुजारने की अपील भी की।


बंगलुरु में जन्माष्टमी के मौके पर श्रीकृष्ण भगवान की मूर्ति को अंतिम रूप देती कलाकार

## अन्नाद्रमुक के नेतृत्व मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**भाषा।** चेन्नई

**मद्रास उच्च** न्यायालय ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की 11 जुलाई को हुई आम परिषद की बैठक से संबंधित मामले में 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का बुधवार को आदेश दिया और इस तरह उस बैठक को अवैध करार दिया था, जिसमें एडप्पाडी के. पलानीस्वामी को इसका प्रमुख चुना गया था।

अदालत के आदेश को तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी के लिए एक झटका माना जा रहा है, लेकिन उनके समर्थकों ने इस बात से इनकार किया और कहा कि विस्तृत आदेश पढ़ने के बाद ही तय किया जाएगा कि आगे क्या करना है। 11 जुलाई की बैठक में पार्टी से निष्कासित किए गए ओ पनीरसेल्वम ने कहा कि इस फैसले ने दिखा दिया है कि कोई भी किसी राजनीतिक दल पर कब्जा नहीं कर सकता और न्यायपालिका एवं भगवान इसकी अनुमति नहीं देंगे। तमिलनाडु के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की आम परिषद की 11 जुलाई को हुई बैठक में ओ पनीरसेल्वम एवं उनके कुछ सहयोगियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था और पलानीस्वामी को अंतरिम महासचिव बनाया गया था। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने बुधवार को 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया और इस तरह आम परिषद की 11 जुलाई की बैठक को अवैध घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जयचंद्रन ने कहा कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक अकेले ही आम परिषद की बैठक बुलाएंगे। उन्होंने बैठक आयोजित करने के लिए एक पर्यवेक्षक के नामांकन का भी सुझाव दिया।अदालत ने ओ पनीरसेल्वम और आम परिषद के सदस्य वैरामुथु द्वारा दायर दीवानी मुकदमों पर बुधवार को आदेश पारित किया।बाद में पनीरसेल्वम के वकील ने कहा कि अदालत ने कहा है कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक के पद समाप्त नहीं हुए हैं। पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी पहले क्रमशः समन्वयक और संयुक्त समन्वयक थे। पूर्व में दोनों नेताओं द्वारा संयुक्त रूप से बुलाई गई 23 जून की आम परिषद की बैठक में घोषणा की गई थी कि परिषद के सदस्यों की एकमात्र मांग पलानीस्वामी के पक्ष में पार्टी के लिए एकल नेतृत्व व्यवस्था पेश करना है। इसके बाद 11 जुलाई की आम परिषद की बैठक में पलानीस्वामी को इसका अंतरिम महासचिव चुना गया और पनीरसेल्वम एवं उनके कुछ सहयोगियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। पनीरसेल्वम ने अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने धर्म, न्यायपालिका, पार्टी कार्यकर्ताओं और उन लोगों पर भरोसा किया, जिन्हें विश्वास है कि सत्य और धर्म उनके साथ हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, यह फैसला साबित करता है कि न्याय, धर्म, पार्टी कार्यकर्ता, लोग और विशेष रूप से सर्वशक्तिमान प्रभु यह स्वीकार नहीं करेंगे कि किसी राजनीतिक दल को बलपूर्वक हड़प लिया जाए। पनीरसेल्वम ने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन द्वारा बनाए गए पार्टी कानूनों का सम्मान नहीं किया, वे हार जाएंगे। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक अपनी एकता के बल पर अब लोहे का ऐसा किला बनेगी, जिसे तोड़ा नहीं जा सकेगा।उन्होंने कहा, मैं अब उन 1.5 करोड़ पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जाऊंगा, जो मानते हैं कि अम्मा (दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता) स्थाई महासचिव हैं। इस बीच, पलानीस्वामी के धड़े ने इस बात पर जोर दिया कि यह आदेश पूर्व मुख्यमंत्री के लिए झटका नहीं है। वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री के पी मुंसुसामी ने कहा कि पार्टी आलाकमान आज के आदेश की प्रति पढ़ने के बाद विस्तार से जवाब देगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि 23 जून और 11 जुलाई को आम परिषद की बैठकें उसी प्रकार की गई थीं, जिस प्रकार दिवंगत रामचंद्रन और जयललिता के समय में ए आयोजित की जाती थीं।

# भारत की पड़ोस में सुरक्षा मुद्दों से संबंधित घटनाक्रम पर नजर : जयशंकर

भाषा। बैंकॉक

**एक चीनी** अनुसंधान पोत के श्रीलंका में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बंदरगाह पर लंगर डालने के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत अपने पड़ोस में किसी भी ऐसे घटनाक्रम की निगरानी करता है, जिसका उसकी सुरक्षा पर असर पड़ता है। उन्होंने मंगलवार को श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर मिसाइल एवं उपग्रह ट्रैकिंग पोत युआन वांग 5 के लंगर डालने के बारे में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। जयशंकर भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की 9वीं बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे।



संयुक्त आयोग की बैठक के बाद थाईलैंड के अपने समकक्ष डोन प्रमुदविनई के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर जयशंकर ने कहा, हमारे पड़ोस में जो कुछ भी होता है, कोई भी घटनाक्रम, जिसका हमारे सुरक्षा मुद्दों पर प्रभाव पड़ता है, उस पर हमारी नजर रहती है। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि कुछ समय पहले एक प्रवक्ता ने कहा था, हम स्पष्ट रूप से किसी भी घटनाक्रम की बहुत सावधानी से निगरानी करते हैं, जिसका हमारे हितों पर असर पड़ता है। श्रीलंकाई अधिकारियों ने कहा है कि चीनी पोत 22 अगस्त तक दक्षिणी श्रीलंकाई बंदरगाह पर रहेगा। पोत मूल रूप से 11 अगस्त को चीनी संचालित बंदरगाह पर पहुंचने वाला था, लेकिन श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा अनुमति के अभाव में इसमें देरी हुई।

भारत की चिंताओं के बीच श्रीलंका ने चीन से पोत की यात्रा टालने को कहा था। शनिवार को, कोलंबो ने 16 से 22 अगस्त तक पोत को बंदरगाह तक पहुंच इस शर्त के साथ प्रदान की कि वह केवल श्रीलंका के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) को चालू रखेगा और कोई वैज्ञानिक अनुसंधान नहीं किया जाएगा। चीन का कहना है कि पोत का इस्तेमाल वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए किया जाता है, लेकिन अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि पोत चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की कमान के अंतर्गत है और उपग्रहों और मिसाइल प्रक्षेपणों को ट्रैक करने में सक्षम है। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पोत अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान कर रहा है।

## भारत-थाइलैंड की समकालीन साझेदारी इतिहास और संस्कृति पर आधारितः विदेश मंत्री

**बैंकॉक।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने थाईलैंड के सबसे पवित्र बौद्ध मंदिर माने जाने वाले एमराल्ड बुद्ध मंदिर की यात्रा की। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच समकालीन साझेदारी इतिहास और संस्कृति पर आधारित है। जयशंकर 9वीं भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे। उन्होंने एक विशाल भित्ति चित्र को देखते हुए अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, बैंकाक में एमराल्ड बुद्ध के मंदिर में शानदार रामायण भित्ति चित्र को देखा। उन्होंने कहा, थाईलैंड के साथ हमारी समकालीन साझेदारी काफी कुछ इतिहास और संस्कृति पर आधारित है। थाईलैंड में बौद्ध धर्म सबसे बड़ा धर्म है, जिसका पालन 93% आबादी करती है। थाई संविधान में थाईलैंड एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है।

## थाइलैंड के अशांत दक्षिणी प्रांत में आगजनी और बम धमाके

**हात याई (थाईलैंड)।** थाईलैंड के सबसे दक्षिणी प्रांत हात याई में रातभर आगजनी और बम से हमलों का सिलसिला जारी रहा। यह प्रांत करीब दो दशक से सक्रिय मुस्लिम अलगाववादी उग्रवाद का सामना कर रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सैन्य प्रवक्ता प्रमोटे प्रोमिन ने कहा कि मंगलवार रात पट्टानी, नरथीवट और याला प्रांतों में कम से कम 17 हमले हुए, जिनमें से ज्यादातर हमले किराना स्टोर और गैस स्टेशनों पर हुए। बौद्ध बहुल थाईलैंड में हुए इन हमलों में तीन नागरिकों के घायल होने की खबर है, लेकिन किसी ने अभी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। 2004 से तीन प्रांतों में शुरू हुए विद्रोह के बाद से अब तक 7,300 से अधिक लोग मारे गए हैं। पड़ोसी सोंगखला प्रांत में भी हमले हुए हैं। देश के मुस्लिम नागरिक लंबे समय से यह आरोप लगाते रहे हैं कि उनसे थाईलैंड में दूसरे दर्जे के नागरिकों की तरह व्यवहार किया जाता है। थाईलैंड में अलगाववादी आंदोलन दशकों से समय-समय पर सक्रिय रहे हैं।

## भारत की सफलता ने दुनिया को सभी स्वतंत्रता प्रेमियों के लिए बेहतर स्थान बनायाः मुरलीधरन

**न्यूयॉर्क।** विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा कि भारत के लोगों ने समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ देश की लोकतांत्रिक राजनीति को पोषित और प्रदर्शित किया है और भारत की सफलता ने दुनिया को सभी स्वतंत्रता-प्रेमियों के लिए एक बेहतर स्थान बनाया है। सोमवार को यहां कार्नेगी हॉल में सरोद वादक अमजद अली खान के एक संगीत कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी और प्रवासी समुदाय के सदस्यों को एक वीडियो संबोधन में, मुरलीधरन ने कहा कि भारत इस यात्रा में वैश्विक समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चला है और वैश्विक शांति और भलाई में अपना सहयोग दे रहा है।

उन्होंने कहा, जब हमें आज़ादी मिली, तो आंसू भी थे और खुशी भी थी, लेकिन आगे एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास भी था। हम अपने लोकतंत्र का निर्माण करने और अपनी एकता को बनाए रखने के लिए मजबूत बने। मुरलीधरन ने कहा, बाहर के लोगों के लिए यह मुश्किल कार्य प्रतीत होता है, लेकिन समर्पण और दृढ़ संकल्प, उद्देश्य और दृढ़ता के साथ, हमारे लोगों ने हमारी लोकतांत्रिक राजनीति को पोषित और प्रदर्शित किया है। इसने भारत के सामाजिक ताने-बाने में गहरी जड़ें जमा लीं और विविधता, बहुलवाद और सदियों पुराने लोकाचार को अपनाया। उन्होंने कहा, असल में, भारत की सफलता ने दुनिया को सभी स्वतंत्रता-प्रेमियों के लिए एक बेहतर स्थान बनाया है। यही कारण है कि आज हम अपनी खुशी साझा करने के लिए दुनिया भर में लाखों लोगों से जुड़े हुए हैं। भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (आईएएसी) के साथ आज़ादी का अमृत महोत्सव - स्वतंत्रता का उत्सव का आयोजन किया।

## क्विक न्यूज

### विदेशी निवेशकों की घरेलू शेयरों में हिस्सेदारी जून तिमाही में घटकर 523 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के दौरान घरेलू शेयरों में पूंजी के लिहाज से हिस्सेदारी 14 प्रतिशत घटकर 523 अरब डॉलर रह गई है। मॉर्निंगस्टार की रिपोर्ट के अनुसार, यह लगातार तीसरी तिमाही है, जब एफपीआई की भारतीय शेयरों में हिस्सेदारी घटी है। विदेशी निवेशक साल की शुरुआत से ही सतर्क रुख अपना रहे थे और वैश्विक और घरेलू दोनों बाजारों में चिंताजनक घटनाओं के बाद उनकी चिंता और बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि जून तिमाही के दौरान विदेशी निवेशकों की स्थानीय बाजार में मूल्य के लिहाज से हिस्सेदारी 14 प्रतिशत घटकर 523 अरब डॉलर रह गई। इससे पिछली तिमाही में यह 612 अरब डॉलर थी। वहीं, पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई निवेश का मूल्य 592 अरब डॉलर था। घरेलू शेयर बाजारों में बाजार पूंजीकरण के लिहाज से भी एफपीआई की हिस्सेदारी समीक्षाधीन तिमाही के दौरान गिरकर 16.9 प्रतिशत हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 17.8 प्रतिशत थी। जून, 2022 को समाप्त तिमाही के दौरान एफपीआई ने शुद्ध रूप से 13.85 अरब डॉलर की संपत्तियां बेची। हालांकि, यह मार्च तिमाही के 14.59 अरब डॉलर के आंकड़े से कम है। अमेरिकी के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा लगातार आक्रामक नीतिगत रुख अपनाने की वजह से तिमाही की शुरुआत से ही विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक स्तर पर बॉन्ड प्राप्तियां भी बढ़ी है जिससे एफपीआई का निवेश प्रभावित हुआ। अमेरिकी केंद्रीय बैंक 2022 में अबतक ब्याज दरों में 1.5 प्रतिशत अंक की वृद्धि की चुका है।

### अमेरिका में पाक डॉक्टर ने आतंकवाद का आरोप स्वीकार किया

**सेंट पॉल (अमेरिका)।** पाकिस्तान के एक डॉक्टर और मायो क्लिनिक के पूर्व कर्मचारी ने मंगलवार को आतंकवाद संबंधी एक आरोप स्वीकार कर लिया। उसने दो साल से अधिक समय पहले संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के मुखबिरों को यह बताया था कि वह इस्लामिक स्टेट समूह के प्रति निष्ठा रखता है और अमेरिका में अकेले हमलों को अंजाम देना चाहता है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत के ऑनलाइन उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, मोहम्मद मसूद ने एक विदेशी आतंकवादी संगठन को साजो सामान संबंधी सहयोग मुहैया कराने के प्रयास का एक आरोप स्वीकार कर लिया। अभी यह नही बताया गया है कि सजा किस दिन सुनाई जाएगी। अभियोजकों ने बताया कि मसूद कार्य वीजा पर अमेरिका आया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मसूद ने एफबीआई के मुखबिरों को इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के सदस्य समझकर जनवरी 2020 से कई जानकारियां दी। उसने बताया कि वह इस समूह तथा इसके नेता के प्रति निष्ठा रखता है। अभियोजकों ने बताया कि मसूद ने आईएस के लिए लड़ने के वास्ते सीरिया जाने तथा अमेरिका में अकेले हमलों को अंजाम देने का इरादा जताया था। मायो क्लिनिक ने पहले पुष्टि की थी कि मसूद मिनेसोटा में रोचेस्टर के एक चिकित्सा केंद्र में उसका पूर्व कर्मचारी था लेकिन वह गिरफ्तारी के वक्त क्लिनिक में काम नही करता था।

### खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.57 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत का गेहूं उत्पादन 2021-22 के फसल वर्ष में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 10 करोड़ 68.4 लाख टन रहने का अनुमान है। वही कुल खाद्यान्न उत्पादन के 31 करोड़ 57.2 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। लू के कारण गेहूं के उत्पादन में गिरावट का अनुमान है, जिसके परिणामस्वरूप पंजाब और हरियाणा जैसे उत्तरी राज्यों में अनाज खराब हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2021-22 के लिए चौथा अग्रिम अनुमान जारी करते हुए बुधवार को कहा कि चावल, मक्का, चना, दलहन, रैपसीड एवं सरसों, तिलहन और गन्ने का भी रिकॉर्ड उत्पादन होने का अनुमान है। फसल वर्ष 2021-22 जुलाई, 2021 से जून, 2022 तक था। मंत्रालय के अनुसार, जून, 2022 में समाप्त फसल वर्ष में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31 करोड़ 57.2 लाख टन होने का अनुमान है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि इतनी फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन सरकार की किसान हितैषी नीतियो के साथ-साथ कृषकों और वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का नतीजा है। फसल वर्ष 2020-21 में देश का खाद्यान्न उत्पादन जिसमे (गेहूं, चावल, दालें और मोटे अनाज) रिकॉर्ड 31 करोड़ 7.4 लाख टन रहा था। फसल वर्ष 2021-22 में गेहूं का उत्पादन कम यानी 10 करोड़ 68.4 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 10 करोड़ 95.9 लाख टन था। समीक्षाधीन फसल वर्ष में चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 13 करोड़ 2.9 लाख टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 12 करोड़ 43.7 लाख टन रहा था।

### एनएसडीसी, वर्तना ने कौशल पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को वित्तीय सहायता देने के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने विद्यार्थियो को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए वर्तना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य कौशल ऋण पहल को बढ़ावा देना और कम आय वाली आबादी के लिए शिक्षा पर आने वाले खर्च की खाई को कम करना है ताकि छात्र अपनी पसंद का पाठ्यक्रम चुन सकें। एनएसडीसी के मुख्य परिचालन अधिकारी वेद मणि तिवारी ने कहा, हमने लाखों वंचित छात्रों को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वर्तना के साथ भागीदारी की है। वहीं, वर्तना के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्टीव हार्डग्रेव ने कहा, हमें उम्मीद है कि छात्रो को प्रशिक्षण से अपने करियर और आजीविका में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

### भोजन, ऊर्जा की बढ़ती लागत से ब्रिटेन की मुद्रास्फीति बढ़ी

**लंदन।** खाद्य पदार्थों और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के चलते ब्रिटेन की मुद्रास्फीति दर जुलाई में बढ़कर 40 साल के नए उच्चतम 10.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) ने बुधवार को कहा कि उपभोक्ता मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति दो अंकों में पहुंच गई है, जो जून में 9.4 प्रतिशत से अधिक थी। यह आंकड़ा विश्लेषकों के 9.8 प्रतिशत के पूर्वानुमान से अधिक है। बयान के मुताबिक यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, ऊर्जा, टॉयलेट पेपर और टूथब्रश समेत रोजमर्रे की वस्तओ की कीमतो में हुई बढ़ोतरी के चलते हुई। अधिकांश अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आने वाले समय में महंगाई और बढ़ सकती है। बैंक ऑफ इंग्लैंड का कहना है कि प्राकृतिक गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से उपभोक्ता मूल्य पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 13.3 प्रतिशत हो सकती है।

### शहबाज शरीफ एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कर सकते हैं मुलाकात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उज्बेकिस्तान में अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक खबर के मुताबिक, राष्ट्रपति शी के समरकंद में 15 और 16 सितंबर को होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। एससीओ के सदस्य देशों में पाकिस्तान, चीन, रूस, भारत और मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान शामिल हैं। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति शी और प्रधानमंत्री शहबाज के बीच एससीओ शिखर वार्ता से इतर एक द्विपक्षीय बैठक होने की योजना है। बहरहाल, अभी आधिकारिक तौर पर यह साफ नही हुआ है कि राष्ट्रपति शी खुद शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे या नही। कुछ खबरों से संकेत मिलता है कि वह कोविड-19 संबंधी सख्त प्रोटोकॉल के कारण वर्चुअल रूप से शिखर सम्मेलन में शामिल हो सकते है।

## बाइडन ने व्यापक जलवायु एवं स्वास्थ्य देखभाल कानून पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी के ऐतिहासिक जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दे दिया। इस कानून को वह अपने घरेलू एजेंडे का हिस्सा बताते हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं और चुनाव से तीन महीने से कम समय पहले वह अपने इस कदम के जरिए यह दिखाना चाहते हैं कि उनकी पार्टी मतदाताओं के साथ खड़ी है। कानून में जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए अब तक के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण संघीय निवेश शामिल है। यह अनुमानित 1.3 करोड़ अमेरिकियों को कोरोना वायरस महामारी के दौरान प्रदान की जाने वाली सब्सिडी का विस्तार करके स्वास्थ्य देखभाल बीमा के लिए भुगतान करने में भी मदद करेगा। इस कदम के लिए भुगतान बड़ी कंपनियों पर नए कर लगाकर और आर्थिक रूप से सम्पन्न व्यक्तियों एवं संस्थाओं के आईआरएस प्रवर्तन को बढ़ाकर किया जाना है। अतिरिक्त धन से संघीय घाटे को कम किया जाएगा।

व्हाइट हाउस में हस्ताक्षर कार्यक्रम में बाइडन ने कानून को इस बात के प्रमाण के रूप में इंगित किया कि लोकतंत्र चाहे कितनी भी लंबी या जटिल प्रक्रिया हो, इसे अब भी अमेरिका में मतदाताओं के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। बाइडन ने बार-बार अपनी पार्टी और विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी की तुलना करते हुए कहा, इस ऐतिहासिक क्षण में डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी लोगों का पक्ष लिया और कांग्रेस में हर एक रिपब्लिकन ने इस वोट में विशेष हितों के साथ पक्षपात किया।

व्हाइट हाउस में समारोह के दौरान सीनेट के बहुमत के नेता चक शूमर (डी-एनवाई) ने कहा, सामान्य समय में इन विधेयकों को पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि होगी। बाइडन ने व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम में एक छोटे से समारोह के दौरान विधेयक पर हस्ताक्षर किए और इस तरह यह एक कानून बन गया।

यह कदम पर्यावरण और सामाजिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए अधिक महत्वाकांक्षी योजना का एक छोटा हिस्सा है जिसके बारे में बाइडन और उनकी पार्टी ने पिछले साल की शुरुआत में बताया था। नए जलवायु और स्वास्थ्य देखभाल कानून को कैसे लागू किया जाए, इस पर चर्चा करने के लिए बाइडन ने एक कैबिनेट बैठक आयोजित करने की भी योजना बनाई है।

रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं का कहना है कि कानून के नए व्यापार कर से कीमतों में वृद्धि होगी और 1981 के बाद से उच्चतम मुद्रास्फीति से निपटने की देश की स्थिति और खराब हो जाएगी। हालांकि गैर-पक्षपाती विश्लेषकों का कहना है कि कीमतों पर इसका बमुश्किल प्रभाव होगा।

## उत्तर कोरिया से किया बहाली परियोजनाओं के लिए श्रमिकों को भेजने का आग्रह

**सियोल।** पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थित एक अलगाववादी नेता डेनिस पुशलिन ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को एक संदेश भेजकर उनसे बहाली परियोजनाओं के लिए श्रमिकों को भेजने का अनुरोध किया है। दरअसल, उत्तर कोरिया ने ऐसे संकेत दिए हैं कि वह यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में बहाली परियोजनाओं के लिए श्रमिकों को भेजने पर विचार कर रहा है। उत्तर कोरिया पिछले महीने दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से एक बन गया, जिन्होंने दोनेत्स्क तथा लुहांस्क की आजादी को मान्यता दे दी है। इसके कारण यूक्रेन ने उत्तर कोरिया के साथ अपने कूटनीतिक संबंध खत्म कर लिए हैं। ऐसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया इन क्षेत्रों में बहाली परियोजनाओं के लिए श्रमिकों को भेजने की योजनाओं की समीक्षा कर रहा है। इससे उसकी अर्थव्यवस्था को मदद मिल सकती है लेकिन यह उसके परमाणु हथियारों तथा बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ है।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बुधवार को बताया कि दोनेत्स्क के अलगाववादी नेता डेनिस पुशलिन ने सोमवार को उम्मीद जताई कि उत्तर कोरिया को अपने लोगों के हितों को देखते हुए परस्पर लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग मिल सकता है। दोनेत्स्क के विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूस में उसके राजदूत ओल्गा मकीवा ने आर्थिक सहयोग पर चर्चा करने के लिए 29 जुलाई को मॉस्को में उत्तर कोरिया के राजदूत सिन होंग चोल से मुलाकात की थी। मंत्रालय के अनुसार, सिन ने तब कहा था कि व्यापार और मजदूरों के प्रवास के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की असीम संभावनाएं होंगी। ऐसी जानकारी है कि उत्तर कोरिया ने लुहांस्क के नेताओं के साथ भी ऐसी ही बातचीत की है।

## चीन में सूखे के चलते घरों व कारखानों में की जा रही है बिजली कटौती

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में सूखे की स्थिति की वजह से जलाशयों में पानी की कमी हो गई है जिससे पनबिजली का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके बाद बिजली की कटौती की जा रही है। बुधवार को प्रकाशित खबरों के मुताबिक, सिचुआन प्रांत में सौर पैनल निर्माताओं के साथ ही सीमेंट और यूरिया उत्पादन करने वाली कंपनियों को बंद कर दिया गया है उत्पादन कम कर दिया गया है। उन्हें पांच दिन तक बिजली की बचत करने का निर्देश दिया गया है। तापमान के बढ़ने के बीच एयर कंडीशन के लिए बिजली की बढ़ती मांग और जलाशयों में पानी की कमी के बाद प्रशासन ने उक्त आदेश दिया है। प्रांतीय सरकार ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि बिजली आम लोगों के लिए छोड़ दी जाए। सिचुआन के आर्थिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मुताबिक, प्रांत की आबादी 9.4 करोड़ है और पनबिजली जलाशयों का स्तर इस महीने में करीब आधा रह गया है।

## इंडियन ऑयल का राज्य भर में झंडा संग्रह अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हर घर तिरंगा अभियान** के तहत सरकार ने देशवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों या प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की अपील की थी। हर घर तिरंगा अभियान में पूरे देश भर के लोगों ने राष्ट्रीय वीरों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए घर-घर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित समारोहों के बाद सबसे बड़ी समस्या जिसका सामना कई लोगों को करना पड़ सकता है, वह होगा कि राष्ट्रीय ध्वज का क्या करें? इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि इन्हें कैसे एकत्र किया जाएगा या फटे या क्षतिग्रस्त झंडों के लिए कोई संग्रह अभियान चलाया जाएगा या नहीं। यह संभावना है कि उनमें से कई ध्वज सड़कों पर बिखरे मिलेंगे या नगरपालिका के कचरे में मिल जाएंगे, जो बिलकुल ठीक नहीं होगा। इस आशंका को दूर करने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने पहल की है और इसी क्रम में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा 16 से 19 अगस्त तक झंडा संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। इस नेक पहल पर बोलते हुए संजीव कक्कड़, कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख, इंडियनऑयल (उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1) एवं राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग), उत्तर प्रदेश ने कहा कि उत्सव के बाद भी राष्ट्रीय ध्वज का उतना ही सम्मान व रखरखाव आवश्यक है जितना कि इसे फहराना। तिरंगे के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए इंडियन ऑयल आगे आया है। आप अपना झंडा अथवा आपको अगर कोई झंडा कहीं गिरा मिलता है तो उसे राज्य भर के चुनिंदा इंडियनऑयल पेट्रोल पंपों पर जमा कर सकते हैं। भारतीय ध्वज संहिता, 2002, यह अनिवार्य करती है कि क्षतिग्रस्त झंडों को फेंका नहीं अपितु निजी तौर पर एकांत स्थान पर दफना या जला दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अच्छे झंडे का संरक्षण करेंगे और भारत सरकार के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्षतिग्रस्त झंडे का निस्तारण करेंगे। इंडियनऑयल के राज्य प्रमुख ने कहा कि बीपीसीएल और एचपीसीएल भी इस नेक काम में पूरा सहयोग देंगे। संजीव ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1 के सभी फील्ड ऑफिसरों को भी यह निर्देश देंगे कि उन्हें फील्ड में रहने के दौरान जहां भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मानजनक स्थिति में न दिखे उसे वे अपने पास संग्रहीत कर लें और निर्धारित स्थान पर सम्मानपूर्वक जमा करवा दें।




ध्वज संहिता की धारा 2.2 (3) और धारा 3.25 में कहा गया है कि जब ध्वज क्षतिग्रस्त या गंदा हो जाता है, तो इसे व्यक्तिगत रूप से नष्ट कर दिया जाएगा, विशेष रूप जलाकर या ध्वज की गरिमा के अनुरूप किसी भी तरीके से ध्वज संहिता के अनुसार किसी भी स्थिति में क्षतिग्रस्त या फटे हुए झंडे के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जा सकती है और इसे फेंकना या इसका अनादरपूर्वक निपटान नहीं किया जाना चाहिए।

## सेबी ने निवेशक संरक्षण, शिक्षा कोष पर सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशक संरक्षण और शिक्षा कोष पर अपनी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है। यह समिति निवेशक शिक्षा और सुरक्षा गतिविधियों की सिफारिश करती है। इन सिफारिशों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) सीधे या किसी अन्य एजेंसी के जरिए लागू कर सकता है।

**● मोनिका हलन होंगी अध्यक्ष**

बाजार नियामक की द्वारा दी गई ताजा जानकारी के मुताबिक, आठ सदस्ईय समिति की अध्यक्षता अब एनआईएसएम में लेखक, वक्ता और प्रोफेसर मोनिका हलन करेंगी। समिति की अध्यक्षता पहले सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य जी महालिंगम कर रहे थे। महालिंगम से पहले समिति की अध्यक्षता आईआईएम-अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर अब्राहम कोशी ने की थी। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ ए बालासुब्रमण्यम, ब्रांड-बिल्डिंग डॉट कॉम के संस्थापक एम जी परमेश्वरन, नर्चर डॉट फार्म में व्यापार सेवाओं के प्रमुख और एनसीडीईएक्स के पूर्व एमडी और सीईओ विजय कुमार वेंकटरमन तथा फिनसेफ इंडिया के संस्थापक मृण अग्रवाल समिति के सदस्य बने रहेंगे। समिति में सेबी के तीन अधिकारी भी शामिल हैं - कार्यकारी निदेशक जी पी गर्ग और मुख्य महाप्रबंधक संतोष शर्मा और जयंत जश।

### भारत, फ्रांस के बीच परिवहन क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय परिवहन मंच की देश के परिवहन क्षेत्र में गतिविधियों को समर्थन देने के लिए भारत और फ्रांस के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी। अनुबंध पर छह जुलाई को हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इस अनुबंध के तहत की जाने वाली गतिविधियों से भारत में परिवहन क्षेत्र को कार्बन उत्सर्जन मुक्त बनाने के लिए नए वैज्ञानिक परिणाम और प्रौद्योगिकी विकल्पों की पहचान होगी।

## सेंसेक्स में 418 अंक का उछाल, चार महीने बाद फिर 60,000 अंक के पार

भाषा। मुंबई

**बीएसई सेंसेक्स** में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और लगभग चार महीने बाद यह एक बार फिर 60,000 अंक के स्तर के पार निकल गया। विदेशी निवेशकों की बाजारों में लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से शेयर बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, रुपए और एशियाई बाजारों में मजबूती से भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 417.92 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 60,260.13 अंक पर बंद हुआ।

इस साल पांच अप्रैल के बाद पहली बाद सेंसेक्स ने पहली बार 60,000 अंक का मनोवैज्ञानिक आंकड़ा पार किया गया है। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 119 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 17,944.25 अंक पर बंद हुआ। इसमें लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी दर्ज की गई है। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 लाभ में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 5.74 प्रतिशत चढ़ गया। बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, एचयूएल और विप्रो के शेयर भी लाभ में रहे।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति, टाटा स्टील, कोटक बैंक, पावर ग्रिड और टाइटन शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार में तेजी का प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली है। पश्चिमी बाजारों के मुद्रास्फीति से प्रभावित होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारत को लेकर रुख बदला है। उन्होंने कहा, जिंसों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इसके अलावा बीएसई मिडकैप 0.64 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.53 प्रतिशत चढ़ गया।

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की तथा हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। वहीं, यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार में सुस्ती का रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.22 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को ।,376.84 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## इस साल भारत की पेट्रोल डीजल की मांग में 7.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 2023 में 7.73 प्रतिशत बढ़ सकती है। यह दुनिया के किसी भी देश की तुलना में सबसे तेजी से बढ़ेगी। तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की दैनिक मांग 2022 में 47.7 लाख बैरल थी। इसके 2023 में बढ़कर 51.4 लाख बैरल प्रतिदिन होने का अनुमान है। चीन में 1.23 प्रतिशत, अमेरिका में 3.39 प्रतिशत और यूरोप में 4.62 प्रतिशत के मुकाबले भारत में तेल की मांग में वृद्धि दुनिया में सबसे तेज गति से होगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मानसून के आने के कारण मौजूदा वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में तेल की मांग में गिरावट आएगी, लेकिन त्योहार और छुट्टियों के साथ अगली तिमाही में इसमें तेजी आएगी। आंकड़ों के अनुसार, भारत को कच्चे तेल के आयात के मामले में जून में रूस सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है। जून में भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत थी। वहीं, इराक की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर 15 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ सऊदी अरब का स्थान रहा।

## खराब गुणवत्ता के प्रेशर कुकर की बिक्री की अनुमति देने के लिए फ्लिपकार्ट पर एक लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। फ्लिपकार्ट पर अपने मंच के जरिए गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले घरेलू प्रेशर कुकर की बिक्री की अनुमति देने के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने कहा कि फ्लिपकार्ट पर अपने मंच पर घटिया प्रेशर कुकर की बिक्री की अनुमति देने और उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। खरे ने कहा कि फ्लिपकार्ट को अपने मंच पर बेचे गए सभी 598 प्रेशर कुकर के खरीदारों को इस बारे में सूचित करने, खराब प्रेशर कुकर वापस मंगाने और उपभोक्ताओं का पैसा लौटाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कंपनी को 45 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करने के लिए भी कहा गया है।

# बरसात बाद न दिखें सड़कों पर गड्ढे: पाठक

## आमजन तक पहुंचें सभी योजनाएं: डिप्टी सीएम



डीएम डा. उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर से वार्तालाप करते उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

संवाददाता। गोंडा

**जिले** के जनप्रतिनिधियों ने अफसरों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सक्रिय रुप से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का काम किया है। इसके सभी को बधाई के पात्र हैं। यह उदगार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के उपरान्त मीडिया से बातचीत के दौरान व्यक्त किया। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री पाठक को पुलिस लाइन ग्राउंड में गार्ड ऑफ ऑनर व सलामी दी गई।

उन्होंने मीडिया से आगे कहा कि समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि बरसात के बाद सड़कों पर गड्ढे न दिखें। आमजन को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेए उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराने एवं खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने संबंधी निर्देश आधिकारियों को जारी किए गए हैं। वहीं सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों उपस्थित रहेए मरीजों को सुलभ रूप से इलाज और दवाएं मिले। इसके लिए भी जिम्मेदारों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री गरीब कल्याण योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए निर्देश अफसरों को जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह जनपद विकास व कानून व्यवस्था स्थापित करने में नंबर एक होगा। दुकानों पर नशीली दवाओं के खुलेआम बिक्री के पत्रकारों के सवाल पर कहा कि प्रदेश में कानून का कहीं भी उल्लंघन होने नहीं दिया जाएगा। यदि कोई ऐसा अवैध कार्य कर रहा है तो निश्चित रूप से उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी। कहा कि अभी जनपद में बाढ़ जैसी कहीं कोई स्थिति नहीं है। यदि भविष्य में ऐसी स्थिति आती है तो सरकार उससे निपटने के लिए तैयार है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विगत दिनों दिवंगत हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय शेष नारायण मिश्रा के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार को ढ़ाढ़स बंधाया। इस मौके पर उनके साथ जिलाधिकारी डाण् उज्जवल कुमारए एसपी आकाश तोमरए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसलए भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यपए सांसद कीर्तिवर्धन सिंहए विधायक बावन सिंहए विधायक विनय कुमार द्विवेदीए प्रतीक भूषण सिंहए प्रेम नारायण पांडेयए प्रभात वर्मा अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# मां ने तीन बच्चों को पिलाया जहर, मौत

भाषा। गाजीपुर

**गाजीपुर** जिले के सुहवल थानाक्षेत्र के ढढ़नी गांव में एक महिला ने अपने पति से फोन पर बातचीत के दौरान हुए विवाद के बाद अपने तीन बच्चों को चाय में कथित तौर पर कुछ विषैली चीज मिलाकर पिला दी जिससे तीनों बच्चों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी।पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के अपुसार सुनीता यादव नाम की महिला का करीब एक सप्ताह पहले अपने पति से फोन पर बातचीत के दौरान विवाद हो गया था। पुलिस ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि उस दौरान महिला की अपने देवर से भी कहासुनी हो गई थी जिसके बाद वह ढढ़नी गांव में अपने मायके आ गई थी। पुलिस ने बताया कि महिला का पति गुरुग्राम में नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि ढढ़नी गांव निवासी सुनीता यादव का विवाह साहितबांध गांव के बालेश्वर यादव से हुआ था। पुलिस ने बताया कि सोमवार को सुनीता ने कथित तौर पर चाय में कुछ विषैली चीज मिलाकर अपने बच्चों हिमांशु यादव (10), पीयूष यादव (8) और सुप्रिया यादव (5) को पिला दी जिससे तीनों बच्चों की मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे ने कहा सुनीता का सबसे छोटा बेटा बाहर खेल रहा था इसलिए वह बच गया। उन्होंने बताया कि आरोपी सुनीता यादव के देवर की तहरीर पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामूली विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में एक की मौत, 11 घायल

भदोही। जिले के औराई थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। औराई के क्षेत्राधिकारी राम लखन मिश्र ने बताया कि इस घटना में जियाउल हक, हसन और सद्दाम तथा उनके पड़ोस में रहने वाले नियाज, बदरे आलम और मुश्ताक के बीच मारपीट हुई। मंगलवार शाम जियाउल हक पक्ष ने अपनी मोटरसाइकिल दूसरे पक्ष के दरवाजे के सामने खड़ी कर दी थी। उन्होंने बताया कि नियाज पक्ष ने मोटरसाइकिल हटाकर दूसरी जगह खड़ी कर दी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे जमकर चले, जिसमें दोनों तरफ से तीन महिलाएं नजमा, नाजिया और शबनम तथा नौ पुरुष समेत कुल 12 लोग घायल हुए। मिश्र ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जियाउल हक के मामा मोहम्मद कासिम (60) की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें वाराणसी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से इस संबंध में मामला दर्ज कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बेटे ने बीमार मां को ठेले पर पहुंचाया अस्पताल, रास्ते में महिला ने तोड़ा दम

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में एक बेटा अपनी बीमार मां को ठेले पर लेकर चार किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचा, लेकिन तब तक उसकी मां की मौत हो गई। जलालाबाद कस्बे में रहने वाले दिनेश ने बताया कि बुधवार को उसकी मां बीना देवी (65) के पेट में अचानक दर्द उठा जिसके चलते वह बेहाल हो गईं, तब उसके पिता ने एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर फोन किया परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं आई तो दिनेश अपनी मां को हाथ के ठेले पर लेकर चार किलोमीटर दूर सरकारी अस्पताल पहुंचा।दिनेश ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर डॉ अमित यादव ने उसकी मां को ठेले पर ही देखा लेकिन तब तक उसकी मां की मौत हो चुकी थी। उन्होंने मायूस लहजे में कहा कि अगर समय पर एंबुलेंस आ जाती तो शायद उसकी मां की जान बच जाती। जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अमित यादव ने बताया कि जलालाबाद कस्बे के रहने वाले दिनेश अपनी मां को हाथ वाले ठेले पर लेकर आए थे। सूचना मिलते ही वह स्वयं मरीज को देखने गए, लेकिन मरीज की रास्ते में ही मौत हो गई थी।शाहजहांपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के वर्मा ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है और वह इस मामले के बारे में पता लगा रहे हैं।

# महाविद्यालय की मान्यता रद होने के बाद हटाए गए अधिष्ठाता

**मिल्कीपुर** अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान एव पशुपालन महाविद्यालय की मान्यता रद्द होने की फजीहतों के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह नींद से जाग गए हैं। उन्होंने कड़ा निर्णय लेते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर के जोशी से अधिष्ठाता का प्रभार छीन लिया है। कुलपति ने भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता रद्द किए जाने संबंधी पत्र मिलने के बाद विश्वविद्यालय स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता का प्रभार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ पी एस परमानिक को सौंपे जाने का आदेश दे दिया है। बताते चलें कि भारतीय पशु चिकित्सा परिषद की ओर से बीते 11 अगस्त को कृषि

### विश्वविद्यालय के कुलसचिव को मिला पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार

विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय की मान्यता रद्द किए जाने की संस्तुति सहित रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रालय को भेजे जाने का आदेश दिया गया था। जिसका पत्र विश्वविद्यालय भी पहुंच गया था। मान्यता रद्द होने संबंधी पत्र मिलने के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अमले में हलचल तेज हो गई थी और मंगलवार को कुलपति ने पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों की एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय को वर्तमान विषम परिस्थितियों से उबारकर गौरवपूर्ण उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में विकसित किए जाने विषय पर विस्तार से चर्चा की गई जहां कुलपति ने महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर के जोशी को तत्काल अधिष्ठाता पद से हटाए जाने के आदेश दे दिए। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण ए के सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पी एस परमानिक को विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता का प्रभार सौंपे जाने का आदेश निर्गत कर दिया है।

## मोर्छलासन में विराजमान हो दर्शन देंगे बालकृष्ण



## मथुरा में 19 को मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का परम पुनीत जन्ममहोत्सव शास्त्रीय मर्यादाओं और परंपराओं के अनुसार भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 19 अगस्त शुक्रवार को मनाया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुये श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा.संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण के 5249वें जन्ममहोत्सव के अवसर पर जन्मस्थान की साज.सज्जा, ठाकुरजी की पोषाक श्रंगार नयनाभिराम होंगी। जन्मभूमि के अन्दर एवं परिसर के बाहर से श्रद्धालुगण जिस दिशा से भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि के दर्शन करेंगे, वहीं से उनको जन्मभूमि की अद्भुद छटा की अनुभूति होए ऐसा प्रयास चल रहा है।

भगवान श्रीकृष्ण की प्राकट्य भूमि एवं कारागार के रूप में प्रसिद्ध गर्भ.गृह एवं सम्पूर्ण श्रीकृष्ण चबूतरा की साज.सज्जा अद्भुत होगी। 19 अगस्त शुक्रवार को प्रातः दिव्य शहनाई एवं नगाड़ों के वादन के साथ भगवान की मंगला आरती के दर्शन प्रातः 5:30बजे से होंगे। तदोपरान्त प्रातः 8:00 बजे भगवान का दिव्य पंचामृत अभिषेक किया जायेगा एवं भगवान के पवित्र स्त्रोतों का पाठ एवं पुष्पार्चन होगा। प्रातः 10:00 बजे भव्य पुष्पाँजलि कार्यक्रम का आयोजन पवित्र लीलामंच पर किया जायेगा। ब्रज तीर्थ विकास परिशद के विशेष सहयोग से पुश्पाँजलि कार्यक्रम के उपरान्त ब्रज एवं देष के प्रसिद्ध कलाकार अपनी भावाँजलि श्रीकृशण.जन्मस्थान के पवित्र लीलामंच पर करेंगे। जन्म महाभिषेक का मुख्य एवं कार्यक्रम रात्रि 11बजे श्रीगणेश.नवग्रह आदि पूजन से शुरू होगा। तदोपरान्त 1008 कमल.पुष्प से ठाकुरजी का सहस्त्रार्चन करते हुऐ आव्हान किया जायेगा। रात्रि 12 बजे भगवान के प्राकट्य के साथ संपूर्ण मंदिर परिसर में बज उठेंगे ढोल.नगाड़ेए झाँझ.मंजीरेए मृदंग साथ ही हरिबोल के साथ नाच उठेंगे असंख्य भक्तजन.संत एवं भगवान के जन्म की महाआरती शुरू होगी जो रात्रि 12:05 बजे तक चलेगी।

## छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होने से आहत युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले में छेड़छाड़ के आरोप लगने से कथित तौर पर क्षुब्ध एक युवक ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) सुनील दत्त ने बताया कि बरखेड़ा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में रामनिवास नामक युवक पर मंगलवार को घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया था और प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज होने से परेशान रामनिवास ने आज सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगा कर महिला ने रामनिवास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिससे वह काफी परेशान था। इसी के चलते उसने फांसी लगा ली। दत्त ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## कैदी ने जेल अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में दहेज हत्या के मामले में जिला कारागार में बंद एक कैदी ने बुधवार को जेल के अंदर कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जेलर राजेश राय ने बुधवार को बताया कि जिले के ढाई गांव का निवासी शैलेश कुमार गुप्ता (32) दहेज हत्या के एक मामले में इसी वर्ष 21 अप्रैल से जिला जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि आज दोपहरउन्होंने बताया कि आज दोपहर गुप्ता ने बरामदे में निकली एक सरिया में अंगौछे से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य कैदियों ने बताया कि गुप्ता शौच करने की बात कहकर बैरक के बाहर गया था। राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ज्ञानवापी मामले पर सुनवाई टली



भाषा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 30 अगस्त, 2022 तक के लिए बुधवार को टाल दी। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती दी है। बुधवार को जब यह मामला सुनवाई के लिए आया तो प्रतिवादी पक्ष के वकील विजय शंकर रस्तोगी की ओर से अधिवक्ता एके सिंह ने अदालत से सुनवाई टालने का यह कहते हुए अनुरोध किया कि रस्तोगी की तबीयत ठीक नहीं है। इस पर, न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने सुनवाई टालते हुए इस मामले पर अगली सुनवाई की तारीख 30 अगस्त, 2022 तय की। उल्लेखनीय है कि मूल वाद वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दायर किया गया था जिसमें उस स्थान पर जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद मौजूद है, प्राचीन मंदिर को बहाल करने का अनुरोध किया गया है। इस वाद में दलील दी गई है कि कथित मस्जिद उस मंदिर का हिस्सा है। इससे पूर्व, आठ अप्रैल, 2021 को वाराणसी की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को काशी विश्वनाथ मंदिर- ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था, जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या मस्जिद का निर्माण करने के लिए मंदिर को ध्वस्त किया गया था। इसके बाद, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में नौ सितंबर, 2021 को वाराणसी की अदालत के आठ अप्रैल, 2021 के आदेश पर रोक लगा दी थी और इस मामले की आगे की सुनवाई पर भी रोक लगा दी थी।

## दीवानी विवादों को आपराधिक रंग नहीं दिया जा सकता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि दीवानी विवादों को आपराधिक कृत्यों का रंग नहीं दिया जा सकता है। इस तरह से अदालत ने दीवानी विवाद में आपराधिक मुकदमे को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति समीर जैन ने फुर्खाबाद के राघवेंद्र सिंह और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका स्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी। याचिकाकर्ताओं ने फुर्खाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अपने खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 468, 471, 506 और 120बी के तहत चल रहे आपराधिक मुकदमे को चुनौती दी थी। इन आरोपों पर गौर करने के बाद अदालत ने कहा, मैं पाता हूं कि प्रतिवादी ने एक विशुद्ध दीवानी विवाद को आपराधिक रंग दिया है। आरोपों के मुताबिक, फर्जी वसीयत के आधार पर दाखिल खारिज की प्रक्रिया आवेदकों के पक्ष में समाप्त हुई, लेकिन ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि 30 नवंबर, 2000 की तिथि की पंजीकृत वसीयत फर्जी है। अदालत ने कहा, इसलिए इस मामले को लेकर केवल सक्षम सिविल कोर्ट निर्णय कर सकती है कि विवादास्पद वसीयत फर्जी है या नहीं, लेकिन प्रतिवादी ने इस वसीयत को रद्द करने के लिए कोई वाद दायर नहीं किया। अदालत ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस व्यवस्था को हतोत्साहित किया है कि यदि विवाद की प्रकृति विशुद्ध रूप से दीवानी है और यह सक्षम अदालत द्वारा साक्ष्य के आधार पर तय की जा सकती है तो आपराधिक मुकदमे को जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अदालत ने बृहस्पतिवार को आपराधिक मुकदमे को खारिज करते हुए कहा कि मौजूदा मामले में प्रश्न यह है कि 30 नवंबर, 2000 की तिथि की वसीयत फर्जी है या नहीं, इसे सक्षम सिविल कोर्ट द्वारा साक्ष्य और दस्तावेजों के जरिए तय किया जा सकता है। लेकिन शिकायतकर्ता ने किसी सिविल कोर्ट के समक्ष इस वसीयत को चुनौती नहीं दी।

## सपा विधायक आजम खां के खिलाफ गवाह को धमकाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और रामपुर से पार्टी विधायक आजम खां पर अपने खिलाफ दर्ज एक मामले मे एक गवाह को धमकाने के आरोप मे बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आजम खां तथा पांच अन्य लोगो के खिलाफ एक मामले के गवाह को धमकाने के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यह प्राथमिकी रामपुर शहर के बोरिया इलाके के रहने वाले नन्हे नामक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज की गई है।पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक नन्हे ने आरोप लगाया है कि पूर्वाह्न करीब साढ़े नौ बजे पांच अज्ञात लोग उसके घर पर पहुंचे और कहा कि उन्हे आजम खां ने भेजा है। उन लोगो ने कहा कि वह खां के खिलाफ अदालत मे बयान नही दे वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा। नन्हे, आजम खां के खिलाफ एक जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़े मुकदमे का गवाह है,, जो वर्ष 2019 मे दर्ज किया गया था और जिले की एमपी एमएलए अदालत मे इसकी सुनवाई चल रही है। इस मामले की बुधवार को सुनवाई की गई और नन्हे ने अदालत मे उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गवाह की सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किए गए है। इस बीच, आजम खान के बेटे और स्वार सीट से सपा विधायक अब्दुल्लाह आजम ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और अपने पिता के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर विरोध जताया। उन्होने इस मुलाकात के बाद संवाददाताओ से कहा कि राजनीतिक वैमनस्य की वजह से यह मुकदमा दर्ज किया गया है। अब्दुल्लाह ने आरोप लगाया कि प्रदेश मे कानून नाम की कोई चीज नही रह गई है।

# ठुमका लगाने पर दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**पीलीभीत।** पीलीभीत जनपद की पूरनपुर कोतवाली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह के बाद बीन की धुन पर कथित तौर पर ठुमके लगाने के वाले एक दरोगा और एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार प्रभु ने मंगलवार देर शाम वर्दी पहनकर फिल्मी गाने पर नाचने के आरोपी दरोगा और सिपाही पर कार्वाई की। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोशल मीडियासमाचार चैनल के माध्यम से थाना पूरनपुर प्रांगण में उप निरीक्षक सौरभ कुमार और कांस्टेबल अनुज का फिल्मी गाने की धुन पर वर्दी में डांस करते हुए वीडियो वायरल हुआ है, जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने दोनों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया है। बयान के मुताबिक इस सम्बन्ध में विभागीय जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी, पूरनपुर को दी गई है।

**तिरंगा यात्रा के वीडियो में आपत्तिजनक ऑडियो डालकर वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार**

बुलंदशहर। तिरंगा यात्रा के वीडियो का संपादन कर वीडियो में कथित आपत्तिजनक ऑडियो डालने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। खुर्जा के पुलिस क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि जिले के अरनिया थाना अंतर्गत सरसौल गांव में तिरंगा रैली का एक आपत्तिजनक वीडियो हमारे संज्ञान में आया जिस पर कार्वाई करते हुए 21 वर्षीय जिहान खान को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिहान खान ने कथित तौर पर मूल वीडियो को संपादित किया था और इसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस प्रकरण में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

**नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के दोषी को आजीवन कारावास:**महाराजगंज। महाराजगंज की एक अदालत ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अधिवक्ता विनोद सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने शनिवार को विक्की कहर को जिले के कोल्हुई पुलिस थाना अंतर्गत एक गांव की आठ साल की लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का दोषी करार दिया था। उन्होंने बताया कि कहर ने सात मई 2020 को लड़की का अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में लड़की को कहर के चंगुल से मुक्त कराया गया। चिकित्सकीय जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

**श्रद्धांजलि सभा:** चित्रकूट। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग संघ चालक कुं भालेन्दु सिंह को शोक श्रद्धांजलि आनन्द रिसोर्ट में दी गई। इस मौके पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने स्व0 कुं भालेन्दु सिंह जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि श्री सिंह का सम्पर्ण जीवन राष्ट्र हित के कार्यो एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित रहा है।उनके आकस्मिक निधन से समूचे क्षेत्र को अपार क्षति हुई है।

## सरकारी और गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में बड़े धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस का महापर्व

**बसखारी,** अम्बेडकरनगर। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर विकास खण्ड बसखारी के आस पास के क्षेत्रो मे झंडा रोहण कर बडी धूम धाम के साथ मनाया गया इसी क्रम में दरगाह रसूलपुर मे स्थिति एकरा पब्तिक जूनियर हाईस्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चो ने रगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू लता एव मो अकरम ने झंडा रोहण किया इस अवसर पर शाबरीन रेहाना खातून मोहसिना खातून शबा जमाल सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे मदरसा दारूल उलूम अशरफ्यिा रज्जाकिया दरगाह रसूलपुर मे विद्यालय के प्रेशिपल नफीश अहमद व मो शमीम ने झण्डा रोहण किया इस दौरान बच्चों ने विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर चार चांद लगा दिया इस अवसर पर विद्यालय के तबसुनबानो आरिफा फिरदोश नजिया फिरदोस सहित लोग मौजूद रहे शिक्षा क्षेत्र बसखारी के अंतर्गत बीबीपुर मे उच्च्य प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सलाउद्दीन ने झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर प्रधानाध्यापक आजाद दीपक मौर्य ने भी झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को देश भक्ति का संदेश दिया गया। इस तिरंगा यात्रा में डीजे पर बजने वाले देशभक्ति गीतों एवं लगने वाले गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति में सरोबोर नजर आया नगर पंचायत अशरफ्पुर किछौछा में युवा भाजपा नेता समाज सेवी ओमकार गुप्ता के द्वारा तिरंगा यात्रा को निकाले जाने की तैयारियां कई दिन पूर्व ही शुरू हो चुकी थी।

## सेन्ट्रल बैंक ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

**अयोध्या।** सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या एवं बैंक के अयोध्या क्षेत्र की सभी शाखाओं में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर्षोल्लास से ध्वजारोहण के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख श्री एस के सिंह द्वारा सरकारी प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस दौरान बैंक के मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तवए वरिष्ठ प्रबंधकगण श्री मनीष सिंहए श्री सचिन कुमारए श्री विजय कुमारए श्री एस पी शुक्लाए सेवानिवृत्त अधिकारी श्री दिवाकर मिश्रा एवं श्री आर पी तिवारीए अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही बैंक के ग्राहकगण एवं सेवानिवृत्ति स्टाफसदस्य भी उपस्थित रहे। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख ी एस के सिंह ने अपने संबोधन में देश के इतिहासए संस्कृतिए स्वतंत्रता संघर्षए वर्तमान चुनोतियों एवं अवसरों पर प्रकाश डालते हुए एक नागरिक के रूप में हर एक भारतीय की भूमिका एवं कर्तव्यों के बारे में बताया।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में सभी की दृष्टि केएल राहुल पर

**भाषा।** हरारे

**जिम्बाब्वे के** खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय कप्तान के एल राहुल के फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजरें होंगी। टी20 प्रारूप में भारत के शीर्ष क्रम का अभिन्न अंग माने जाने वाले राहुल इस श्रृंखला में अपनी चिर परिचित लय हासिल करने की पूरी कोशिश में होंगे। खेल हर्निया के आपरेशन के कारण राहुल दो महीने बाद टीम में लौटे हैं। उनके सामने चुनौती टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका बरकरार रखने और पहली गेंद से आक्रामक बल्लेबाजी की होगी।

कोच राहुल द्रविड़ और नियमित कप्तान रोहित शर्मा की नजरें सिर्फ राहुल के रनों पर ही नहीं होगी बल्कि वे यह भी देखना चाहेंगे कि रन किस तरह से बने हैं। भारतीय टीम को एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को पहला मैच खेलना है। हरारे स्पोर्टर्स क्लब पर जिम्बाब्वे ने 300 और 290 रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को हराया है। ऐसे में राहुल, शिखर धवन, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा और संजू सैमसन बड़ी पारियां खेलने की कोशिश में होंगे। भारत के पास मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, दीपक चाहर और कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज जबकि शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल जैसे हरफनमौला भी हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश को हराने के बाद जिम्बाब्वे की कोशिश भारत जैसी मजबूत टीम को कड़ी चुनौती देने की होगी। मेजबान को सिकंदर रजा, रेजिस चकाबवा और इनोसेंट केइया से बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। एक जमाना था जब जिम्बाब्वे के पास फ्लावर बंधु (ग्रांट और एंडी), हीथ स्ट्रीक, नील जानसंस , मरे गुडविंस और हेनरी ओलोंगा जैसे खिलाड़ी थे। पिछले दो दशक में देश की तरह जिम्बाब्वे क्रिकेट की दशा भी बेहाल रही है और इसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा। भारतीय टीम का जिम्बाब्वे दौरा आम तौर पर मेजबान बोर्ड की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में भारत का प्रयास माना जाता रहा है। इन तीन मैचों के टीवी और डिजिटल अधिकारों से जिम्बाब्वे क्रिकेट की खासी कमाई हो जाएगी। क्रिकेट की बात करें तो चयनकर्ताओं को बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का मौका मिलेगा जो 2023 में 50 ओवरों का विश्व कप खेल सकते हैं। भारत के पास इस समय इतने प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं कि तीनों प्रारूपों में भारत तीन अलग अलग टीमें उतार सकता है। छह महीने बाद टीम में लौटे दीपक चाहर और धीरे धीरे लय हासिल कर रहे कुलदीप पर चयनकर्ताओं की निगाहें होंगी। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले राहुल त्रिपाठी के पास भी भारतीय टीम के लिए खेलते हुए उस लय को दोहराने का मौका है।

**टीमें : भारत :** के एल राहुल (कप्तान), शिखर धवन , रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज अहमद।

**जिम्बाब्वे :** रेजिस चकाबवा (कप्तान), रियान बर्ल, तनाका चिवांगा, ब्राडले इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, टी कैतानो, क्लाइव माडांडे, वेसली एम, टी मारूमानी, जान मसारा, टोनी मुनियोंगा, रिचर्ड एंगारावा, विक्टर एन, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, डोनाल्ड तिरिपानो।

मैच का समय : दोपहर 12 . 45 से।

## दो महीने बाहर रहा पर टीम नहीं भूली कि मैंने दो साल तक क्या किया: राहुल

**भाषा।** हरारे

**पिछले कुछ** समय में चोटों से परेशान रहे लोकेश राहुल एक और श्रृंखला में भारत का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे हैं और इस दौरान वह टीम प्रबंधन का धन्यवाद करना नहीं भूले जिसने दो महीने उनके टीम से बाहर रहने के बावजूद पिछले दो साल के उनके योगदान को याद रखा।

जिंबाब्वे के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय कप्तान ने कहा, आप दो महीने के लिए बाहर हो सकते हैं लेकिन वे यह नहीं भूले हैं कि आपने पिछले दो-तीन वर्षों में टीम और देश के लिए क्या किया है। खिलाड़ी वास्तव में ऐसे माहौल में कामयाब होते हैं। राहुल को लगता है कि भारतीय टीम प्रबंधन एक ऐसा माहौल बनाने में सक्षम रहा है जो एक अच्छे खिलाड़ी से महान खिलाड़ी के सफर के बीच की खाई को पाट सके। राहुल ने कहा, यह इस तरह का माहौल है जो एक खिलाड़ी को एक अच्छे खिलाड़ी से एक महान खिलाड़ी में बदलने में मदद कर सकता है, वह अपनी टीम के लिए अधिक मैच जीतने वाली काफी अधिक पारी खेल सकता है भारत के लिए 42 वनडे में पांच शतक की मदद से 46 से अधिक के औसत से रन बनाने वाले शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा, एक खिलाड़ी के लिए चयनकर्ताओं, कोच और कप्तान का समर्थन हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह आपको इतना आत्मविश्वास देता है कि आपकी मानसिकता स्पष्ट हो जाती है और आप आवश्यक चीजों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इस खिलाड़ी को अपने करियर के दौरान कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है और वह अभी खेल हर्निया की सर्जरी से उबरे हैं। राहुल ने कहा, चोटें खेल का हिस्सा हैं और इसने मुझ पर दया नहीं दिखाई है लेकिन यह यात्रा का हिस्सा है। राहुल जून में स्वदेश में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की शुरुआत के पहले से टीम से बाहर हैं।




मौलिकता बहुत महत्वपूर्ण है और राहुल का मानना है कि नेतृत्वकर्ता के रूप में अपने छोटे से कार्यकाल में उन्होंने अपनी पहचान बनाए रखने का प्रयास किया और टीम के अन्य सदस्यों को उनकी व्यक्तिगत पहचान बनाए रखने दी। राहुल से जब यह पूछा गया कि क्या उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नक्शेकदम पर चलने का प्रयास किया है तो उन्होंने कहा, मैं वहां जाकर कुछ और नहीं बन सकता। तब मैं स्वयं के लिए, टीम के लिए या खेल के प्रति निष्पक्ष नहीं रहूंगा। मैं कोशिश करता हूं कि मैं वही रहूं जो मैं हूं और अन्य खिलाड़ियों को वैसा ही रहने दूं जैसा वे चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं इन लोगों (धोनी) के साथ अपनी तुलना भी नहीं कर सकता, उन्होंने देश के लिए जो किया है उसकी उपलब्धि कहीं अधिक है और मुझे नहीं लगता कि कोई नाम उनके समान लिया जा सकता है। चोट के बाद टीम में वापसी कर रहे खिलाड़ियों के बारे में राहुल ने कहा, मैं, कुलदीप और दीपक (चाहर), हम सभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में थे (रिहैबिलिटेशन के लिए) और सभी इस श्रृंखला की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे पता है कि उन्होंने अच्छी तैयारी की है और वे जानते हैं कि उन्हें क्या करने की आवश्यकता है। कुलदीप और चाहर वापसी कर रहे हैं लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और मोहम्मद सिराज पिछले छह महीनों से एकदिवसीय ढांचे का हिस्सा हैं। राहुल ने कहा, आवेश, सिराज और प्रसिद्ध आईपीएल की शुरुआत से ही लगातार खेल रहे हैं। यह उनके शरीर के प्रबंधन और रणनीतियों से जुड़ा है इसलिए उनके साथ बैठकर बात करने की जरूरत है।

## कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच बने चंद्रकांत पंडित

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** प्रतिष्ठित घरेलू कोच चंद्रकांत पंडित को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। पंडित ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेंगे जो अब इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच हैं। भारतीय घरेलू सर्किट में सबसे प्रतिष्ठित कोच में से एक पंडित के मार्गदर्शन में हाल में मध्य प्रदेश ने अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता था। इससे पहले वह मुंबई और विदर्भ के साथ कई बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीत चुके हैं। घरेलू टीमों के साथ शानदार काम करने के लिए पहचाने जाने वाले भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पंडित की यह शीर्ष स्तर पर पहली बड़ी जिम्मेदारी होगी। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक बयान में कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि चंदू (चंद्रकांत पंडित) हमारी यात्रा के अगले चरण में हमारा नेतृत्व करने के लिए नाइट राइडर्स परिवार में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, वह जो करते हैं उसके प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और घरेलू क्रिकेट में सफलता का उनका रिकॉर्ड सभी के सामने है। हम अपने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ उनकी अच्छी साझेदारी की उम्मीद कर रहे हैं। नई चुनौती को स्वीकार करते हुए पंडित ने कहा, मैंने नाइट राइडर्स से जुड़े रहे खिलाड़ियों और अन्य लोगों से यहां की पारिवारिक संस्कृति और सफलता की परंपरा के बारे में सुना है। उन्होंने कहा, मैं सहयोगी कर्मचारियों और टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों के स्तर को लेकर उत्साहित हूं और मैं पूरी विनम्रता तथा सकारात्मक उम्मीदों के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। साठ साल के पंडित ने 80 के दशक के मध्य से लेकर 90 के दशक की शुरुआत तक भारत के लिए पांच टेस्ट और 36 एकदिवसीय मैच खेले। पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में पंडित ने कहा था कि आईपीएल के शुरुआती वर्षों में उनकी एक बार केकेआर के मालिकों में शामिल शाहरुख खान के साथ बैठक हुई थी लेकिन तब उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि वह सहायक कोच के रूप में सहयोगी स्टाफ में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं।

## ब्राजील-अर्जेंटीना विश्व कप क्वालीफायर रद्द करने पर राजी फीफा

**साओ पाउलो ( एपी )।** ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच विश्व कप का निलंबित क्वालीफाइंग मैच अब नहीं होगा। दोनों देशों के फुटबॉल संघ ने मैच रद्द करने का समझौता फीफा के साथ होने के बाद यह ऐलान किया। दोनों टीमें क्वालीफायर नहीं खेलने के लिए जुर्माना भरने पर राजी हो गई। सितंबर में यह मैच शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही रोकना पड़ा था जब ब्राजील के स्वास्थ्य अधिकारी यह कहकर मैदान में आ गए थे कि अर्जेंटीना के चार खिलाड़ियों ने कोरोना प्रोटोकॉल तोड़ा है। फीफा यह मैच अगले महीने कराना चाहता था लेकिन ब्राजील और अर्जेंटीना दोनों कतर में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं तो यह मैच औपचारिकता मात्र रह गया था।

## क्विक न्यूज

### मास्टरकार्ड ने की प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ियों के साथ की साझेदारी

**कानपुर।** मास्टरकार्ड ने आज लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, सात्विकसाईराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी को भारत में अपना ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है। प्रतिष्ठित थॉमस कप 2022 और बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के विजेता रह चुकेए यह नये एम्?बेसेडर्स भारत में डिजिटल भुगतान की सुरक्षाए और सहूलियत के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये मास्?टरकार्ड के साथ साझेदारी करेंगे। बीते वर्षों में, भारत में खेलों के परिदृश्य में तेजी से विविधता आई है और मास्?टरकार्ड ने भारत के खेल उद्योग के विकास के साथ.साथ बैडमिंटन के क्षेत्र में कदम रखा है। इसी साल की शुरुआत मेंए मास्?टरकार्ड ने गोल्?फर्स के अपने अग्रणी पैनल को बढ़ाने के लिये शिव कपूर को साइन किया थाए जिसमें अनिर्बन लाहिरी ब्राण्ड एम्बेसेडर के तौर पर शामिल हैं। मास्टरकार्ड ने दुनियाभर में टेनिस से लेकर क्रिकेट और फुटबॉल से लेकर ई.स्पोर्ट्स तक खेलों में काफी निवेश किया है और अब इस सूची में बैडमिंटन भी जुड़ गया है।

### पीएसएल और आईपीएल की तारीखों में 2025 में होगा टकराव

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की चैंपियन्स ट्रॉफी के आयोजन के अलावा व्यस्त घरेलू सत्र के चलते 2025 में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तारीखों में टकराव की पूरी संभावना है। आईपीएल की ढाई महीने की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) मार्च से शुरू होकर जून की शुरुआत तक चलती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को हालांकि अपनी टी20 लीग के 10वें सत्र को जनवरी-फरवरी के नियमित समय के बाद मार्च और मई के बीच आयोजित करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है क्योंकि देश को फरवरी 2025 में चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी करनी है। यह पहली बार होगा जब लुभावने आईपीएल के दौरान किसी टी20 लीग का आयोजन होगा।

### सिमोन एशिया पैसेफिक कप में भाग लेंगी दो भारतीय टीम

**जकार्ता।** पिछले महीने नीदरलैंड में शीर्ष तीन में रहने वाली वाणी कपूर सहित दीक्षा डागर, अमनदीप द्राल और गौरिका विश्नोई यहां 750,000 अमेरिकी डॉलर इनामी सिमोन एशिया पैसिफिक कप में भारत की अगुवाई करेंगी। अपनी तरह की यह विशिष्ट प्रतियोगिता तीन दिन तक पॉन्डोक इंडाह गोल्फ कोर्स में खेली जाएगी। इसी गोल्फ कोर्स में गगनजीत भुल्लर ने तीन सप्ताह पहले मैंडीरी इंडोनेशियाई ओपन जीतकर खिताब का लंबा इंतजार खत्म किया था। भारत सिमोन एशिया पैसिफिक कप में दो टीम उतारेगा। इनमें एक टीम दीक्षा और गौरिका की जबकि दूसरी टीम अमनदीप और वाणी की होगी। प्रतियोगिता में कुल 22 टीम भाग ले रही है। प्रत्एक टीम में दो-दो खिलाड़ी शामिल है। भारत उन देशों में शामिल है जिसे दो टीम उतारने की अनुमति दी गई है। भारत के अलावा जापान, कोरिया और थाईलैंड की भी दो टीमें भाग ले रही हैं जबकि मेजबान इंडोनेशिया को तीन टीम उतारने की अनुमति दी गई है।

### विश्व चैम्पियनशिप से पहले दहिया के रूस में अभ्यास को मंत्रालय की मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय अगले महीने सर्बिया में होने वाली विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए ओलंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया की रूस में तैयारी का खर्च उठाएगा। मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत दहिया की रूस के ब्लादिकावकाज में तैयारी को मंजूरी दी है।तोक्यो ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में रजत पदक विजेता दहिया आज रात रवाना होंगे। उनके साथ कोच अरूण कुमार, अभ्यास साझेदार साहिल और फिजियो मुनीश कुमार भी जाएंगे। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार उनकी यात्रा, वीजा, रहने का खर्च टॉप्स के तहत वहन किया जाएगा। यह शिविर 29 दिन चलेगा और उसके बाद दहिया सर्बिया के बेलग्रेड में विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। बर्मिंघम में हाल ही में हुए राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भी दहिया ने बुल्गारिया में विशेष अभ्यास शिविर में भाग लिया था और बुल्गारिया, तुर्की और मंगोलिया में प्रतियोगिताओं में खेले थे।

### गल्फ जाइंट्स ने यूएई आईएलटी20 के लिए 14 सदस्ईय टीम घोषित की

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा) गल्फ जाइंट्स ने जनवरी और फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय लीग टी20 (आईएलटी20) के लिए टीम की घोषणा की। पहले सत्र में छह टीम हिस्सा लेंगी जिसमें अडानी स्पोर्ट्स लाइन की फ्रेंचाइजी गल्फ जाइंट्स भी शामिल है। जाइंट्स की टीम में क्रिस जोर्डन, क्रिस लिन, डेविड वाइसी, टॉम बेंटन और शिमरोन हेटमायर जैसे टी20 क्रिकेट के कुछ बड़े नाम शामिल है। जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान और 2010 में आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के कोच एंडी फ्लावर को टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्लावर को कोचिंग का लंबा अनुभव है। वह हाल में आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊसुपर जाइंट्स के भी कोच थे।

### पाकिस्तान ने नीदरलैंड को पहले वनडे में 16 रन से हराया

**रोटरडम (एपी)।** पाकिस्तान ने धीमी शुरूआत से उबरते हुए पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में नीदरलैंड को 16 रन से हरा दिया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और चार ओवर में तीन ही रन बन सके। छह ओवर के बाद स्कोर एक विकेट पर 10 रन था जब विवियन किंग्मा ने इमामुल हक (दो) को पगबाधा आउट किया। सलामी बल्लेबाज फखर जमां ने 109 गेंद में 109 रन बनाकर टीम को संकट से निकाला। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया। जमां और कप्तान बाबर आजम (85 गेंद में 74 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। शादाब खान ने 28 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जिसकी मदद से पाकिस्तान ने छह विकेट पर 314 रन जोड़े। नीदरलैंड के लिए तेज गेंदबाज बास डि लीड ने 10 ओवर में 42 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में नीदरलैंड ने आठ विकेट पर 298 रन बना लिए थे। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 60 गेंद में 71 रन बनाकर नाबाद रहे।

## नौ अक्टूबर से पहले होंगे हॉकी इंडिया के चुनाव

### हॉकी विश्व कप को खतरा नहीं

**भाषा।** लुसाने

**अगले साल** होने वाले पुरूष विश्व कप की मेजबानी को लेकर अनिश्चितता पर लगभग विराम लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और प्रशासकों की समिति ने हॉकी इंडिया के चुनाव नौ अक्टूबर से पहले कराने तथा संशोधित संविधान का अंतिम मसौदा अगले दस दिन में जमा करने पर सहमति जताई है। एफआईएच के प्रतिनिधिमंडल ने सीओए, खेल मंत्रालय और विश्व कप की मेजबान ओडिशा सरकार के आला अधिकारियों से मुलाकात को सार्थक बताया। एफआईएच दल में कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद और सीईओ थियरी वील शामिल थे। बैठक के बाद एफआईएच और सीओए ने संयुक्त बयान में कहा , बैठक में एफआईएच द्वारा रखे गए दो अहम मसलों पर सीओए ने जवाब दिया। पहला हॉकी इंडिया के संशोधित संविधान का पहला मसौदा आज एफआईएच को सौंपा गया। इसके साथ ही अंतिम मसौदा अगले दस दिन में जमा किया जाएगा। इसमें आगे कहा गया , इसके साथ ही हॉकी इंडिया के चुनाव नौ अक्टूबर 2022 से पहले कराने का फैसला आपसी सहमति से किया गया। हॉकी इंडिया के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर अहमद ने कहा , हम अदालत को तीसरा पक्ष नहीं मानते और हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं। हमारा मानना है कि अदालत का फैसला दखल नहीं है।

सीओए सदस्य अनिल दवे ने कहा , एफआईएच दल से बातचीत बेहद सकारात्मक और उत्साहवर्धक रही। खेल की भावना और खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर भारत में हॉकी के सुचारू संचालन के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने पर सहमति बनी। इससे पहले कल एफआईएच दल ने खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी से भी मुलाकात की थी। वहीं ओडिशा के खेल सचिव सह आयुक्त विनील कृष्णा ने एफआईएच दल को भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले 2023 पुरूष हॉकी विश्व कप की तैयारियों से अवगत कराया। एफआईएच और सीओए दल सात सितंबर को भुवनेश्वर और राउरकेला का दौरा करेगा जिसके एक दिन बाद भुवनेश्वर में विश्व कप का आधिकारिक ड्रॉ निकाला जाएगा। विश्व कप 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच खेला जाएगा। एफआईएच ने पिछले महीने सीओए से संशोधित संविधान लागू करने और हॉकी इंडिया के ताजा चुनाव कराने संबंधी सिलसिलेवार ब्यौरा मांगा था। ऐसी आशंका थी कि हॉकी इंडिया अगर खेल कोड के अनुरूप संविधान तुरंत लागू नहीं करता है तो भारत को 13 से 29 जनवरी तक होने वाले विश्व कप की मेजबानी गंवानी पड़ सकती है।


उत्तरी-दक्षिणी ओपेन टेनिस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स का शॉट रोकतीं ब्रिटेन की इमा

## अगले चक्र में 38 टेस्ट, 42 वनडे और 61 टी20 खेलेगा भारत

### पाकिस्तान से कोई श्रृंखला नहीं होगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय पुरुष** टीम आईसीसी के भावी दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के तहत अगले पांच साल में यानी मई 2023 से अप्रैल 2027 के बीच 141 द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम पांच साल में 38 टेस्ट, 42 वनडे और 61 टी20 मैच खेलेगी। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली जाएगी। इस दौरान 12 सदस्य देश 777 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे जिनमें 173 टेस्ट, 281 वनडे और 323 टी20 मैच शामिल है। मौजूदा सत्र में टीमों ने 694 मैच खेले हैं। इस चक्र में आईसीसी की दो पुरूष टेस्ट चैम्पियनशिप, आईसीसी टूर्नामेंट और द्विपक्षीय और तीन देशों की श्रृंखलाएं शामिल हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी चार मैचों की बजाय पांच मैचों की हो गई है।

भारतीय टीम इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया दोनों के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। भारत को जुलाई अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला जनवरी से मार्च 2024 के बीच होगी। आस्ट्रेलियाई टीम पूर्व चक्र के कार्यक्रम के तहत अगले साल की शुरूआत में भारत में चार टेस्ट खेलेगी। भारतीय टीम 2024 . 25 में आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट खेलेगी और 1991 के बाद यह पहली बार होगा। भारत सितंबर 2024 में दो टेस्ट के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। भारतीय टीम 2023 में 50 ओवरों के विश्व कप से पहले 27 वनडे खेलेगी।

## एलिसन रिस्के अमृतराज चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में एकल की अगुवाई करेगी

**चेन्नई।** विश्व में 29वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी एलिसन रिस्के अमृतराज 12 से 18 सितंबर तक यहां होने वाले चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट में एकल सूची की अगुवाई करेंगी। रिस्के अमृतराज के अलावा जिन खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश दिया गया है उनमें बेल्जियम की एलिस मर्टेंस, फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया और जर्मनी की तातजाना मारिया शामिल हैं। रिस्के अमृतराज की शादी स्टीफन अमृतराज के साथ हो रखी है जो कि भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी आनंद अमृतराज के पुत्र हैं। मारिया दो बच्चों की मां है।

## न्यायालय ने एआईएफएफ मामले की सुनवाई टाली

### केंद्र ने कहा- फीफा से बातचीत जारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक टाल दी है चूंकि केंद्र ने कहा है कि भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने को लेकर फीफा से बातचीत जारी है। न्यायालय ने केंद्र से विश्व कप भारत में कराने और एआईएफएफ का निलंबन हटाने के लिए जरूरी उपाय करने के लिए भी कहा। न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड, ए एस बोपन्ना और जे बी परीदवाला की पीठ को सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार और प्रशासकों की समिति ने फीफा के साथ दो बैठकें की है और भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने के प्रयास जारी हैं।



उन्होंने मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा ताकि एआईएफएफ के सक्रिय पक्षों के बीच सहमति बन सके। मेहता ने कहा कि न्यायालय के यह कहने से काफी मदद मिलेगी कि सभी पक्ष मामले का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अंडर 17 बच्चों के लिए यह बड़ा टूर्नामेंट है और उसे इसी से सरोकार है कि टूर्नामेंट भारत में हो। पीठ ने कहा कि कोई बाहरी इसमें दखल देगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



जर्मनी में आयोजित महिला साइकिल प्रतियोगिता के बाद पदक दिखाते विजेता

## गोकुलम केरल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा

## खेल मंत्रालय को फोन किया, ताशकंद में रुकने की अनुमति मिली

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत पर** फीफा के प्रतिबंध के बाद से आशा और निराशा के बीच झूल रहे गोकुलम केरल महिला टीम के अध्यक्ष वी सी प्रवीण अपने भावी कदम पर विचार कर रहे थे क्योंकि उनके खिलाड़ी किसी दूसरे देश की यात्रा पर थे। उन्होंने खेल मंत्रालय से बात करने, प्रधानमंत्री को पत्र लिखने, प्रशासकों की समिति (सीओए) को इसमें शामिल करने और एशियाई फुटबाल परिसंघ से बातचीत के लिए समय लेने पर विचार किया। वह नहीं चाहते थे कि उनके खिलाड़ी ताशकंद से बिना खेले वापस लौटे और इसके लिए वह कुछ भी करने को तैयार थे। उनकी टीम भारत का पहला क्लब है जो कि एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में भाग ले रहा है। काफी विचार विमर्श करने के बाद प्रवीण ने फैसला किया कि उनके केरल से नई दिल्ली फोन करने के बजाए टीम को उज्बेकिस्तान की राजधानी से खेल मंत्रालय को फोन करना चाहिए। टीम मैनेजर ने खिलाड़ियों की मौजूदगी में ताशकंद से खेल मंत्रालय के अधिकारियों से बात की और उनकी भावुक अपील का फायदा भी हुआ। मंत्रालय के अधिकारियों ने तुरंत ही इस मसले को एएफसी के सामने रखा जिसने टीम को ताशकंद में 48 घंटे और रुकने की अनुमति दे दी। इसलिए टीम वापस लौटने के बजाय उस देश में ठहरी हुई है जहां वह बड़ी उम्मीदों के साथ गई। प्रवीण ने बुधवार को पीटीआई से कहा, यह भावनाओं को व्यक्त करने से जुड़ा मसला है। हमारा उनको फोन करना सही है लेकिन टीम का फोन करना अंतर पैदा करता है। इसलिए हमें लगा कि खिलाड़ियों को भी फोन पर होने वाली इस बातचीत का हिस्सा बनना चाहिए। मंत्रालय ने तुरंत ही इस पर कार्वाई करके एएफसी से संपर्क साधा। टीम मैनेजर के मंत्रालय से बात करने के दौरान जहां उनकी खिलाड़ी उनके साथ में थी वहीं क्लब के अध्यक्ष ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने का फैसला किया। उन्होंने पीएम को भारत पर फीफा के प्रतिबंध के कारण अपने खिलाड़ियों की स्थिति के बारे में अवगत कराया।

# अमृत महोत्सवः राज्यमंत्री ने उत्कृष्ट शिक्षकों व विद्यालयों को प्रमाणपत्र देकर किया पुरस्कृत

● डीएम ने पुरस्कृत 75 शिक्षकों से उनके विद्यालयों को सबसे पहले निपुण बनाने का दिलाया संकल्प

संवाददाता। कानपुर देहात



उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने के दौरान मौजूद राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, डीएम नेहा जैन, सीडीओ सौम्या पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण

**आजादी का** अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 11 अगस्त से 17 अगस्त तक संचालित कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 75 शिक्षकों व 75 विद्यालयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने जनपद स्तरीय निपुण भारत अभियान का रिमोट के माध्यम से डिजिटल शुभारंभ किया एवं कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया, अपने उद्बोधन में पुरस्कृत शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम के साथ साथ बच्चों में नैतिक शिक्षा और संस्कार सिखाएं उन्हें बोलचाल शारीरिक हाव भाव से एक श्रेष्ठ भारत के अच्छे नागरिक के रूप में विकसित करें, माननीय प्रधानमंत्री जी के सपने हर बच्चे को निपुण बच्चे के रूप में विकसित करने के लिए और निपुण भारत अभियान के प्रभावी संचालन के लिए आई सी डी एस विभाग से जो भी आवश्यकता होगी उसके लिए भी वह प्रयास करेंगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिलाधिकारी नेहा जैन ने पुरस्कृत 75 शिक्षकों से उनके विद्यालयों को सबसे पहले निपुण विद्यालय बनाने का संकल्प लिया, उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य उनकी मूल प्राथमिकता है, वह चाहती हैं कि आप सब की कर्मठता और लगनशीलता से बेसिक शिक्षा विभाग जनपद का नंबर एक विभाग बने, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय द्वारा जनपद में जारी ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति एवं निपुण भारत के अंतर्गत जनपद में संचालित कार्यक्रमों बालवाटिका गतिविधियों, चहक प्रथम चरण, शिक्षक समुदाय बैठक, पाठ्य सहगामी क्रियाओं मां समिति बैठक जनपद के बच्चों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन की स्थिति के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया एवं शिक्षकों को प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय ने अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए समस्त अतिथियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक गीत नाटक की प्रस्तुति दी गई, दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, डिप्टी सीएमओ ए पी वर्मा अधिकारीगण एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे हैं।

## पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान और पैदल मार्च से मचा हड़कंप



पैदल मार्च करता पुलिस बल

**रूरा, कानपुर देहात।** वरिष्ठ निरीक्षक अमरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में रूरा पुलिस ने कस्बे के मुख्य तिराहे सहित अन्य स्थानों पर आकस्मिक वाहन चेकिंग अभियान चला कर चालान काटे वहीं वाहन सवारों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगा कर अपना जीवन सुरक्षित रखने के लिये भी प्रेरित किया। आकस्मिक वाहन चेकिंग अभियान व पुलिस के पैदल मार्च से वाहन चालकों में हडकम्प की स्थिति देखी गयी।

थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव के निर्देशन पर थाने में निरीक्षक(अपराध) के पद पर तैनात अमरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य आवागमन के मार्गो पर पैदल मार्च कर वृहद वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस के आकस्मिक वाहन चेकिंग से वाहन चालकों में हडकम्प मच गया वाहन चेकिंग की जानकारी होते ही वाहन चालक या तो रास्ते में ही खडे हो गये या फिर दूसरे सुरक्षित मार्गों से अपने गॅतव्य को निकलने का रास्ता खोजने लगे। वाहन चेकिंग के दौरान अनियमितता पाये जाने पर पुलिस बल ने वाहन चालकों के चालान भी काटे तथा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के फायदे गिनाते हुये सुरक्षित उपायों को अपनाने के लिये प्रेरित किया। वाहन चेकिंग के दौरान प्रमुख रूप से उपनिरीक्षक अजय राज शर्मा, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, उपनिरीक्षक रामऔतार, मुख्य आरक्षी योगेन्द्र कुमार महिला आरक्षी माधुरी तथा आरक्षी सुमित सहित अन्य पुलिस बल के लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### संस्कार भारती ने आजादी के अमृत महोत्सव पर वन्देमातरम गीत गाकर जनपद में मचाई धूम



**फर्रुखाबाद ।** संस्था संस्कार भारती ने आजादी के अमृत महोत्सव राष्ट्रीय पर्व पर स्वततंत्रता दिवस के अवसर पर पंडित ओमकार नाथ ठाकुर के वन्देमातरम गीत को सूर्य की पहली किरण के साथ प्रातः 6. 30 बजे जिले भर के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक वन्देमातरम गौरवगान का गायन किया। केंद्रीय निर्देशन पर पूरे भारत में कला साधकों एवं संस्था के पदाधिकारियों ने अनेकों स्थानों पर सामूहिक वन्देमातरम गौरवगान किया फर्रुखाबाद जिले में अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना ने सेनापत , अरविन्द दीक्षित ने स्वराज कुटीर, आदेश अवस्थी ने अरियारा शमशाबाद में, दिलीप कश्यप ने भीष्म शाखा टाउनहॉल तहसील, प्रवेश वर्मा ,प्रीतूष् ने माधव शाखा खड़ियाई, भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने फतेहगढ़ क्लब,अर्पण शाक्य ने गढ़िया हैवतपुर, अनिल प्रताप सिंह राठौर ने सैनिक कालोनी फतेहगढ़ ,रामावतार शर्मा ,इन्दू ने बजरिया निहालचंद्र, हेमलता श्रीवास्तव ने बजरिया सुभाष गेट,अनुभव सारस्वत ने श्री राम शाखा सिकत्तर बाग, महेश पाल सिंह उपकारी ने गंगा नगर कालोनी ,आलोक कुमार द्विवेदी ने ग्राम वेलासराय गजा शमशाबाद श्रीमती रजनी लौंगवानी ने मिस्री लाल फाटक पुराना कोठा पार्चा,डॉ प्रभात त्रिपाठी ने त्रिपाठी पॉली क्लीनिक शमशाबाद, गौरव मिश्रा बंटी ने खतराना,सुमन सक्सेना ने नुन्हाई । उपरोक्त वन्देमातरम गान के दौरान राष्टीयता की झलख देखने को मिली वन्देमातरम गीत के प्रति लोगों में उत्साह नजर आया और सभी ने बढ़कर चढ़कर इसमे हिस्सा लिया साथ ही राष्ट्रीय के गौरव गान वन्देमातरम कार्यक्रम को सफल बनाया ।

### कई कीटनाशक दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित

**फर्रुखाबाद।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने अपर मुख्य सचिव कृषि के निर्देश पर घपले बाजी करने वाले चार कीटनाशक कीटनाशक दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी बीके सिंह की टीम ने आज ग्राम मुरहास कन्हैया स्थित ओम शिव खाद एवं बीज भंडारए सरोज बीज भंडार एवं ग्राम जैतपुर की दुकानों पर छापा मारा। छापे की जानकारी मिलने पर सरोज बीज भंडार एवं लक्ष्मी बीज भंडार के मालिक दुकान बंद कर गायब हो गए। मृत्युंजय बीज भंडार की दुकान खुली थी लेकिन विक्रेता गायब थे। जबकि ओम शिव खाद एवं बीज भंडार के मालिक समुचित अभिलेख नहीं दिखा सके। टीम के सदस्यों ने घटिया एवं नकली कीटनाशक दवाइयों की आशंका में 12 दुकानों से कीटनाशक दवाओं के नमूने भरे हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए छापे की कार्यवाही जारी रहेगी। स्टाक तथा बिक्री रजिस्टर को प्रतिष्ठान पर रखना अनिवार्य है। प्रतिष्ठानों पर उन्हीं रसायन रसायनों की बिक्री की जाए जिनकी लाइसेंस में बिक्री की अनुमति है।

### नाला बघार में युवक का शव उतराता मिला

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज के नाला बघार के घाट पर 40 वर्षीय युवक का शव उतराता देखा गया। भोजपुर के प्रधान भुवन चंद बरतरिया की सूचना पर चौकी इंचार्ज राघवेंद्र तिवारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### पोस्ट मास्टर पर ध्वजारोहण न करने का आरोप

**कानपुर देहात।** डेरापुर तहसील क्षेत्र के रेरी गॉव स्थित पोस्ट आफिस कार्यालय में ध्वजारोहण न करने का आरोप लगा उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक सॅघ ने सीडीओ से शिकायत की है। शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये सीडीओ ने मामले की जॉच के आदेश दिये है। उ0प्र0 सीनियर बेसिक शिक्षक सॅघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह गौर ने मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय को मेमो देते हुये बताया कि 15 अगस्त को डेरापुर तहसील क्षेत्र के रेरी गॉव स्थित पोस्ट ऑफिस कार्यालय के पोस्टर राजेश कुमार द्वारा ध्वाजारोहण नहीं किया जो कि राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है सीडीओ सौम्या पाण्डेय ने बताया कि मामले की जॉच के आदेश दिये गये आरोपों में सत्यता पाये जाने पर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चत की जायेगी।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की हुई मौत

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के सद्दाम नगर के संदिग्ध परिस्थियों में 23 वर्षीय युवती की मौत हो गयी। वहीं मृतका के परिजनों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मार पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार सद्दाम नगर निवासी जलीश अहमद की पत्नी हस्लीमू के संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गयी। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। जहां पिता अहमद ने बताया कि उसने लड़की की शादी दो वर्ष पूर्व की थी। शादी के चार माह बाद ससुरालीजनों को एक लाख रूपये दिये थे लेकिन बाकी एक लाख रूपये के लिए उसकी पुत्री को ससुरालीजन मारते पीटते थे। मांग पूरी न होने पर पति, सास इन्द्रासन, बहन मीना, ससुर हबीब व जलीस के मामू रफी ने उसको मारने पीटने के बाद हत्या कर दी। वहीं मृतका के पति जलीस ने बताया कि उसकी पत्नी बीमार चल रही थी। जिसका इलाज किया जा रहा था। उसको एनीमिया की शिकायत पर इलाज के लिये कानपुर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। उधर पुलिस पोस्टमार्टम रिर्पोट की प्रतीक्षा कर रहीं है। आने के बाद आगे की कार्यवाही करेगीं।

### फ्लिपकार्ट ऑफिस में हुई लूट का खुलासा

**फतेहपुर।** मार्केटिंग कंपनी फ्लिपकार्ट ऑफिस में हुई 18 लाख 81 हजार रुपये की लूट का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। घटना का खुलासा करते हुए आईजी रेंज प्रयागराज राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पूरी वारदात का मांस्टर माईंड इसी कंपनी में काम करने वाला कैशियर ही था। जिसने पुलिस को ऑफिस में हुई लूट की सूचना भी दी थी, पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनाक्रम को जांचने के बाद सीसीटीवी को खंगाला तो पुलिस को शक हुआ कि वारदात में कैशियर भी शामिल हो सकता है। पुलिस ने पूंछतांछ के बाद उसे छोड़ दिया और उसके नंबरों को सर्विलांस में लगाते हुए मामले की पड़ताल शुरु की तो पता चला कि पूरे खेल को कैशियर के द्वारा प्लान किया गया था। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन अभियुक्तों को कैश के साथ चित्रकूट जनपद से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है, जिसकी तलाश पुलिस लगातार कर रही है। बतातें चलें कि 15 अगस्त को सदर कोतवाली क्षेत्र के डीएम और एसपी आवास के पास से फ्लिपकार्ट कंपनी के दफ्तर लाखों की लूट की वारदात ने जिले के पुलिस महकमें को सन्न करके रख दिया था।

### ज़िक़ित्ज़ा हेल्थकेयर ने यूपी में अपनी सेवा के एक वर्ष पूर्ण किया

लखनऊ। ज़िक़ित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में एएलएस एम्बुलेंस के संचालन का एक साल पूरा कर लिया है। इस एक साल के कार्यकाल मेंए कंपनी ने 1 लाख से अधिक रोगियों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल और एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक त्वरित परिवहन सेवा प्रदान की है। कंपनी आने वाले वर्षों में भी इसी तरह इस सेवा को जारी रखेगी। इस अवसर पर बोलते हुएए श्री दीपक खरबंदाए प्रोजेक्ट हेड ;उत्तर प्रदेशद्धए ज़िक़ित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड ने कहाए श्इस एक साल मेंए हम अपनी नियमित अपेक्षा से आगे निकल गए हैं और राज्य के लोगों को समय पर अस्पतालों तक पहुंचने में मदद की है। लोगों की मदद करने के हमारे प्रयास में हमारा साथ देने के लिए मैं उत्तर प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का आभार व्यक्त करता हूं। एक आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाता के रूप मेंए हमारा प्राथमिक ध्यान हमेशा आपातकालीन मामलों को चिकित्सा संस्थानों में तेजी से और अधिक कुशल हस्तांतरण की सुविधा पर रहा है।

### रेलवे ट्रैक से युवती का शव बरामद

**खागा, फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुकरापुर के समीप सुबह ग्रमीणों की सूचना पर पुलिस ने रेलवे ट्रेक से एक लगभग 18 वर्षीय युवती का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजानीपुर गांव निवासी दिनेश की पुत्री शीला का शव सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने कुकरापुर के समीप रेलवे ट्रैक से बरामद करते हुए पंचनामा पर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वहीं सूत्रों के हवाले से जानकारी मिल रही है कि युवती ने या तो आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या कर रेलवे टैऊक फेंक दिया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रहीं है।

### छूट के साथ मानसून केयर प्रोग्राम की घोषणा

**लखनऊ।** . इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज अपने श्मानसून केयरश् प्रोग्राम के लॉच की घोषणा की। यह भारत में सभी वीवो स्मार्टफोन यूज़र के लिए एक कॉम्प्रिहेन्सिव केयर प्लान है। इस प्रोग्राम मेंए ऐसे वीवो कस्टमर्स को काफी फायदा होगाए जिनके हैंडसेट में लिक्विड डैमेज हुआ हैए जिसमें कोई लेबर चार्ज नहीं और स्पेयर पार्ट्स पर 20ः की छूट शामिल है। श्मानसून केयरश् सर्विस 16 अगस्तए 2022 से 16 सितंबरए 2022 तक एक महीने के लिए वैध होगी। यह ऑफर सभी ऑथोराइज़्ड सर्विस सेंटर्स पर मान्य है। अधिक जानकारी के लिए हमारे कस्टमर केयर 24ग7 को 1800 102 3388 पर कॉल करें।

## एसपी ने थाना अमराहट का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

● सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश



**एसपी सुनीति** द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना अमराहट पर महिला हेल्प डेस्क को गहनता से जाँचा परखा गया एवं शिकायत रजिस्टर में आवेदिकाध्पीड़िता का नामएपता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही को चेक किया गया। थाना कार्यालयए कम्प्यूटर कक्षए हवालातए मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी गई तथा अपराध रजिस्टरए त्यौहार रजिस्टर आदि का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के टॉप.10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु थानाध्यक्ष मूसानगर को निर्देशित किया गया। थाने के शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डाए गैगंस्टर की कार्यवाही की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गयी और थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व निर्माण करने वालों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों पर कड़ी निगरानी करने हेतु हल्काध्बीट प्रभारियों को निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा थाने के सभी विवेचकों का अर्दली रूम करते हुये लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गयी समीक्षा के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराधों का त्वरित व न्यायोचित निस्तारण हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही साथ प्राप्त प्रार्थना पत्रोंध्आईजीआरएस आदि का भी निस्तारण समय से करने हेतु सर्व.सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाने पर महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित गठित महिला मिशन शक्ति दल को भी जागरुकता अभियान आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। एसपी द्वारा थाने पर आने वाले आगंतुकों शिकायतकर्ताओं के लिये बैठने एवं स्वच्छ पेय जल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था को बेहतर करने तथा थाने को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए समय.समय पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान कर साफसफाई करते हुये वृक्षारोपण आदि करने हेतु थाना प्रभारी अमराहट को निर्देशित किया गया।

## तिरंगा रैली निकाल अमृत महोत्सव का किया गया समापन

संवाददाता। घाटमपुर



तिरंगा रैली निकालते छात्र-छात्रायें पायानियर

**आजादी के** 75 वर्ष पूरे होने पर देश भर में मनाये जाने वाला अमृत महोत्सव सप्ताह का समापन बुद्यवार को हो गया, समापन समारोह में नगर पालिका परिषद घाटमपुर द्वारा एक विशालय तिरंगा रैली का आयोजन विद्यालय किया गया जिसमें नगर के कई स्कूलो के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, तिरंगा रैली के लिये बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें नगर पालिका परिषद घाटमपुर के कार्यालय प्रांगण में इक्कठा हुए जहॉं से हाथों में तिरंगा और नारे लगाते हुए मुसानगर रोड, कोतवाली-मुख्य चौराहा पंहुचे जहॉं से कानपुर रोड होते हुए श्री गॉधी विद्यापीठ इंटर कालेज पहुचे, तिरंगा रैली में छात्र-छात्रायें हाथो में नगरिको से नगर को स्वच्छ रखने, संचारी रोगों से बचाव, बृक्षारोपड़ और सिंगल यूज प्लास्टिक के न उपयोग करने के लिये अपील किये गये गये श्लोगन लिखी तख्तियॉं लिये थे, तिरंगा रैली का नेतृत्व सभी स्कूलो के प्रधानाचार्य डीपीएम दीपक अग्रवाल स्वच्छ भारत मिशन, एवं नगर पालिक के दीपक गुप्ता द्वारा किया गया, दिनांक 11 अगस्त से प्रारम्भ हुए अमृत महोत्सव सप्ताह की शुरूआत हर घर में तिरंगा लगाने के साथ की गयी थी जिसमें एक रैली भी निकाली गयी थी, रैली में राजकीय कन्या इण्टर कालेज, गॉधी विद्यापीठ इंटर कालेज, सूर्या पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया था। समापन पर निकाली गयी तिरंगा रैली में कई इन्टर कालेजों के प्रधानाचार्य तथा सभासद ज्ञान सिंह सचान, तनवीर, विक्रम, सुरेश त्रिवेदी, मिलेराम तिवारी, रवीन्द कुमार इसके अलावा पालिका कर्मी शान्ति प्रकाश निगम लेखाकार, अमर सिंह, उपासना, राजकुमार, अमित कुमार, प्रदीप बाजपेई, मोहित कुमार, अतुल पाल भी उपस्थित रहे।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता के लिये पहला बड़ा कदम उठाया हैः सलमान खुर्शीद

**फर्रुखाबाद।** पूर्व केन्द्रीय विदेश मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि बिहार में नीतीश ने विपक्षी राष्ट्रीय एकता के लिये पहला बड़ा कदम उठायाए जिसे इतनी तेजी से आगे ले जाया जायेगा एयह समय तय करेगाए वैसे सभी इसे अच्छा मानते हैं। श्री खुर्शीद आज जिला मुख्यालय फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन समीपवर्ती कांग्रेस जिला कार्यालय पर सुबह राष्ट्रीय ध्वजा रोहण व राष्ट्रगान के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

यह पूछे जाने पर कि आगामी लोकसभा 2024 चुनाव में विपक्ष के प्रधानमंत्री का चेहरा नीतीश होंगे के उत्तर में उन्होने कहा कि विपक्ष के नेता अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझते हुये परस्पर बैठक करके विपक्षी चेहरा कौन होगा। वैसे बिहार में जो कुछ हुआ उसे सभी अच्छा मानते हैं और हम विपक्षी एकता का सहयोग कर रहे हैं। सोनिया गांधी व राहुल गांधी के ऊपर प्रवर्तन निदेशालय के शिकंजा कसने के प्रश्न पर श्री खुर्शीद ने कहा कि ईडी वाले किसी हद तक जा सकते हैं। कोई कुछ भी नहीं कह सकता। उन्होने कहा कि यह लोग पूरी व्यवस्था बिगाड़ रहे है और बिगाड़ने की ठान ली है। एजेंसी क्या कर रही है कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। श्री खुर्शीद ने कहा कि हम तैयार बैठे है वह खून मागेंगे तो हम देंगे। पसीना मागेंगे तो हम देंगे। मगर अपने आंसू नहीं देंगे क्योंकि आंसू हमारे अपनों के लिये है वो हम नहीं देंगे। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर आज पूरा देश आजादी की विशेष वर्षगांठ मना रहा है। ऐसे में हमें संकल्प लेना होगा कि भारत की कल्पना हम कभी भी नष्ट नहीं होने देंगे। भारत सबका है सबका रहेगा किसी जातिए वर्ग विशेष तक सीमित नहीं रखा जा सकता। देश के लिये हम अपनी कुर्बानी देकर एकता अखण्डता कायम रखेंगे ताकि हमारा देश सुरक्षित एवं विशाल रहे।

## क्लब एचपी ने मेधावियों को किया सम्मानित




संवाददाता। फतेहपुर

● प्रशस्तिपत्र और नगदी प्रदान कर बढ़ाया मनोबल

**स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की तरफ से उप महाप्रबंधक सिद्धार्थ जैन के दिशा-निर्देश पर क्षेत्रीय बिक्री अधिकारी गौरेंद्र यादव की अध्यक्षता में मां शारदा पेट्रोलियम खागा (फतेहपुर) के प्रांगण में 2021-2022 वर्ष में कक्षा 08 व 10 एवं 12वीं में अच्छे नंबरों से पास होने वाले मेधावियो को क्लब एचपी के कर्मचारियों की मौजूदगी में प्रशस्ति पत्र एवं क्रमशः 1500, 2000 व 2500 रुपए की धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन एचपी बहादुरपुर के संचालक एकबाल ने किया। इस मौके पर मां शारदा पेट्रोलियम खागा व तिवारी फिलिंग स्टेशन बहरामपुर के संचालक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा निर्मल तिवारी ने सभी का आभार जताया।

## इलाज के दौरान युवक की मौत लापरवाही का आरोप

**खागा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुधवन में इलाज के दौरान 36 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वहीं परिजनों ने डाक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार बुधवन गांव निवासी तुलाराम का पुत्र लल्लू सिंह जो 05 दिन से बीमार चल रहा था। जिसको डा0 रवी पाण्डेय के यहां इलाज के लिये भर्ती कराया गया। जिसकी कुछ घंटो बाद उसकी मौत हो गयी। जिस पर परिजनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लागाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके में पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया और शव को अपने कब्जें में लेकर बिच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस ने मृतक के परिजनों ने डाक्टर पर आरोप लगाते हुये बताया कि गलत इंजेक्शन लगा देने के कारण उसकी मौत हो गयी।

## पार्टी की बैठक में पूर्व सांसद ने सपा की बखिया उधेड़ी, बोले खत्म हो गई पार्टी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिला समाजवादी** पार्टी के कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के सामने ही पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू ने सपा की बगिया बखिया उधेड़ दी। टिकट बेचने का खुला आरोप लगाते हुए पार्टी के बर्बाद हो जाने की बात कहकर सनसनी फैला दी। जिले में शायद ही कोई मुन्नू बाबू जैसा नेता हो जो अपनी जुबान पर दिल की बात लाने में कतई संकोच नहीं करते हैं।

मुन्नू बाबू ने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि आगे और कठिनाई आने वाली है। जिला प्रभारी की ओर इशारा करते हुए कहां इन्हें नहीं मालूम मुझे जानकारी है। जिला प्रभारी डॉ नवल का नाम लेते हुए कहा कि यदि उन्हे मालूम हो तो बताएं। मुन्नू बाबू ने कहा भाजपा का एक ही उद्देश्य है कि क्षेत्रीय पार्टियां में विघटन करा दो। आप लोग सदस्यता अभियान चलाएंगे और उम्मीद करेंगे पार्टी को 2027 में पार्टी को चुनाव जिताएंगे।उन्होंने दावा किया कि दो लोगों ने जिले में समाजवादी पार्टी को खत्म कर दिया है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

मुन्नू बाबू ने दावा किया किया कि चाहे कोई संयोजक हो प्रभारी। वह पार्टी नहीं बचा सकता जो पार्टी के लिए समर्पित होगा या अखिलेश यादव का होगा वही सही ढंग से अभियान चलाएगा और वही बचेगा। मुन्नू बाबू पार्टी के एक साधारण सदस्य हैं आप सभी को कुछ न कुछ चाहिए।

आप सब मेंबर बनाएंगे यदि मुझे जिम्मेदारी सौंपी जाए तो सबकी औकात आप लोगों के सामने ही बताएंगे। तंज कहते हुए कहा कि अब समाजवादी पार्टी कोई प्रथा नहीं रही नेताजी ने कभी पैसे को तवज्जो नहीं दी। पार्टी लोग उसको को चुनाव लड़ाने की बात करते हैं

अरे भैया होता कौन है अखिलेश जी के अलावा प्रत्याशी तय करने वाला। है। लोग लंबी लंबी बातें करते हैं कि सीनियर लोग चापलूसी करते हैं मैंने आज तक किसी की चापलूसी नहीं की और न ही टिकट मांगने गया। हममें समर्पण का भाव है तो टिकट मिलेगी यह बात चंद्रपाल यादव आदि लोग जानते हैं। मुन्नू बाबू ने जोर देते हुए कहा कि मैं डॉ नवल किशोर को बताना चाहता हूं आखिरकार वह कौन से लोग थे जिसकी वजह से अभियान चला कर समाजवादी पार्टी को लोगों ने बर्बाद कर दिया है। समाजवादी पार्टी की टिकटें बिकी इनकी जब तक तहकीकात नहीं करोगे जो कहते हैं कि अबकी बार फर्रुखाबाद से फलां को चुनाव लडायेगे।

नवल किशोर को भी इस बात की जानकारी हो गई होगी। आप कहेंगे कि हमने 6 लाख मेंबर बना लिए तो गोल्ड मेडल मिल जाएगा। लेकिन पार्टी ध्वस्त हो जाए कौन सी ऐसी बजह है जो आज जिला पंचायत का एक सदस्य बैठा है। हम देखते हैं कि सदस्य रोज बीजेपी में जा रहे हैं कहां पर कमी है। जहां देखो वहां बैठक में शिवपाल सिंह के लोग वही अखिलेश यादव के होते हैं। जो व्यक्ति अपने गांव व में बिरादरी के वोटों से चुनाव जीत जाएगा मैं उसे नेता मान लूंगा।

फर्रुखाबाद की टिकट की जिम्मेदारी अखिलेश को दीजिए वही सोच समझकर योग्य व्यक्ति को टिकट देंगे। मुन्नू बाबू ने जिम्मेदार नेताओं से सवाल किया कि बाकी जिला पंचायत सदस्य कहां है वह देखते हैं रोज बीजेपी में जा रहे हैं हम उनको नहीं रोक पा रहे कहां पर कमी है। पूर्व सांसद ने यह कहकर सनसनी फैला दी की बारिश 2027 के चुनाव में में ठाकुरों का एक वोट सपा को नहीं मिलेगा। झूठ बोलता नहीं आता और न ही बोलने की आदत है। जब कोई यादवों का नेता है तो ठाकुरों का भी कोई नेता होगा।

न आप अपनाएंगे और न ही जोड़ने का काम करेंगे। पूर्व सांसद ने दावा किया कि ठाकुरों की 7.50 पर्सेंट आबादी है जबकि पिछड़ी जाति के यादव लोधी शाक्य आदि सब की आबादी 9 .10 परसेंट है। हम इस जनपद में कोई दूसरा नेता भी बना पाए। मुन्नू बाबू ने सवाल किया कि पहले हमारी मेंबर शिप तो मनाओ हमसे आप कहो कि गांव गांव जाकर मेंबर बनायेगे। मुन्नू बाबू यह नहीं कर सकते हम अखिलेश के पास जाएंगे उन्हें सही जानकारी देंगे। पार्टी हित में बात करता हूं पूरी ईमानदारी से बात बताता हूं। चर्चा है कि किसी ने डॉ नवल किशोर को एमपी का चुनाव लड़ाने का प्रचार कर दिया। इसी बात से गुस्साए मुन्नू बाबू ने इशारों में ही गुस्से का इजहार करते हुए ठाकुरों एवं पिछड़ी जात की वोटो का आंकड़ा भी बता दिया।

**सदस्यता अभियान पर जोरः** सपा की महत्वपूर्ण बैठक में सदस्यता अभियान के प्रभारी चंद्रपाल सिंह यादव व डॉ नवल किशोर शाक्य प्रभारी ने बताया घर घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताते हुए लोगों को पार्टी का मेंबर बनाने का काम करें। इस अवसर पर पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह मुन्ना बाबू,पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव,पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कायमगंज सर्वेश अंबेडकर निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विजय यादव चेयरमैन मोहम्मदाबाद हरीश यादव,राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अरविंद गुप्ता, निवर्तमान महासचिव मंदीप यादव,रमेश कठेरिया,महिला सभा की।

जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह, मुन्ना यादव ,पुष्पेंद्र यादव आदि ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी ने की संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। इस अवसर पर यूनुस अंसारी,ओम प्रकाश शर्मा, विवेक यादव, जितेंद्र यादव,शशांक सक्सेना,सरदार तोषित प्रीत,आलोक यादव,राजीव चतुर्वेदी,बृजेश पाल, बेचे लाल यादव,रंजीत चक,अमित यादव,आनंद यादव,हर्ष गंगवार,सौरभ कटियार,सुभाष चंद्र शाक्य, बंटी यादव, मतीन खान, मुजीब उल हसन,अनुराग यादव प्रेस प्रवक्ता इलियास मंसूरी आदि समाजवादी कार्यकर्ता एवं नेता गण मौजूद रहे।

# सभी विकास खंडों में मना ब्लॉक दिवस : सीडीओ

**संवाददाता।** अमेठी



ब्लॉक दिवस में प्रमाणपत्र देते अधिकारीगण

**शासन के** निर्देशानुसार माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को विकासखंड स्तर पर ब्लॉक दिवस का आयोजन कराया जाना है जिस पर डॉ अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विकासखंड स्तर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ब्लॉक दिवस का आयोजन कराकर जन सामान्य अथवा जनता द्वारा दिए गए आवेदन एवं शिकायती प्रकरणों पर समय सीमा के निर्धारण में उसकी जांच करा कर शिकायतकर्ता को आख्या से अवगत कराते हुए कार्यालय में भी प्रकरण की जांच से अवगत कराएं आज 17 अगस्त को माह के तृतीय बुधवार को ब्लॉक दिवस पर निम्न शिकायतें प्राप्त हुई जिसका विकासखंड वार विवरण इस प्रकार है विकासखंड अमेठी में 1 शिकायतें प्राप्त हुई जिसे 1 हफ्ते के अंदर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड बहादुरपुर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 2 शिकायतें मौके पर ही निस्तारित की गई एवं 2 शिकायतों का निस्तारण 1 सप्ताह के भीतर कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड भादर में 1 शिकायतें प्राप्त हुई जिसे एक हफ्ता के भीतर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड भेटुआ में 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिसके सापेक्ष 2 शिकायतों का निस्तारण एक हफ्ता के भीतर कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड गौरीगंज में 1 शिकायतें प्राप्त हुई जिसके सापेक्ष एक शिकायत को एक हफ्ता के भीतर निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड जगदीशपुर में 1 शिकायतें प्राप्त हुई जिसके सापेक्ष एक शिकायत को 1 हफ्ते के भीतर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड जामो में 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिसे मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया विकासखंड मुसाफिरखाना में 1 शिकायतें प्राप्त हुई जिसका एक हफ्ता के भीतर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड संग्रामपुर में 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिसे एक हफ्ता में निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड शाहगढ़ में 6 शिकायतें प्राप्त है जिसके सापेक्ष 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया एवं चार शिकायतों को एक हफ्ता के भीतर निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड शुकुल बाजार में 5 शिकायतें प्राप्त हुई पांचों शिकायतों को 1 सप्ताह के भीतर निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड सिंहपुर में 1 शिकायतें प्राप्त हुई इसका एक हफ्ता के भीतर निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया विकासखंड तिलोई में 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिसे एक हफ्ता में निर्धारित कराने हेतु निर्देशित किया गया । डॉ अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रथम दृष्टया प्रयास किया जाए कि शिकायत का मौके पर ही निस्तारण हो जाए एवं अधिक से अधिक एक हफ्ता के भीतर गुणवत्ता पूर्वक समय बद्ध तरीके से जांच कर आख्या से कार्यालय के साथ.साथ शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। आज विकासखंड शुकुल बाजार में आज मनरेगा योजना अंतर्गत ऐसे श्रमिक जिनके द्वारा 100 दिवस का कार्य योजना के तहत किया जा चुका है उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

# समाधान दिवस के प्रति जिम्मेदार बेखबर



**संवाददाता।** ऊंचाहार(रायबरेली)

**शासन के** निर्देश पर बुधवार से शुरू हुआ ब्लाक समाधान दिवस के प्रति जिम्मेदार अधिकारी बेखबर रहे है। इसमें जब इंटरनेट मिडिया पर ब्लाक सभागार में सन्नाटे का विडियो वायरल हुआ , तब जिम्मेदारों को इसकी याद आई है। बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर ब्लाक समाधान दिवस आयोजित होना था। इसके लिए काफी पहले शासनादेश जारी हुआ था। किंतु बुधवार सुबह साढ़े दस बजे तक ऊंचाहार ब्लाक मुख्यालय में इसका आयोजन शुरू नहीं हुआ था। दरअसल ऊंचाहार में बीडीओ का पद रिक्त है , यहां का प्रभार डीसी मनरेगा जी पी कुशवाहा के पास है। वह ब्लाक नहीं आते हैं । इसलिए ऊंचाहार में ब्लाक समाधान दिवस का आयोजन ही नहीं हुआ था। करीब साढ़े दस बजे ब्लाक सभागार में सन्नाटे का विडियो इंटरनेट मिडिया में वायरल हुआ तब ब्लाक कर्मचारियों को पता चला कि आज ये आयोजन भी होना है। उसके बाद सभागार में कुर्सी मेज लगाकर इसकी औपचारिक शुरुआत की गई है।

# शिवगढ़ के व्यापारियों ने किया नगर पंचायत बनाए जाने का जोरदार समर्थन


**संवाददाता।** शिवगढ़ रायबरेली



**शिवगढ़ को** नगर पंचायत बनाए जाने को लेकर आगे आए शिवगढ कस्बे के व्यापारियों ने दोनों हाथ उठाकर समर्थन करते हुए कहा कि शिवगढ़ को नगर पंचायत बनाए जाने से व्यापारियों और इसके दायरे में आने वाले गांवों के लोगों की किस्मत खुल जाएगी। शिवगढ़ नगर पंचायत बनने के बाद साफसफाई जल निकास के लिए नाली और नालों का निर्माणए अच्छी विद्युत व्यवस्था सीवर अच्छी पेयजल व्यवस्थाए योजनाबद्ध तरीके से नगर पंचायत का विकास गरीबों को नगरीय आवास जैसी सुविधाएं मिलने लगेंगी। समर्थन कर रहे व्यापारियों का कहना था कि वर्तमान में गांव से लेकर शिवगढ़ कस्बे तक जल निकासए नाली. नापदान एवं कूड़ा डालने की सबसे बड़ी समस्या है नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को इस प्रकार की समस्याओं से निजात मिल जाएगी। साफ सफाई के लिए गांवों में सफाईकर्मी तो नियुक्त हैं किन्तु सफाई करने नहीं आते जिसके चलते नालियां बजबजाती रहती हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है गंदगी के चलते ग्रामीण विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों का शिकार होते रहते हैं। नगर पंचायत बनने के बाद नियमित सफाई कर्मी आएंगे। नगर पंचायत में रहने वाले लोगों को गांव की अपेक्षा कई गुना अच्छी सुविधाएं मिलेंगी। व्यापारियों का कहना था कि नगर पंचायत बनने के बाद विकास तंय है। शिवली चौराहे पर स्थित फर्नीचर की दुकान के मालिक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि जो लोग शिवगढ़ नगर पंचायत बनने को लेकर इस भ्रम में है कि नगर पंचायत बनने के बाद बहुत ज्यादा टैक्स पडेगा तो उनको बताना चाहता हूं कि नगर पंचायत बछरावां में हमारे दो मकान हैं एक का 30 रुपए वार्षिक और दूसरे का 20 रुपए वार्षिक टैक्स आता है। जिसके एवज में बहुत सारी सुविधाएं मिलती हैं।

# सलोन में डायरिया का प्रकोप, दर्जनों भर्ती

**संवाददाता।** सलोन



**कस्बा सलोन** के कई मोहल्ले के सैकड़ों लोग डायरिया की चपेट में है अस्पताल में भर्ती मरीज उल्टी और दस्त से पीड़ित है कुछ मरीज प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती हैं तो कुछ का इलाज सीएचसी सलोन में चल रहा है नगर में अचानक फैली डायरिया की बीमारी से लोगों में डर समाया हुआ है। कस्बा सलोन के गोरही मोहल्ला, मियां साहब का फाटक, पैगंबरपुर पूर्वी, कच्ची मस्जिद मोहल्ले में अचानक बुधवार के दोपहर को जब लोगों को उल्टी दस्त होने लगी तो भगदड़ मच गई उल्टी दस्त व बुखार से पीड़ित मरीजों को आनन फानन सीएचसी सलोन व निहाल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है गंदगी व दूषित पानी से फैली इस बीमारी की चपेट में नगर के बच्चों से लेकर वृद्ध तक सैकड़ों लोग है सी एच सी सलोन में भर्ती सोनी 26 वर्ष सिमरन 19 वर्ष सदाशिव 55 वर्ष हरिश्चंद्र 24 वर्ष विद्यावती 55 वर्ष सत्यम 11 वर्ष आनंद 11 वर्ष अनीशा 11 वर्ष अल्तमस 15 वर्ष उरुवा 25 वर्ष बद्री प्रसाद 70 वर्ष रागिनी 14 वर्ष पूर्ण 20 वर्ष तनवीर 30 वर्ष समेत लगभग 22 लोग अस्पताल में भर्ती हैं जिनका इलाज चल रहा है इसी तरह कस्बा के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में सैकड़ों लोग भर्ती है जिन का इलाज चल रहा है मरीजों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी ही हो रही है नगर के और मोहल्ले भी इसकी चपेट में आ गए हैं अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज कर रहे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रूपेश जायसवाल ने बताया कि लगभग 22 मरीज यहां भर्ती हैं सब का इलाज चल रहा है सभी खतरे से बाहर हैं यह बीमारी गंदगी व दूषित पानी से फैली हुई है तथा जिन लोगों को बुखार है वह वायरल फीवर बताया जा रहा है नगर में गंदगी व दूषित पानी से फैली बीमारी के विषय में जानकारी अधिशासी अधिकारी डीपी सिंह से की गई तो उन्होंने बताया कि जिन मोहल्लों में बीमारी फैली है वहां एंटी लारवा का छिड़काव कराया गया है पानी की टंकी में ब्लीचिंग पाउडर डाला जा रहा है समाचार लिखे जाने तक सी एच सी सलोन में मरीजों का आने का सिलसिला जारी रहा है। डायरिया फैले वाले मोहल्लों में अधीक्षक पीके बैसवार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच कर ओआरएस पाउडर वह दवाओं का वितरण किया है तथा दूषित पानी से बचने वह साफ सफाई पर ध्यान देने की सलाह दी गई है।

## क्विक न्यूज

### एक परिवार पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बेनऊ मजरे रामसांडा गांव में घूरे के विवाद में प्रशासन द्वारा समुचित कार्यवाही किये जाने के बाद भी दबंगों ने एक परिवार पर लाठी डंडे से हमला कर दिया, घर में मौजूद महिलाओं व एक बच्ची को मारपीट कर घायल कर दिया, परिजनों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है,पुलिस को मामले की सूचना दी गई है।गाँव निवासी रज्जू यादव व रमेश कुमार के बीच काफी समय से घूरा लगाने का विवाद चल रहा है, बुधवार को राजस्व विभाग की टीम व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रज्जू की भूमि पर अवैध तरीके से किये गये रमेश कुमार के कब्जे को हटवा दिया,और उसके बाद टीम वापस चली आयी।तभी आरोप है कि रमेश कुमार ने करीबन आधा दर्जन लोगों के साथ रज्जू के घर पर हमला कर दिया और घर में मौजूद महिलाओं को लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया।मारपीट के मामले में रज्जू की पत्नी शकुंतला 65 वर्ष बहू निशा 25 पत्नी सोनू व रानी 35 वर्ष पत्नी दिलीप व पोती शिवानी 12 वर्ष पुत्री दिलीप घायल हो गई, परिजनों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया हैसीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि मारपीट में घायल चार लोग सीएचसी आये हैं जिनका उपचार किया जा रहा है।कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी

### विधायक ने ऊंचाहार के पांच स्कूलों को दिया पुरस्कार

**ऊंचाहार(रायबरेली)।** हर घर तिरंगा अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के पांच विद्यालयों को पुरस्कृत किया गया है। यह पुरस्कार सलोन विधायक अशोक कोरी ने प्रदान किया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा तिरंगा अभियान को लेकर सभी परिषदीय स्कूलों की समीक्षा की थी । जिसमे ऊंचाहार ब्लाक के पांच स्कूलों प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर उधवन, प्राथमिक स्कूल महमदपुर चंदऊ, प्राथमिक स्कूल मनीपुर भटेहरी, कंपोजिट विद्यालय खुर्रमपुर और प्राथमिक स्कूल सराय तुलाराम को सर्वश्रेष्ठ चुना गया है। बुधवार को आयोजित समारोह ने विधायक ने इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों अतीश कुमार , लालमणि मिश्र , आशा मौर्य आदि को प्रमाण पत्र सौंपा है। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षक मौजूद थे।

### आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भाजपा कार्यालय से निकली तिरंगा यात्रा

**रायबरेली।** देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भाजपा कार्यालय अटल भवन निकट त्रिपुला चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा को यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 से राज्य मंत्री स्तर के चेयर मैन एवं रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विरेन्द्र कुमार तिवारी ने तिरंगा यात्रा अमृत महोत्सव के अंतिम को राट्रीय ध्वज दिखाकर रवाना किया। विधानसभा बछरावां के पूर्व विधायक रामलाल अकेला, जिला महामंत्री अमरेश सिंह मौर्य, मारूति मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य विक्रान्त अकेला, रंजीत अकेला, के नेतृत्व में सैकड़ों वाहनों के साथ बन्देमातरम्, भारत माता की जय, के नारों से पूरा शहर गूंजेमान हो गया।इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, विवेक शुक्ला, विजय सोनकर, देवेन्द्र बहादुर सिंह (बबलू) सचिव, राधेश्याम सोनी, अभिलाषचन्द्र कौशल, अनीता श्रीवास्तव। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेई ने दिया।

एसपी ने तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी

### .पीआरबी के पुलिसकर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा में शामिल होते हुए एसपी

**गौरीगंज अमेठी।** आजादी के अमृत महोत्सव के आखिरी दिन बुधवार को पीआरबी के पुलिसकर्मियों ने वाहनों से तिरंगा यात्रा निकाली। पुलिस अधीक्षक डा0 इलामारन ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने यूपी.112 पीआरवी के दो पहिया व चार पहिया वाहनों को पुलिस कार्यालय गौरीगंज से निकाली।रैली पुलिस कार्यालय से वाया कस्बा अमेठी होते हुए एचएएल मुंशीगज पर समाप्त हुई। पुलिस कर्मी जब तिरंगा झंडा लगाकर निकलेए तो सड़क के किनारे रहे लोगों की निगाहें उनकी ओर मुड़ जाती थीं।तिरंगा रैली के माध्यम से पुलिस ने पुलिस के अनुसशासनए एकजुटताए आपसी भाईचाराए देश के प्रति प्रेम और वफादारी का संदेश दिया । आमजन को अपने.अपने घरों पर तिरंगा झण्डा लगाने के लिए जागरूक किया ।

### स्वतंत्रता सप्ताह के समापन के अवसर पर निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली



स्वतंत्रता सप्ताह समापन पर निकली यात्रा

**अमेठी ।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के समापन के अवसर पर आज पंचायती राज विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद गौरीगंज स्थित शहीद स्मारक स्थल से कलेक्ट्रेट परिसर तक तिरंगा यात्रा रैली निकाली गईए रैली को जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में करीब 750 कर्मचारियों ने तिरंगा लेकर पदयात्रा के माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर गौरीगंज पहुंचेए जहां पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदी ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज हम सभी गंदगी से आजादी लेने का संकल्प लेंए कि अपने घर अथवा आसपास कहीं पर भी गंदगी नहीं करेंगे साथ ही अपने गांवए नगर को स्वच्छ एवं साफसुथरा रखेंगे। इस दौरान जिला समन्वयक आरपी सिंह सहित पंचायती राज विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षक पर छात्र के साथ अभद्रता का आरोप पिता ने बीईओ से की शिकायत

**मुसाफिरखाना अमेठी** । क्षेत्र के गांव चकबहेर स्थित प्राथमिक विद्यालय अध्यापक पर छात्र को जूते से मारने का आरोप लगाते हुए पिता ने खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है ।

मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मठा भुसुंडा के गांव चकबहेर निवासी धर्मराज यादव पुत्र देव नारायण यादव ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका पुत्र अमन गांव के ही प्राथमिक विद्यालय चकबहेर में कक्षा तीन में प ?ता है ।अमन प्रतिदिन की तरह बुधवार को स्कूल प ?ने गया था ।दोपहर दो बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद अमन परिसर के अंदर ही नल से पानी पीकर वापस लौटा तो स्कूल के शिक्षक अमित ने उसे जूते से मारा ।जिसके बाद अमन रोते बिलखते घर पहुंचा ।खंड शिक्षा अधिकारी राम ललित वर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है ।

# हर तिरंगा कार्यक्रम में बेहतर काम करने वाले 75 शिक्षक और 75 विद्यालय हुए सम्मानित



**रायबरेली ।**आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'हर तिरंगा कार्यक्रम' के दौरान पिछले एक सप्ताह से परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्यक्रम के जरिए अपनी अलग छाप छोड़ने वाले 75 शिक्षकों और 75 विद्यालयों का सम्मान बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का सम्मान सलोन विधायक अशोक कुमार और बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया ।बीईओ मुख्यालय वीरेंद्र कनौजिया और जीआईसी प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के का सम्मान करते हुए कहा कि शिक्षकों को और अधिक मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का हौसला दिया। उन्होंने कहा कि सम्मान पाकर शिक्षकों को बैठना नहीं है, उन्हें और बेहतर काम करना होगा ताकि वे लोग बेहतर काम कर सकें। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती वंदना वंदना पाण्डेय ने प्रस्तुत की और संचालन डॉ. अभिषेक द्विवेदी ने किया। एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका जिला स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह की रही ।इस मौके पर बीईओ कुलदीप और केके त्रिपाठी, डॉ महेन्द्र सिंह, जिला स्काउट मास्टर षिवषरण सिंह, रेनू शुक्ला, अजय सिंह चंदेल, सुरेश मिश्रा, डॉ. दिव्य प्रकाश श्रीवास्तव, रजनीश तिवारी, अविलय सिंह, आषीष सिंह, दिलीप यादव, अजीत श्रीवास्तव, रणविजय सिंह, प्रतिमा सिंह, शशि देवी, शैल कुमारी, शशि सिंह, प्रीति द्विवेदी, नीलिमा सिंह, हेमलता, केसी सोनकर

# छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग ने जोर पकड़ा

**संवाददाता।** ऊंचाहार (रायबरेली)

**हाई स्कूल की** छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले युवक ने उसके जीवन को बर्बाद कर दिया है। किशोरी अब युवती हो गई है, उसकी शादी भी हुई तो आरोपित युवक ने उसके पति को सारी दास्तां बताकर उसका वैवाहिक जीवन भी तबाह कर दिया है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में विधिक कार्रवाई की मांग की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव की युवती का आरोप है कि वह हाई स्कूल में पढ़ने क्षेत्र के जमुनापुर चौराहा जाती थी । उसी दौरान सन 2006 में एक युवक ने उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया । बाद में जब पीड़िता के परिजनों ने युवक से शादी के लिए कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया । उसके बाद लड़की की शादी अन्यत्र कर दी गई । आरोप है कि युवक उससे शादी के बाद भी धमकी देकर संबंध बनाता रहा। अंततः उसने युवती के पति को सारी बात बता दी । जिससे उसकी शादी टूट गई और उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया। उसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी । युवती का कहना है कि उसके साथ फिर शादी का वादा करके युवक ने संबंध बनाना शुरू कर दिया था। अब जब पीड़िता ने उससे शादी के लिए दबाव डाला तो युवक ने शादी से इंकार कर दिया है। जिससे परेशान होकर पीड़िता बुधवार को कोतवाली पहुंची और मामले की लिखित शिकायत की है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि मामले में आरोपित की तलाश की जा रही है।

# शैक्षणिक संस्थानों में नशामुक्त भारत अभियान के तहत निकाली गई जनजागरूकता रैली

**अमेठी** । जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आज जनपद के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली निकाली गईए तदोपरांत छात्र छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि आज नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इंटर कॉलेज असैदापुरए हनफी इंटर कॉलेज रसूलाबादए राजकीय इंटर कॉलेज शाहग ?ए राजकीय इंटर कॉलेज ढेंगहाए श्री गोपाल इंटर कॉलेज पंडरीए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जायसए राजकीय हाई स्कूल सेमरौताए राजकीय इंटर कॉलेज उ ?वाए राजकीय हाई स्कूल मंगराए राजकीय इंटर कॉलेज जगदीशपुरए श्री निषाद राज इंटर कॉलेज किटियावांए राजकीय हाई स्कूल सातनपुरवाए राजकीय इंटर कॉलेज सोनारीकला के छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को नशा ना करें हेतु जागरूक किया गया।

## विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति की ली शपथ

**अमेठी** । जनपद के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई नशा मुक्त होने की शपथ दिलाई गई इसी कड़ी में जिले के एसडीएस इंटर क ा ॅ ल े ज सूरतगढ़ में समाज को नशा मुक्त करने का छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों ने संकल्प लिया इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीपी सिंह ने कहा कि नशा हमारे समाज के लिए अभिशाप है आज के समय में सबसे अधिक युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं इसके लिए हमें जागरूक होने की जरूरत है ।



शपथ ग्रहण करते हुए विद्यालय के छात्र.छात्राएं

# मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता।** तिलोई अमेठी



मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए

**आजादी के** अमृत महोत्सव पर मातृ दिवस का आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर मातृ दिवस का आयोजन कंपोजिट विद्यालय भेलाई कलाएतिलोई . अमेठी में मुख्य अतिथि . रंजू सिंह अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जन सेवा समिति एवं अध्यक्षता.आशा श्रीवास्तव पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा आज की तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। मातृ दिवस पर माता अभिभावकों द्वारा बच्चों को कहानीए कविताए गीतए और स्वतंत्रता दिवस के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन अमिता जायसवाल एवं शशी कुमारी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 माता अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रधानाध्यापक एवं शिक्षिकाओं द्वारा माता अभिभावकों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मातृ दिवस कार्यक्रम में बालिका शिक्षा की आवश्यकता के सम्बन्ध में चर्चा . परिचर्चा की गई ।मुख्य अतिथि रंजू सिंह व अभिभावक सदस्यों द्वारा प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया गया।

विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता जायसवाल रजिया बानो शशि कुमारी सिंह प्राची श्रीवास्तव सरिता सिंह पल्लवी श्रीवास्तव एवं सुचित्रा सती ने भी एक.एक राष्ट्रीय गीत गीत सुनाया। कार्यक्रम में शिव देवी . अध्यक्ष विमला देवी आरती देवी प्रभावती तारा देवी रिंकी अफसाना बानो ए बकल्ला एक तरुण निशा संतोष कुमारीए किरण कुमारी रामा देवी भानमती कुल देवी शिव कुमारी सहित 50 माता अभिभावक उपस्थित उपस्थित रहीं।

धीरेन्द्र प्रताप सिंह. प्रधानाध्यापक ने सभी माता अभिभावकों अपना अमूल्य समय देने के लिए का आभार व्यक्त किया।

# मानसून की कमी से सूखे का खतराः डीएम

**किसानों के क्षतिपूर्ति के दावे निस्तारण सुनिश्चित करें**

संवाददाता। बस्ती



किसान दिवस की अध्यक्षता करती डीएम

**किसान दिवस** की अध्यक्षता करती हुई डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि मानसून की कमी के कारण जनपद में सूखे की स्थिति है। कहा कि कृषि विभाग, लीड बैंक मैनेजर, बीमा कम्पनी सक्रियता दिखाते हुए किसानों से क्षतिपूर्ति के दावे प्राप्त करें तथा समय से उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। कहा कि 20 अगस्त तक लगभग 12 सौ मिमी बरसात होनी चाहिए, जबकि अब तक मात्र 400 मिमी बरसात हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों के व्यक्तिगत एवं सामूहिक दावे अलग अलग किए जायेंगे।

जिन किसानों से बीमा की धनराशि ली गयी है तथा बीमा कम्पनी को भेजा नहीं गया है, उसे बैंक शाखाएं तत्काल किसान के खाते में वापस करें।

बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि ने बताया कि खरीफ 2021 में 93 हजार किसानों का प्रीमियम काटा गया था, जबकि 54 हजार किसानों का 4.14 करोड़ रूपया पोर्टल पर अपलोड किया गया। उन्होने बताया कि 17 हजार किसानों को रू0 6.25 करोड़ क्षतिपूर्ति का दिया गया है। डीएम ने कहा कि किसी भी किसान से बिना उसकी अनुमति के बीमा धनराशि नही ली जायेगी।

उन्होने कहा कि जानवरों से खेतों की सुरक्षा के लिए नेचुरल फेन्सिंग के लिए करौदा, नीबू जैसे कटीले पेड़, सहतूत के पौधे मेड़ पर लगाये जा सकते है। गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में जिलाधिकारी ने 180 करोड़ रूपये का एथनाल बेचने के बाद भी 62 करोड़ रूपये का गन्ना मूल्य भुगतान अठदमा चीनी मिल द्वारा किसानों का न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-4 राकेश कुमार गौतम को निर्देशित किया कि सिंचाई संबंधी शिकायत के निस्तारण के लिए मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्र, डा. अश्वनी तिवारी, संदीप वर्मा, मनीष वर्मा, मनीष सिंह, एम.के. गौड़ विभागीय अधिकारी तथा किसानगण उपस्थित रहें।

## स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत चिकित्सा शिविर आयोजित

**श्रावस्ती।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक चल रहे स्वतंत्रता सप्ताह के तहत 16 अगस्त को डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच/श्रावस्ती के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय तुलसीपुर श्रावस्ती के तत्वावधान में ग्राम अडराई में एक विशाल स्वास्थ्य परीक्षणए जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय एवं दूर.दराज के गाँवों से आये 101 मरीजों (49 पुरुष, 46 महिला, 3 बालक, 3 बालिका) का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां वितरिण की गयी। आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित इस शिविर में सीएल बिस्वकर्मा द्वारा वयोवृद्ध एवं दुर्बल तथा जीर्ण रोगियों को 34 आयु रक्षा किट वितरित किया गया तथा रोगियों को स्वस्थ दिनचर्या हेतु जागरूक किया गया। शिविर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास वर्मा, कुलदीप वर्मा, प्रभात कुमार वर्मा जिला पंचायत सदस्य एवं चिकित्सालय स्टाफ ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा तिरंगा रैली को रवाना किया

संवाददाता। बस्ती


आईएमए और हरी झंडी दिखाती डीएम

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के समापन अवसर पर डीएम प्रियंका निरंजन ने शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित सामूहिक तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति के निर्देशन में स्काउट, गाइड, होमगार्ड, अधिवक्ता संगठन, रेडक्रास सोसाइटी, आईएमए चिकित्सक संगठन के लोगो ने तिरंगा रैली में प्रतिभाग किया। आयोजित रैली स्टेडियम ग्राउंड से चलकर राजकीय इण्टर कालेज तक गयी।

इस अवसर पर पंचायत राज, स्वास्थ्य, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान, मत्स्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि, उद्योग, डूडा, ग्रामीण आजीविका मिशन, कौशल विकास मिशन, पराग डेयरी दुग्ध संग, समाज कलयाण, खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा मनोरम झाकी निकाली गयी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, एसीएमओ डा. सी.एल. कन्नौजिया, पशु चिकित्साधिकारी डा. अश्वनी तिवारी, डा. ए.के. कुशवाहा, बीएसए इन्द्रजीत प्रजापति, आईएमए के डा. अनिल श्रीवास्तव, डात्र आरएन चौधरी, डा. अभिजात, डा. प्रमोद कुमार चौधरी, डा. आरके सिंह, डा. एहतेषाम, डा. विजय मिश्र, डा. रंजीत कुमार पटेल, डा. निरुपमा चौधरी, संजय शर्मा, राजाशेर सिंह, परिपूर्णानन्द पाण्डेय, प्रदीप कुमार पाण्डेय, राघवेश प्रसाद पाण्डेय, कुलबिन्दर सिंह, सिख बेलफेयर सोसाइटी के सरदार जगवीर सिंह सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# सुधरी सेहत, 17 दिन में लक्ष्मी का एक किलो बढ़ गया वजन

**कुपोषण से मिली निजात तो बच्चों संग परिजन भी चहके**

**फतेहपुर।** जिला अस्पताल में बना पोषण पुनर्वास केंद्र कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों के लिये वरदान साबित हो रहा है। यहां आने वाले बच्चों को उचित इलाज के साथ सही पोषण दिया जा रहा है। इससे बच्चों में जल्द ही सुधार देखने को मिल रहा है। अति कुपोषित डेढ़ माह की बच्ची लक्ष्मी को पोषण पुनर्वास केंद्र में नया जीवन मिला। सिर्फ 17 दिन में बच्ची का वजन एक किलो बढा और धीरे-धीरे सेहत में सुधार हो गया।बहुआ विकास खंड के गांव सुल्तानपुर के रहने वाले विजय की डेढ माह की पुत्री लक्ष्मी डायरिया से ग्रसित थी। आंगनवाडी केंद्र में आरबीएसके की टीम ने बच्ची को जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया। यहां पर चिकित्सक डा0 रघुनाथ सिंह, डायटीशियन शिल्पी एवं टीम ने बच्ची की जांच कर इलाज शुरू किया। इलाज के समय बच्ची का वजन 1.8 किलोग्राम था लेकिन जांच और इलाज के साथ बच्ची की सेहत में सुधार हुआ। करीब 17 दिन में ही बच्ची का वजन 2.8 किलोग्राम हो गया। अब बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है। एनआरसी की टीम अभी भी बच्ची का फोन के माध्यम से मानीटरिंग करती है। पोषण पुनर्वास केंद्र में अप्रैल से मार्च तक 212 बच्चों का इलाज किया जा चुका है।

एनआरसी प्रभारी डा0 रघुनाथ ने बताया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में आशायें, आंगनवाडी कार्यकत्री और आरबीएसके की टीम बच्चों को चिन्हित कर लाती है। इसके अलावा भी यदि कोई बच्चा कमजोर है और बीमार रहता है ठीक से कुछ खाता पीता नहीं है तो जिला अस्पताल लाकर दिखा सकते है। बच्चे का इलाज पूरी तरह निःशुल्क है। सीएमओ डा0 सुनील भारतीय ने बताया कि केंद्र में जीरो से पांच साल तक के बच्चों का 15 फीसद वजन बढने तक इलाज होता है। बच्चे और मां को निःशुल्क भोजन के साथ मां के खाते मे 50 रूपये प्रतिदिन की दर से दैनिक भत्ता मिलता है। इसी के साथ निःशुल्क जांच इलाज व दवाएं आने और जाने के लिए तीन सौ रूपये किराया भी दिया जाता है।

# परेवा के 'दीनानाथ चौधरी' को कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

**कुदरहा के ग्राम पंचायत परेवा में पंचायत सहायक/डाटा इंटी आपरेटर के अनियमित नियुक्ति का मामला**

**बस्ती।** कुदरहा के ग्राम पंचायत परेवा के दीनानाथ चौधरी को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिला। चूंकि नियुक्ति का कार्यकाल बीत गया इस अब शासन के निर्देश पर ही नई नियुक्ति होगी। हालांकि इस मामले में जांचोपरांत प्रधान, सेक्रेटरी और खंड षिक्षा अधिकारी के खिलाफ अनियमित नियुक्ति करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराने का आदेष हो चुका है। मानदेय की वापसी भी हो चुकी है। मामला ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक/डाटा इंटी आपरेटर की नियुक्ति से जुड़ा है। 27 जुलाई 22 को गांव की सपना नामक बालिका की नियुक्ति ग्राम पंचायत समिति के द्वारा की गई। बाद में दूसरे स्थान पर रहने वाले गांव के ही दीनानाथ चौधरी ने नियुक्ति को फर्जी बताते हुए इसकी षिकायत की, जांच हुई और जांच में नियुक्ति की प्रकिया में दोष पाया गया। इसके लिए जिम्मेदार तीन लोगों के खिलाफ एफआरआई के साथ मानदेय की वापसी के आदेष हुए। नियुक्ति को समिति ने निरस्त कर दिया।

इसे लेकर दूसरे स्थान पर रहने वाले दीनानाथ चौधरी ने हाईकोर्ट में यह कहते हुए अपील किया कि चूंकि वह दूसरे स्थान पर है, इस लिए उसकी नियुक्ति की जाए। इस पर बिना सुनवाई के कोर्ट ने एक लाइन का आदेष जारी कर दिया, कि चूंकि नियुक्ति का कार्यकाल एक साल का था, और वह समाप्त हो गया, इस लिए नई नियुक्ति की जाए। डीपीआरओ कार्यालय का कहना है, कि यह सही है, कि नियुक्ति एक साल के लिए ही होती है, मगर अगर आपरेटर का कार्य संतोषजनक रहा तो ग्राम पंचायत समिति को नवीनीकरण करने का भी अधिकार है। चूंकि जब नियुक्ति ही निरस्त हो गई, तो नवीनीकरण या फिर दूसरे स्थान पर रहने वाले की नियुक्ति करने का कोई प्राविधान नहीं है। एक तरह से देखा जाए तो जिस मकसद को लेकर दूसरे स्थान पर रहने वाले कोर्ट में गए थे, वह मकसद पूरा नहीं हुआ, अब फिर से इन्हें चयन की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

# अमृत महोत्सव का समापन दीप प्रज्जवलित किए गए

संवाददाता। संतकबीरनगर


दीप प्रज्जवलित के साथ नगर पंचायत अध्यक्षा एवं सभ्रान्त नागरिक।

**नगर पंचायत** मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा बुधवार की देर शाम कबीर चौरा पर आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर आकर्षक रूप में दीप प्रज्जवलित कर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न होने पर सभी के प्रति आभार प्रकट किया। नगर पंचायत मगहर में गत एक सप्ताह आजादी का अमृत महोत्सव पूरे उत्साह के साथ नगरवासियों ने मनाया। नगर पंचायत अध्यक्षा संगीता वर्मा ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया। विधायक सदर अंकुर राज तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मगहर कस्बा में तिरंगा यात्रा निकालकर जन-जन को आजादी के महत्व को बताया। समापन के अवसर पर उन्होंने देर शाम आकर्षक रूप से दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर सदस्यगण उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम में शिक्षको का योगदान सराहनीयः विधायक

**संतकबीरनगर।** विधायक सदर अंकुरराज तिवारी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 75 विद्यालयों एवं 75 शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। विद्यालयों एवं शिक्षकों को सम्मान पत्र वितरित करते हुए तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश और हमारे जनपद में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के दौरान लोगो ने अपने घरों पर तिरंगा फहराने एवं स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने का गौरवशाली इतिहास बनाया है, वह निश्चित ही सराहनीय है। जनपद के विद्यालयों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर गौरव सम्मान एवं देश-प्रेम की भावना के साथ अपनी भूमिका का और एक सच्चे देश भक्त का परिचय दिया है। विधायक ने 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राथमिक विद्यालय रवमापुर सरकारी, कम्पोजिट विद्यालय मेंहदावल, बाघनगर, प्रा.वि. नाथनगर प्रथम, तामा, बगह, खटियांवा सहित 75 विद्यालयों एवं शिक्षकों सहित 75 शिक्षकों सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके कार्य की सराहना किया।

# जिला जज ने प्रसिद्ध गायिका वंदना मिश्रा को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रतिदिन हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण का आयोजन ईको पार्क समुदायिक भवन माती में संचालित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत बीती रात्रि जिला जज श्री लालचन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता सांस्कृतिक कार्यक्रम का भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर लखनऊ से आयी भोजपुरी प्रसिद्ध गायिका वन्दना मिश्रा द्वारा भव्य देश भक्तिगीत, भोजपुरी गीत, लोक गीत, नृत्य की प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर उपस्थित श्रोंता उनके गायन से भाव विभोर नजर आये, मुख्य अतिथि ने गायिका वंदना मिश्रा को प्रतीक चिन्ह देकर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता सहित विभिन्न लोगों ने भी देश भक्तिगीत की भव्य प्रस्तुति दी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि यह अवसर केवल आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर केवल सांस्कृतिक आयोजन करना ही नही है अपितु लोकगीत की परंम्परा को भी समृद्धि करना है। इस मौके पर जिलाधिकारी के परिवारीजनों के साथ विभिन्न न्यायिक अधिकारीगण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सिकंदरा, उप जिलाधिकारी भोगनीपुर अजय राय, उप जिला अधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी डेरापुर साक्षी शर्मा, चकबंदी अधिकारी उदय नारायण, जिला सूचना नरेंद्र मोहन, डीसी मनरेगा हरिश्चंद्र, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह आदि अधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने डायल 112 के 10 पुलिस कर्मियों को दिया प्रशस्ति पत्र


प्रशस्ति पत्र प्रदान करते एसपी।

**संतकबीरनगर।** स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा यूपी 112 के बेहतरीन कार्य करने वाले चार पहिया पीआरवी व 02 पहिया पीआरवी के 10 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मियों का नाम चार पहिया पीआरवी संख्या-1484 उ.नि. श्यामसुन्दर मिश्र, मु.आ. अखिलेश सिंह, आरक्षी विनोद यादव, हो.चा. मेजर यादव दो पहिया पीआरवी 3316 आरक्षी प्रवेश यादव, आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी आशुतोष कुमार, होमगार्ड विजय कुमार, होमगार्ड दुर्गा प्रसाद, होमगार्ड कृष्णचन्द्र शामिल रहे।

## 24 अगस्त को आयोजित होगा रोजगार मेला

**श्रावस्ती, भिनगा।** जिला सेवायोजन अधिकारी आशा वर्मा ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला कौशल विकास मिशन श्रावस्ती के तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निकट संयुक्त जिला चिकित्सालय के पीछे मुख्यालय भिनगा में किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराने हेतु 2 कम्पनियों को बुलाया गया है। बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी योग्यतानुसार सेवायोजन पोर्टल एवं वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कराकर कम्पनी में आवेदन कर सकते है। इच्छुक 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे अपना बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति तथा एक फोटो के साथ रोजगार मेले में साक्षात्कार हेतु सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय मुख्यालय भिनगा श्रावस्ती से सम्पर्क कर सकते है।

# ब्लॉक प्रमुखों के कमरे में अब सीसी टीवी लगाने की मांग उठी

संवाददाता। बस्ती

**... कहने** को भले ही नारी शसक्तीकरण का दौर चल रहा हैं, मगर सच यही है, कि नारी षसक्त होने के बजाए और कमजोर होती जा रही है, और इसके लिए उन दूषित मानसिकता वाले लोगों को जिम्मेदार माना जा रहा है, जो यह नहीं चाहते कि उनके सामने नारी कभी मजबूत बनकर उभरे। इसका जीता जागता उदाहरण जिले की आधा दर्जन निर्वाचित वे महिला ब्लॉक प्रमुख हैं, जिन्हें एक साल बाद भी अपनी कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं मिला। यह अधिकार किसी और ने नहीं छीना बल्कि वे नकली लोगों ने छीना जो किसी सदन के सदस्य भी नहीं है।

यह नकली लोग अपनी नकली षान बढ़ाने के लिए खुलेआम और बीडीओ की मौजूदगी में क्षेत्र पंचायत की बैठकों का संचालन कर रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है, कि पिछले तीन बार जिले की मुखिया महिला ही नहीं हैं, और अगर इन लोगों की मौजूदगी में महिलाओं का अधिकारों का हनन होता है, तो सोचनीय बात है। अगर जिले की निर्वाचित महिला अगर कमजोर होती है, या फिर उसके अधिकारों का हनन होता है, तो कहीं न कहीं इसकी जिम्मेदारी महिला डीएम की भी बनती है। यही कारण है, कि अब सभी ब्लॉकों में प्रमुखों कमरे में सीसाी टीवी कैमरा लगाने की मांग और कोई नहीं बल्कि महिला क्षेत्र पंचायतें कर रही है। इन लोगों के द्वारा षासन और प्रषासन से नकली प्रमुखों से असली प्रमुखों का पीछा छुड़ाने की मांग कर रही है। सबसे अधिक आवाज कप्तानगंज की महिला बीडीसी उठा रही है। कहती है, कि इस ब्लॉक में एक नहीं बल्कि पांच-छह नकली प्रमुख ब्लॉक को लूटने में लगे है। षिल्पा यादव ने तो यहां तक कहा कि कहने को भले ही यह ब्लॉक आरक्षित हैं, मगर यहां की बागडोर 'तिवारीजी' जैसे लोगों के पास है। यहां पर न्याय पंचायतवार प्रमुख है, जो अपने वाहनों में ब्लॉक प्रमुख का स्टीकर लगा कर घूम रहे है। इसी तरह अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कहना है, कि ब्लॉक प्रमुख पति की आड़ में कई लोग ब्लॉक को चला रहे है। कहती है, कि नकली लोगों को कुर्सी पर न बैठने की जिम्मेदारी बीडीओ की है, मगर अब तक जितने भी बीडीओ आएं हैं, उन लोगों ने विरोध करने के बजाए नकली लोगों का सम्मान दिया, उन्हें उनके कमरे तक ले जाते रहे है। कहती है, कि जिस तरह 15 अगस्त के दिन बीडीओ ने जो हिम्मत दिखाया और नकली प्रमुख को झंडा रोहण करने से रोका, अगर इसी तरह अन्य बीडीओ अडिग रहे तो जिले के सभी महिला प्रमुखों को न सिर्फ सम्मान मिलेगा बल्कि उन्हें वह अधिकार मिलेगा जिसकी वह हकदार है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य लालमति, सरिता देवी, ज्ञानमति यादव गीता निषाद और रामबृक्ष सहित अनेक लोगों का मानना है, कि अगर प्रषासन सभी ब्लॉकों में खासतौर पर प्रमुखों के कमरों में सीसी टीवी कैमरा लगवा देता है, वह भी साउंड वाला तो ब्लॉकों से भ्रष्टाचार लगभग समाप्त हो जाएगा, कम से इतना तो होगा कि नकली प्रमुख लोग कुर्सी पर बैठकर ब्लॉक का संचालन नहीं कर पाएगें। कहती हैं, वैसे तो सभी आरक्षित वाले ब्लॉकों पर एक दो नकली लोगों का कब्जा होगा मगर कप्तानगंज में तो आधा दर्जन नकली प्रमुखों का ब्लॉक पर कब्जा है। कहती है, कि चुनाव के दौरान जिन न्याय पंचायत के ठेकेदारों ने अधिक बीडीसी दिया, उन्हीं-उन्हीं न्याय पंचायत के ठेकेदार ब्लॉक को चला रहे है। अगर इन बीडीसी की बातों पर यकीन करें तो वाकई कप्तानगंज ब्लॉक की स्थित दयनीय हैं, यहां पर तो वाकई सीसी टीवी कैमरा लगना चाहिए। वैसे सीसी टीवी लगाने की मांग अधिकारियों से भी की गई है।

# ताश के पत्ते की तरह फेटे गए कलेक्ट्रेट कर्मी

- **31 कर्मियों का हुआ तबादला, कइयों के पटल बदले गए**
- **अशोक मिश्र को मिला एलबीसी का प्रभार, भानपुर के एडब्लूबीएन विनोद श्रीवास्तव बने असलहा बाबू**
- **श्रवण कुमार तिवारी को मिला एआरआरके का प्रभार, नाजिर मो. मुजतबा को मिला आरए का अतिरिक्त प्रभार**

**बस्ती।** एडीएम अभय कुमार मिश्र ने बताया कि प्रषासनिक/कार्यहित में बड़े पैमाने पर कलेक्टेट कर्मियों के पटल बदले गए, कईयों के तो तहसील बदले गए। नाजिर मो. मुजतबा को आरए का अतिरिक्त प्रभार, पिंकी श्रीवास्तवा को ईआरके साथ प्रधान सहायक आबकारी, अषोक कुमार मिश्र को एलबीसी के पद पर भेजा गया। अमरजीत सिंह को सामान्य सहायक का अतिरिक्त प्रभार, श्रवण कुमार तिवारी को असलहा बाबू से एआरआरके, अमित कुमार को एसडीएम हर्रैया का पेषकार, हर्रैया के पेषकार रमाषंकर को नायब नाजिर तहसील सदर के रिक्त पद पर, उर्मिला तिवारी को एसीआरए, रमेष चंद्र श्रीवास्तव को वीडर राजस्व अभिलेखागार बस्ती, फैजान अहमद को वीडर राजस्व अभिलेखागार खलीलाबाद संबद्ध पेषकार एडीएम, छैल बिहारी ओझा को भानपुर से आरआरएम राजस्व अभिलेखागार, साजमा खातून को वीडर रुधौली से एईआरके, अषोक कुमार कन्नौजिया को भानपुर से एसीआरए संबद्व नक्षा टेसर, विनोद कुमार श्रीवास्तव भानपुर से असलहा बाबू द्वितीय के साथ वाद लिपिक का भी कार्य देंखेगे, कमलेष कुमार मिश्र को पेषकार एसडीएम सदर, सुरजीत कुमार को नायब नाजिर रुधौली से राजस्व लिपिक रुधौली, सुधीर कुमार श्रीवास्तव को राजस्व लिपिक रुधौली से नायब नाजिर रुधौली, सुनील कुमार षाह को अहलमद माल एसडीएम सदर, राजेष कुमार मौर्य को टंकक सीलिगं कार्यालय से अहलमद माल एसडीएम सदर, गौरव कुमार को प्रतिलिपिक राजस्व अभिलेखागार, अशोक कुमार चौधरी को टंकक सीलिगं कार्यालय संबद्व राजस्व अभिलेखागार, राममूर्ति सिंह को अहलमद फौजदारी अतिरिक्त अधिकारी संबद्व कैंप कार्यालय, महिला रमासागर को तहसीलदार न्यायिक अहलमद तहसीलदार न्यायिक बस्ती डिस्पैचर नजारत एवं कंहैया चौधरी को टंकक सयुक्त कार्यालय संयुक्त राजस्व अभिलेखागार पद पर भेजा गया।

इसी तरह शिवांश कुमार मिश्र को प्रधान प्रतिलिपि राजस्व अभिलेखागार, विष्णु कुषवाहा को प्रतिलिपिक राजस्व अभिलेखागार संबद्व कैंप कार्यालय, देवेंद्र कुमार को टंकक सीआरए कार्यालय संबद्व कैंप कार्यालय, मदन चंद्र मिश्र को वीडर राजस्व अभिलेखागार भानपुर संबद्व आयुक्त कार्यालय, आंनद कुमार श्रीवास्तव को प्रतिलिपिक राजस्व अभिलेखागार संबद्व सीलिगं कार्यालय, हरिषंकर राम को प्रतिलिपिक फौजदारी अभिलेखागार और रवि चौधरी को अहलमद फौजदारी संबद्व माल एसडीएम सदर से प्रतिलिपिक राजस्व अभिलेखागार के पद पर भेजा गया।

# अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने नारेबाजी कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा बिजली विभाग** द्वारा लगातार की जा रही अघोषित विजली कटौती व लो वोल्टेज से परेशान होकर ग्रामीणों ने विधुत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नारेबाजी कर विरोध जताया है। जिला पंचायत सदस्य हरीश गांधी की अगुवाई में ग्रामीणों ने जमुनहा बाजार व बीरगंज बाजार की सड़कों पर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमुनहा तहसील परिसर में पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम जमुनहा को सौंपा।

विकास खण्ड जमुनहा क्षेत्र के उल्लाहवा स्थित विद्युत उपकेंद्र से पूरे जमुनहा ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति की जाती है। विद्युत आपूर्ति करने वाली लाइन काफी पुरानी होने के कारण जर्जर हो गई है जिससे आए दिन लाइन में खराबी, ट्रांसफार्मर खराब होने तथा लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इस क्षेत्र में 18 घंटे के स्थान पर सिर्फ 5 से 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति होती है तथा आए दिन बिजली गुल रहती है या फिर लो वोल्टेज के चलते चलते लोगो को परेशान होना पड़ रहा हैं।

इस गम्भीर समस्या को देखते हुए बुधवार को जिला पंचायत सदस्य हरीश गांधी की अगुवाई में क्षेत्रिय ग्रामीण विद्युत विभाग के खिलाफ खड़े हो गए और जमुनहा बाजार तथा बीरगंज बाजार की सड़कों पर बिजली विभाग के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमुनहा तहसील परिसर में पहुंचे।

जहाँ उपजिलाधिकारी जमुनहा से मिलकर जिलाधिकारी को संबोधित 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में जमुनहा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति उल्लाहवा के बजाय भिनगा से किए जाने की मांग किया एभगवानपुर लाहौर कला में बन चुके विद्युत उपकेंद्र चालू करने तथा जर्जर हो चुकी लाइन व नए ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हरीश जायसवाल गाँधी, वीरेंद्र गुप्ता, जीसान अहमद, अफरीदी इदरीशी, सोनू इदरीशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सभी तनावों से बचाती है भगवत गीताः अनंत बल्देव

**चित्रकूट।** (इस्कान) अन्तर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ के देश-विदेश में एक हजार से ज्यादा मन्दिर हैं। पूरे विश्व में इस्कान ने पिछले वर्ष चित्रकूट में अपनी शाखा खोली है। इस्कान हर सप्ताह रविवार को हरिनाम संकीर्तन, प्रसाद वितरण, योग, भागवत गीता की शिक्षाओं के प्रवचन देता है। बुधवार को इस्कान के चित्रकूट शाखा के प्रमुख अनंत बल्देव अरविदं दास ने बताया कि युवा विभिन्न समस्याओं से ग्रसित है। नशा, तनाव, मन की अस्थरिता आदि से कैसे मुक्त हुआ जाये, इस पर भी शिक्षा दी जाती है। समाज में शान्ति की सद्भावना कैसे पेश की जाये और अपना सम्पूर्ण जीवन बिना किसी तनाव के शान्ति से कैसे बितायें, इस्कान ऐसी शिक्षाओं को लेकर लोगों को आकर्षित करता है। समाज के लिए बडा योगदान देता है। उन्होंने बताया कि इस्कान 19-20 अगस्त को जनमाष्टमी भव्य ढंग से मनायेगा। 20 अगस्त को इस्कान के संस्थापकाचार्य स्वामी श्रीलप्रभुपाद जी का जन्मदिन मनाया जायेगा। सभी लोग इस्कान चितरा मोड नई सब्जीमंडी के पास कार्यक्रम में सहभागिता निभायें। इस मौके पर इस्कान के सभी कार्यकर्ताओं के साथ इस्कान से जुडे शहर के प्रतिष्ठित डॉ विभांशु गुप्ता भी मौजूद रहे।

# बीस धरोहरों को दिया गया राजकीय संरक्षण

● बुन्देलखंड में झांसी की दस,ललितपुर की पांच हमीरपुर के दो स्मारकों को भी किया गया शामिल

विनोद शुक्ला। हमीरपुर





**बुन्देलखंड** में पुरातत्व विभाग ने बीस स्मारकों को राजकीय संरक्षण के लिये क्लीन चिट दे दी है। इन सभी धरोहरों को विकसित कर पर्यटन के रुप में विकसित किया जायेगा।

पुरातत्व विभाग के चित्रकूट व झांसी मंडल के मंडलीय अधिकारी डा. एसके दुवे ने आज बताया कि बुन्देलखंड की सैकड़ो साल पुरानी धरोहरो को संजोये रखने के लिये शासन ने हरी झंडी दे दी है। इन धरोहरो को विभाग की टीम ने गावों में भ्रमण कर खोजबीन की थी जिसमे झांसी जिले के रामपुरा गांव के रामजानकी मंदिर,डिमरौनी गांव का डिमरौनी की गढ़िया,दीन गांव का दीन का प्राचीन मंदिर,खैलार गांव का खैलार की बावली,पचार गांव का चंदेली मंदिर,रौनी गांव का केदारेश्वर मंदिर,सिजारीखुर्द गांव का शिवमंदिर,बकारा गांव का विष्णुप्रतिमा,मोठ का गुलाईयों का किला,सट्टा गांव का रामजानकी मंदिर आदि दस स्मारकों को राजकीय सरंक्षण के अंतर्गत लिया गया है। इसी प्रकार ललितपुर जिले के देवगढ़ का प्राचीन दुर्ग का परकोटा,मड़ावरा गांव का मड़ावरा का किला,सिरसी गांव की सिरसी की गढ़ी,बानपुर गांव का बानपुर का किला,नवागढ़ गांव का चित्रित भिलाश्य को राजकीय सरंक्षण में शामिल किया गया है। इसी प्रकार हमीरपुर जिले के नादगांव का चंदेलकालीन मंदिर,हमीरपुर शहर का विट्रिश सेमेट्री को शामिल किया गया है। महोवा जनपद का कुलपहाड़ कस्वे का सेनापत महल व जालौन जनपद के कालपी कस्वे के बीरबल की रंगशाला,व नदीगांव का नदीगांव का किला को राजकीय सरंक्षण दिया गया है। इस प्रकार बुन्देलखंड की बीस स्मारको को पूरी तरह संरक्षित कर इसमे बाउन्ड्रीवाल व इनकी मरम्मत रंगाई पुताई करायी जायेगी ताकि लोगो को यह धरोहरे एक यादगार बन सके। मंडलीय अधिकारी ने बताया कि इन धरोहरो को बड़ी मेहनत कर इनकी खोजवीन की गयी है। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति ने अनुमित प्रदान कर दी गयी है। शासन ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अवगत करा सकता है। इसके बाद इनके रखरखाव के लिये शासन से बजट की मांग की जायेगी इसके पहले हमीरपुर जिले में करियारी समेत दो स्मारकों को संरक्षित किया जा चुका है। पुरातत्व विभाग का कहना है कि इसके बाद अन्य स्मारकों की खोजबीन की जायेगी।

# जान जोखिम में डालकर बाढ़ के बीच से होकर निकल रहे हैं बच्चे

संवाददाता। कुरारा (हमीरपुर)



**विकास** खंड क्षेत्र के पारा से कंडोर सम्पर्क मार्ग में बेतवा नदी के बाढ़ का पानी रपटा में भर जाने से आवागमन बाधित हो गया है। फिर भी लोग पानी से होकर रपटा से निकल रहे हैं। जिसमे बच्चों को खतरा बना हुआ है।

क्षेत्र के पारा गांव से कंडोर जाने वाले पक्के सम्पर्क मार्ग में नाले पर रपटा बना हुआ है। इस रपटा से कंडोर गांव के ग्रामीण पारा व कुरारा आते जाते हैं । तथा कंडोर गांव के छात्र छात्रएं पारा गांव स्थित इंटर कॉलेज में प्रतिदिन पढ़ने जाते हैं। मंदिर के महंत सत्यम भारती, समाजसेवी मोहन भदौरिया,कंडोर गांव के सन्तोष , संजय, आलोक , कपिल आदि ने बताया कि रपटा के ऊपर से नदी का पानी बह रहा है। जिससे आवा गमन बंद हो गया है। बाढ़ के पानी से किसानो की खरीफ की फसलो का नुकसान हुआ है। गांवनिवासी किसान देवीचरन, शिवराज सिंह भदौरिया,संजय गुप्ता, गुमान सिंह, मानसिंह , प्रदीप श्रीवास्तव, भारत यादव , राजेन्द्रपाल , राधे यादव, आदि ने बताया कि मगरेडी हार में बेतवा नदी के बाढ़ का पानी अचानक भर जाने से सैकड़ों एकड़ खरीफकी फसल ज्वार, अरहर, तिल की फसल में पानी भर जाने से फसल का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार नदी में पानी बढ़ रहा है। वही अभी भी ग्रामीण जोखिम लेकर पानी से रपटा को पार कर रहे हैं। अभी थाना पुलिस मौके पर नही पहुंची है।

# कालाबाजारी रोकने को 32 कीटनाशक की दुकानों पर हुई छापेमारी, मचा हड़कंप



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने शासन के निर्देश पर खरीफ सीजन में किसानों को उचित मूल्य पर कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को जिला स्तरीय गठित टीम ने चारों तहसीलों में छापेमारी की। टीम ने कीटनाशी विक्रेताओं की दुकानों व गोदामों का निरीक्षण कर स्टाक का सत्यापन कर नमूने भरे। बुधवार को जिला स्तरीय गठित टीम ने कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने को 32 कीटनाशी दुकानों में छापेमारी की। एक विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी कर दस नमूने लिए। परीक्षण को प्रयोगशाला भेजा जायेगा। नतीजे मिलते ही कीटनाशी अधिनियम 1968 के तहत कार्यवाही की जायेगी। विविध कृषि रक्षा रसायनों को किसान खरीद रहे हैं। किसानों को निर्धारित मूल्य पर कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने को ये कार्यवाही की जा रही है। छापेमारी टीम ने जिन दुकानों में कमी मिली है, उन्हें अभिलेख दुरुस्त करने की हिदायत दी है। वितरण संबंधी अनियमितता मिलने पर एक कीटनाशी विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विक्रय किये रसायनों के कैस मेमो देने के निर्देश दिये गये हैं।

## सिलौली में बच्चो को किया गया पुरस्कार वितरण

**मौदहा (हमीरपुर)** उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली में आज हर घर तिरंगा के कार्यक्रम के तहत समापन अवसर पर बच्चो को पुरुस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिताओं में-रंगोली प्रतियोगिता, राखी प्रतियोगिता, झंडा बनाओ प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं विभिन्न गतिविधियों में प्रथम,दितीय, एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को विद्यालय स्टाफ की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।बच्चों की प्रातिभाओं में निखार लाने का कार्य सभी के द्वारा किया जाता है जिससे बच्चे सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और पुरस्कार देने से बच्चों में एक प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और वह किसी भी आने वाली एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं । अंत में प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ में हरीशंकर, विनोद कुमार, राजकुमार गुप्ता, गीता देवी, रचना एवं प्रियंका शिवहरे उपस्थित रहीं।

# अमृत सरोवरों पर किया गया शहीदों के परिजनों का सम्मान

संवाददाता। बांदा




**आजादी** के अमृत महोत्सव अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद बांदा में निर्मित 100 अमृत सरोवर पर शहीदोंए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित करते हुये राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया। इसी क्रम में विकास खण्ड बड़ोखरखुर्द की मटौंधध्इंटवा ग्राम पंचायत की 123 बीघा ;21ण्458 हे0द्ध मरौली झील को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया गया हैए जिस पर 15 अगस्तए 2022 को उ0प्र0 सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद के द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्षए संजय सिंहए जिलाधिकारीए अनुराग पटेलए मुख्य विकास अधिकारीए वेद प्रकाश मौर्यए प्रभागीय वनाधिकारीए संजय अग्रवालए उपायुक्त श्रम रोजगारए राघवेन्द्र तिवारीए ब्लाक प्रमुखए श्री स्वर्ण सिंह एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारियों के अतिरिक्त दोनों ग्रामों के प्रधान एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा उक्त कार्य के विषय में अवगत कराते हुये बताया गया कि 123 बीघे के इस तालाब को झील के रूप में विकसित करने का संकल्प 22 अप्रैल 2022 ;विश्व पर्यावरण दिवसद्ध को लिया गया थाए कार्य की महत्ता एवं समय से पूर्ण करने के दृष्टिगत खनन कार्य में जो पट्टा धारक हैं उनसे नि:शुल्क सहायता लेकर पोकलैण्ड मशीनों से कार्य कराया गया एवं मनरेगा के अन्तर्गत भी श्रमिकों से कार्य कराया गया है। इस कार्य की महत्ता को रेखांकित करते हुये अवगत कराया गया कि इस झील में जल संचयन से क्षेत्र के लगभग 1000 कृषकों को लाभ पहुंचने की सम्भावना है। वृहद वृक्षारोपण के अन्तर्गत 16000 पौधों को रोपित किया गया है जिसमें फलदार वृक्षों की श्रंखला बनायी गयी है जिसमें आंवलाए जामुनए बेल के पौध तैयार किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में इस कार्य के लिये जिलाधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई देते हुये यह आशा व्यक्त की यह कार्य न केवल जनपद बांदा वरन् प्रदेश में भी एक माडल के रूप में जाना जायेगा तथा यह झील एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगी। इस अवसर पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियोंध्सेनाए अर्द्ध सैनिक बलों के शहीदों के परिजनों को मंत्री जी द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मटौंध ग्रामीण के निवासी शहीद स्व0 अजीत कुमार की पत्नी श्रीमती रानी को शाल देकर मंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया। मा0 मंत्री जी की अगुवाई में शहीदों के परिजनों द्वारा ष्एक पेड़ शहीदों के नामष् कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया। मा0 मंत्री जी ने अमृत सरोवर के सुन्दरीकरण के लिये अपने स्वयं के संसाधन से 1 लाख रू0 मरौली झील विकास कोष में देने की तथा विधायक निधि से दस लाख रू0 देने की घोषणा कीए जिसका उपस्थित जन समुदाय ने करतल ध्वनी से स्वागत किया। अन्त में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा मा0 मंत्री एवं अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## मां के हाथों छूटा बालक तालाब में डूबा, मृत्यु

**चित्रकूट।** शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के चकलागुरुबाबा गांव में पांच वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। बुधवार को हुई घटना के बारे में पांच वर्षीय बालक के पिता चन्द्रपाल वर्मा ने बताया कि बालक घर के दरवाजे के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते अपने बडे भाई विजय के साथ तालाब में नहाने चला गया। घर के पास बने अमृत सरोवर पर फिसलने लगा। उसे फिसलते देखकर बडे भाई विजय ने पकडा तो वह भी तालाब की ओर जाने लगा। ये देख उसकी मां उर्मिला ने बडे लडने का हाथ पकडा तो छोटा लडका तालाब में डूब गया। तालाब में गिरते समय गांव के कुछ चरवाहों ने देखा तो आवाज लगाई परिजनों ने तालाब में कूदकर डूबे बालक को बाहर निकाला। जिला अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता मजदूरी कर घर का भरण-पोषण करता है।

## निवेश की घोषणा

**लखनऊ।** भारतीय बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए डायकिन इंडिया ने नीमरामा राजस्थान स्थित अपने तीसरे अनुसंधान एवं विकास केंद्र के लिए योजनाओं की घोषणा की है डायकिन इंडिया अगले तीन सालों में इस आरएंडडी सेंटर में 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा इस नए अनुसंधान एवं विकास केंद्र में 22 नई परीक्षण सुविधाएंध्प्रयोगशालाएं होंगी जिसका उद्देश्य विदेशी बाजार से निर्यात मांगों पर हावी होने के लिए डायकिन की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित यह डायकिन का तीसरा विकास केंद्र है जो क्रमश: हैदराबाद और नीमराना में स्थित दो अन्य के साथ है। इस अवसर पर श्री श्रीनिवास रेड्डी उपाध्यक्ष आर एंड डी डायकिन इंडिया ने कहा कि डायकिन में हम निरंतर नवाचार में विश्वास करते हैं और यह आर एंड डी केंद्र हमें तकनीकी रूप से उन्नत और टिकाऊ उत्पादों की अवधारणा में चैनलाइज्ड प्रयास करने में मदद करेगा।

# किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निदान: डीएम

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने किसान भाइयों से कहा कि कोरोना काल के काफी समय बाद आज किसान दिवस का आयोजन किया गया है। शासन प्रशासन किसानों की समस्याएं लगातार सुनकर निस्तारित करता रहा है। आज इस बैठक में जो भी समस्याएं प्राप्त हुई है उनका संबंधित विभागों से निस्तारण कराया जाएगा।

उन्होंने उपनिदेशक कृषि राजकुमार को निर्देश दिए कि जिस विभाग की समस्याएं किसान यूनियन द्वारा दी गई हैं उन सभी संबंधित विभागों को पत्र भेजकर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने सभी किसान भाइयों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं हमेशा समस्याओं का निस्तारण कराऊंगा तथा प्रत्येक माह बैठक भी आयोजित कराई जाएगी बीच में अगर कोई समस्या किसानों की हो तो तत्काल मेरे संज्ञान में लाएं तत्काल निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने अन्ना प्रथा की समस्या पर कहा कि खंड विकास अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिए जा चुके हैं वह अन्ना गोवंश संरक्षित करा रहे हैं आप लोग भी इसमें सहयोग करें बिना सहभागिता के कोई भी कार्य संभव नहीं है। किसान यूनियन के पदाधिकारियों से कहा कि जो किसान भाई अपने गोवंश छोड़ते हैं उन्हें जागरूक किया जाए कि वह अपने जानवर ना छोड़े। कई साधन सहकारी समितियों में उर्वरक उपलब्ध न होने पर जिलाधिकारी ने सहायक निबंधक सहकारी समितियों को निर्देश दिए तत्काल उर्वरक की व्यवस्था कराएं किसानों को खाद की कमी नहीं होना चाहिए। विद्युत विभाग के बिलों में अनियमितता की समस्या पर अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा को निर्देश दिए कि जिन गांव में किसानों के विद्युत बिल की समस्या है वहां पर कैंप लगाकर निस्तारण कराएं। उप निदेशक कृषि से कहा कि कीटनाशक दवा विक्रेता तथा नकली खाद जो बिक्री कर रहे हैं उनका अभियान चलाकर निरीक्षण कराएं अगर कोई ऐसे करता हुआ पाया जाए तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल ने कहा कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को बैठक कराएं ताकि किसानों को समस्याओं का हल हो सके।

# महिला के साथ गैंगरेप, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव में दबंगो ने महिला के साथ गैंगरेप किया,पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्रामीण क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति बाहर रह नौकरी करता है जिसके कारण वह व उसकी सास घर में रहते हैं। बीते 11 अगस्त की रात वह जब अपने घर में सो रही थी तभी पांच अज्ञात लोग उसके घर में घुस गए और महिला को उठाकर दूसरे कमरे में ले गए जहां उन्होंने महिला के कपड़े उतारने शुरू किए तो महिला द्वारा इसका विरोध करने पर आरोपियों ने उस तमंचा निकाल उसे धमकाते हुए बारी बारी सभी ने उसके साथ बलात्कार किया और घटना के बाद आरोपी गण उसे इस घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। घटना के चार दिन बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए घटना में शामिल लोगों की तलाश में जुट गई है।

## आत्महत्या का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर )** कोतवाली क्षेत्र के मौदहा कस्बा निवासी युवक ने दोपहर अपने घर में चाकू से गला काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मी कुसमा देवी के पुत्र मनोज पुत्र राम अवतार निवासी मराठी पुरा आज अपने आवास में चाकू लेकर गला काट लिया, परिजनों ने खून से लथपथ हालत में उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया नाजुक स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मनोज की मां कुसमा देवी ने बताया लड़के की शादी तीन वर्ष पूर्व मस्करा क्षेत्र में की थी पत्नी से असंतुष्ट रहने के कारण आत्मघाती कदम उठाया मनोज एमएससी कर कंपटीशन की तैयारी करता है।

## शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा( हमीरपुर )** स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में दो शिक्षकों के मध्य हुए विवाद में एक शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। कस्बा निवासी शिक्षक ब्रजेश कुमार यादव कस्बे के राजकीय इंटर कॉलेज में अध्यापक है। उसने पुलिस को बताया कि कल विद्यालय में शिक्षण कार्य करते समय सहायक अध्यापक कालपी जनपद जालौन निवासी शैलेन्द्र सिंह ने गाली गलौज किया मना करने पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे मेरे चेहरे में चोट आई है। इस घटना को मौके पर मौजूद शिक्षको व छात्रों ने देखा है। वही पुलिस ने घायल शिक्षक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया है।

# विकास कार्यो में गुणवत्ता की अनदेखी बर्दाश्त नहीं:डीएम

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में नगर पालिका/नगर पंचायतों एवं डूडा विभाग के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारीयों को निर्देश दिए कि राज्य वित्त एवं 15वां वित्त के जो कार्य स्वीकृत हुए हैं और टेंडर हो गए हैं उसमें तेजी से कार्य को कराएं। जिन ठेकेदारों के बांण्ड का समय पूरे हो रहे हो उन्हें नोटिस देकर काम पूरा करें जिन कार्यों में विवाद है उनका निस्तारण कराएं।इसके अलावा जिन कार्यों को शुरू नहीं कराया उन्हें तत्काल शुरू कराएं, अपर जिलाधिकारी से कहा कि नगर पंचायतों के जो निर्माण कार्य चल रहे हैं और वित्तीय स्थिति को देखते हुए भुगतान नहीं हुए हैं तो उसका परीक्षण कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। अधिशासी अधिकारी मऊ से कहा कि वहां पर नए प्रस्ताव तैयार कराकर कार्यों के निर्माण शुरू करें। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का यूजर चार्ज कमर्शियल प्रतिष्ठानों से अवश्य लिया जाएं। अपर जिलाधिकारी से कहा कि कूडा स्टोर ग्रह मऊ , राजापुर में उप जिलाधिकारियों के माध्यम से जमीन चिन्हित कराकर व्यवस्था कराएं। अधिशासी अधिकारी मानिकपुर से कहा कि ऐलहा बढैया में जो जगह आपको चिन्हित की गई है उसमें तत्काल कार्य शुरू कराए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से कहा कि आपका जो कार्य कूडा स्टोर का चल रहा है वहां पर कूड़ा डालने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों से प्रकाश व्यवस्था, मैन पावर, साफ सफाई, डोर स्टेप डिलीवरी, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा स्टोर ग्रह, सीवर सेक्शन मशीन, ट्रैक्टर, कूड़ा गाड़ी, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, विद्यालयों के कायाकल्प, नालों की टैपिंग, विस्तारित क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था, नवीन ट्यूबवेल व्यवस्था, फागिंग मशीन, कूड़ा प्रबंधन, हैंडपंप मरम्मत, इंटेक बेल की स्थापना, गौशाला का संचालन, गौशालाओं के निर्माण आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों की स्वीकृति हो गई है और टेंडर नहीं हुए उन कार्यों का टेंडर कराकर तत्काल कार्य शुरू कराए सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड कमल किशोर को निर्देश दिए कि नगर पालिका एवं नगर पंचायतों द्वारा जो भी कार्य कराए जा रहे हैं तो उन कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करके गुणवत्ता की जांच कर अवगत कराएं। डूडा विभाग की समीक्षा करते हुए अपर उपजिलाधिकारी से कहा कि डूडा के कार्यों के प्रस्ताव विधायकों से संपर्क कर तैयार कराएं अगर उनके द्वारा नहीं दिया जा रहा है तो नगरपालिका व मऊ के विस्तारित क्षेत्र के मलिन बस्तियों की गलियों का प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास शहरी में विस्तारित क्षेत्र में जो आवेदन पत्र भरवाए वह सही रहे किसी भी अपात्र को आवास न दिया जाए इसका विशेष ध्यान दें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति की पहल

**कानपुर।** रिपॉस को भारत में जन.जन तक विभिन्न तरह की ऊर्जा पहुंचाने के मामले में एक अग्रणी कंपनी के तौर पर देखा जाता है। कंपनी के 2000 से अधिक साझेदार हैं और कंपनी देश के 220 से भी अधिक शहरों में कार्यरत है। फिनटेक के तहत रिपॉस ने रिपॉस पे को लॉन्च कर दिया है जो एक अनूठा एनर्जी क्रेडिट फिनटेक प्लेटफॉर्म है। इससे ऊर्जा के वितरण के क्षेत्र में एक क्रांति आ जाएगी । रिपॉस ने अपने नवीनतम टेक्नोलॉजी टूल डेटम को हाल ही में कानपुर में लॉन्च किया। इस सिटी लॉन्च के मौके पर ट्रांसपोर्टरए और बैंकर भी मौजूद थे।रिपॉस पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल ऊर्जा की वितरण प्रणाली के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है जो इस लॉन्च से पूरी तरह से स्पष्ट हो जाता है। रिपॉस आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से सभी तरह की ऊर्जा को एंड कंज्यूमर के दरवाज़े तक पहुंचाने संबंधी ठोस व्यवस्था कर राष्ट्रीय निर्माण में अपना योगदान देने के लिए तैयार है।

# डीएम के गोद लिए हुए स्कूलों में लगा कैम्प

संवाददाता। बांदा

**जिलाधिकारी** बांदा श्अनुराग पटेल द्वारा अपने गोद लिये विद्यालय क्रमश: प्राथमिक विद्यालय डिंगवाही एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट कतरावल में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयए पतौरा ;आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरद्ध के सौजन्य से प्राथमिक विद्यालय डिंगवाही में 225 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट कतरावल में 200 इस प्रकार कुल 425 बच्चों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक कैम्प लगाकर च्यवनप्राश एवं अश्वगंधा चूर्ण का वितरण किया गया तथा बच्चों को स्वर्णप्राशन ड्रॉप पिलाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि च्यवनप्राश एवं अश्वगंधा चूर्ण का सेवन प्रतिदिन करें जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और रोगों से बचाव करती है।कार्यक्रम में उपस्थित डा0 राजेश राजपूतए प्रभारी चिकित्साधिकारीए राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयए पतौरा द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा अश्वगंधा एवं च्यवनप्राश के लाभ बताये। उन्होंने बताया कि अश्वगंधा के सेवन से बच्चों की हड्डियां एवं मांसपेशियां मजबूत होती है और बच्चों का मानसिक शक्ति का भी विकास होता है। जिन बच्चों को बार.बार खांसी जुकामए बुखार होता है एवं बार.बार दस्त लगते हैए भूख नहीं लगती हैए खून की कमीए चिड़.चिड़ापन होनाए पेट में कीडे होते है उनके लिये च्यवनप्राश बहुत ही लाभप्रद है। इसी प्रकार स्वर्णप्राशन से बच्चों की मेधा शक्ति बढ़ती है एवं बच्चों आयुष्य होते है तथा उनका शारीरिक व मानसिक विकास अच्छा होता है। उन्होंने बताया कि यह सभी औषधियां बच्चों को कुपोषण से बचाती है एवं सुपोषित करती है।